3 राजधानी
धर्म रक्षा संघ के सभी पदाधिकारी भाजपा में

6 अभिमत
ई-कामर्स से प्रभावित दूकानदार

11 विदेश
यूक्रेन में रूस का हमला 50 की मौत, 200 घायल

12 स्पोर्ट्स
अजय रात्रा बीसीसीआई के चयनकर्ता नियुक्त

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 309
लखनऊ, बुधवार, 4 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर



शिक्षा प्रणाली में शोध को बढ़ावा दिया जाना चाहिए
राष्ट्रीय-९

www.dailypioneer.com

## ब्रूनेई में प्रधानमंत्री का शाही स्वागत



ब्रूनेई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समारोहपूर्वक स्वागत किया गया।

# पश्चिम बंगाल सरकार ने बलात्कार विरोधी अपराजिता बिल पास किया

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**इस महीने** की शुरुआत में ड्यूटी के दौरान बलात्कार और हत्या की शिकार हुई कोलकाता की महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग को लेकर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन तेजी से 'बलात्कारी और भ्रष्टाचारियों को पनाह देने वाली व्यवस्था को बदलने' के लिए एक आंदोलन में बदल गया है। वहीं बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने मंगलवार को कहा सर्वसम्मति से बलात्कार विरोधी 'अपराजिता' विधेयक पारित किया गया, जो ऐसे अपराधों से निपटने वाले केंद्रीय कानूनों में संशोधन लाने वाला पहला राज्य बन गया। विपक्षी दलों ने इसे राज्यव्यापी अशांति को रोकने और उद्वेलित भावना को शांत करने के लिए एक ध्यान भटकाने वाली रणनीति बताया।

विपक्षी बेंच की कड़ी टिप्पणियों के बावजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी से विधेयक पर राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्ताक्षर कराने को कहा। विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने या उसके स्थाई रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अतिरिक्त, मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी



कोलकाता में राज्य विधानसभा सत्र के दौरान बोलती पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए। अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024 शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नए प्रावधानों के जरिए महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है।

यह विधेयक ऐसे समय में पारित किया गया जब कोलकाता के चिकित्सा कर्मचारियों सहित नागरिकों ने दक्षिण कोलकाता में पाटुली से उत्तर में उल्टाडांगा तक 17 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई। विधेयक उस समय पारित किया गया जब जूनियर डॉक्टरों और नागरिक समाज के सदस्यों की एक अलग टुकड़ी ने संयुक्त रूप से लाल बाजार पुलिस मुख्यालय के सामने निष्पक्ष तरीके से कार्य करने में विफल रहने के लिए पुलिस आयुक्त विनीत गोयल के इस्तीफे की मांग करते हुए आंदोलन किया। यह कहते हुए कि बलात्कार मानव समाज के लिए अभिशाप है और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक सुधारों की आवश्यकता है, मुख्यमंत्री ने कहा कि विधेयक केंद्रीय कानून में खामियों को दूर करने का प्रयास करता है। उन्होंने विपक्षी भाजपा से 'मुद्दे का राजनीतिकरण करने के बजाय' राज्यपाल की सहमति लेने की भी अपील की, यहां तक कि विपक्ष के नेता ने एक ऐसी प्रणाली का समर्थन करने के लिए सरकार पर हमला किया जहां बलात्कार और हत्याएं आम बात हो गई हैं।

सुवेंदु अधिकारी ने कहा, यह आपकी सरकार और पुलिस है जिसने कुख्यात कामदुनी बलात्कार मामले की इस तरह से जांच की थी कि एक को छोड़कर सभी आरोपी बरी हो गए और यहां तक कि जिसे मौत की सजा नहीं मिली थी, उसकी मौत की सजा को घटाकर उम्रकैद कर दिया गया। ऐसे मामलों में सरकार की उदासीनता क्या है... कामदुनी बलात्कार मामले में सरकार ने 16 लोक अभियोजकों को बदल दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बलात्कारी जो टीएमसी के सदस्य थे, बरी हो जाएं। कामदुनी बलात्कार मामला कोलकाता के उत्तरी इलाके में हुआ था जहां कॉलेज से घर लौट रही एक लड़की का अपहरण कर लिया गया था और कथित सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ लोगों ने उसके साथ नृशंस तरीके सामूहिक बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि नए विधेयक में ऐसा कुछ भी नहीं है जो भारतीय न्याय संहिता में नहीं है, अपराजिता विधेयक आरजी कर मामले से लोगों का ध्यान हटाने का एक प्रयास है। हालांकि मुख्यमंत्री ने पलटवार करते हुए दिखाया कि कैसे यूपी, गुजरात जैसे भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं, ( शेष पृष्ठ 9 )



## भारत की हवाई सुरक्षा को मिलेगी और मजबूती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सशस्त्र बलों** के आधुनिकीकरण अभियान और परिचालन तत्परता को बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को 1,45 लाख करोड़ रुपये के दस प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी गई। इनमें फ्यूचर रेडी कॉम्बैट व्हीकल, एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार, डोर्नियर-228 विमान, नेक्स्ट जेनरेशन फास्ट पेट्रोल और ऑफशोर पेट्रोल वेसल्स शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा, इसके अलावा, प्रस्तावों की कुल लागत का 99 फीसदी हिस्सा खरीदें (भारतीय) और खरीदें (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणियों के तहत स्वदेशी स्रोतों से है। अधिकारियों ने विवरण देते हुए कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 1,44,716 करोड़ रुपये की राशि के 10 पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। डीएसी सशस्त्र बलों के अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी देने वाली शीर्ष संस्था है। अंतिम मंजूरी कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) द्वारा दी जाती है। मंगलवार को मंजूर किए गए प्रस्तावों की बात करें तो भारतीय सेना के टैंक बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए फ्यूचर रेडी कॉम्बैट व्हीकल्स (एफआरसीवी) की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। एफआरसीवी बेहतर गतिशीलता, सभी इलाकों की क्षमता, बहुस्तरीय सुरक्षा, सटीक और घातक आग पर काबू पाने और वास्तविक समय स्थितिजन्य जागरूकता के साथ ( शेष पृष्ठ 9 )

## बस्तर में नौ नक्सली मुठभेड़ में हुए ढेर


**पीटीआई।** दंतेवाड़ा

**छत्तीसगढ़** के बस्तर क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया जिनमें छह महिला नक्सली भी शामिल हैं। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। पिछले साल सरकार बदलने के बाद नक्सलियों के खिलाफ अभियान में तेजी देखी जा रही है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सुंदरराज पी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर



जिले की सीमा पर जंगल में सुरक्षा बलों के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े दस बजे दल का नक्सलियों से सामना हुआ जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस अभियान में राज्य पुलिस के डिस्ट्रिक रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 111वीं और 230वीं बटालियन के जवानों को शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि अंतर-जिला सीमा की पहाड़ियों पर ( शेष पृष्ठ 9 )

# एटलस साइकिल के पूर्व प्रमुख ने आत्महत्या की



● पुलिस के अनुसार, सलिल कपूर ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से सिर में गोली मार ली

**पीटीआई।** नई दिल्ली

**एटलस** साइकिल्स के पूर्व अध्यक्ष सलिल कपूर ने मंगलवार को लुटियंस दिल्ली इलाके में अपने घर पर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कपूर के मैनेजर ने उनका शव अपराह्न करीब एक बजे डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम रोड स्थित उनके घर के पूजा कक्ष के पास खून से लथपथ पाया। पुलिस अधिकारी के अनुसार, कपूर ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से अपने सिर में गोली मार ली। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से बरामद एक नोट में एटलस साइकिल्स के पूर्व अध्यक्ष ने कथित तौर पर अपने ऊपर वित्तीय बोझ का उल्लेख किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कपूर की पत्नी और तीन बच्चे अलग रह रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कपूर के मैनेजर और उनका परिवार तीन मंजिला इमारत में उनके साथ रहता था। उन्होंने बताया कि कपूर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि फॉरेंसिक और अन्य टीम को मौके से साक्ष्य एकत्र करने के लिए बुलाया गया है। कपूर को 2015 में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने नौ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया था। उन पर धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे। सलिल कपूर की रिश्तेदार नताशा कपूर ने भी जनवरी 2020 में उसी घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। नताशा ने एक नोट में परिवार के सदस्यों से अपना खयाल रखने का आग्रह किया था, लेकिन उन्होंने यह कदम उठाने के पीछे का कारण नहीं बताया था।



## हत्या के आरोप में फरीदाबाद में पांच गोरक्षक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/फरीदाबाद

**हरियाणा के** फ़रीदाबाद में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक 19 वर्षीय लड़के का कथित तौर पर पांच गोरक्षकों के एक समूह ने कार से पीछा किया और उसे पशु तस्कर समझकर गोली मार दी। घटना 23 अगस्त को दिल्ली-आगरा राजमार्ग पर हुई। पीड़ित की पहचान आर्यन मिश्रा के रूप में हुई। निगरानी समूह के सदस्यों की पहचान अनिल कौशिक, वरुण, कृष्णा, आदेश और सौरभ के रूप में की गई है। 23 अगस्त की रात को गोरक्षक समूह के सदस्यों द्वारा एक डस्टर कार का लगभग 30 किलोमीटर तक पीछा किया गया, जिसमें लड़के, आर्यन मिश्रा और उसके दोस्त हर्षित और शैंकी के साथ-साथ वाहन के पीछे बैठी दो अन्य महिलाएं थीं। घटना दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरियाणा के गढ़पुरी के पास हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि 23 अगस्त की रात उन्हें सूचना मिली थी कि दो एसयूवी सवार कुछ संदिग्ध पशु तस्कर शहर में रेकी कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, उन्होंने पीड़ित और उसके दोस्तों शैंकी और हर्षित को मवेशी तस्कर समझ लिया और दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गढ़पुरी टोल के पास लगभग 30 किलोमीटर तक उनकी कार का पीछा किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने पीड़ित की कार को रोकने के लिए कहा, ( शेष पृष्ठ 9 )

# सशस्त्र बल राष्ट्र की सुरक्षा की मजबूत नींव : योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा है कि सशस्त्र बल केवल एक रक्षा ढांचा मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्र की सुरक्षा की एक मजबूत नींव भी है, इसे हमें याद रखना चाहिये। हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किए बगैर देश की सेवा में तत्पर रहते हैं। यही वजह है कि वह जन जनमानस के मन में राष्ट्र नायक के रूप में सम्मान प्राप्त करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसी सक्षम और समर्पित सेना है, जो हर स्थिति में देश की सुरक्षा करने में सक्षम है। भारत की सेना दुनिया की अद्वितीय सेना है, जिसने सदैव अपनी ताकत, अनुशासन और तकनीकी क्षमता का लोहा न केवल दुश्मनों को मनवाया है, बल्कि देश के अंदर भी सम और विषम दोनों परिस्थितियों में एक सकारात्मक भूमिका के साथ कार्य करते हुए अपना उत्कृष्टतम प्रदर्शन और सहयोग दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सशस्त्र सैन्य समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एकीकृत कमान, जिसमें थल, नभ और जल तीनों सेनाएं आपसी समन्वय से आसानी से कैसे दुश्मन को परास्त कर विजय प्राप्त करती हैं, उसकी एक झलक हम सबने यहां देखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के बहादुर सैनिकों की सजगता का ही परिणाम है कि आज विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत पूरी मजबूती के साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने और बड़े से बड़े षड्यंत्र को असफल करने में सक्षम हुआ है। हमारे बहादुर जवानों का शौर्य और पराक्रम 140 करोड़



लखनऊ में सशस्त्र सैन्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहभागिता की

भारतवासियों को आश्वस्त करता है। यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश वीरों की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए हर युद्ध में हमारे नौजवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अपने शौर्य और पराक्रम से देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार सेवारत, सेवानिवृत्ति सैनिकों और वीर नारियों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। देश की सीमाओं की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिवारजनों को राज्य सरकार 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि, सैनिक परिवार के एक सदस्य को उत्तर प्रदेश शासन की शासकीय सेवा में समायोजित करने और शहीद सैनिक की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए उनके स्मारक के साथ उनके नाम पर किसी संस्था का नामकरण करने का कार्य भी कर रही है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी के साथ आगे बढ़ा है। फरवरी 2018 में लखनऊ में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी। उसमें से एक उत्तर प्रदेश में 6 नोड पर स्थापित हो रहा है। प्रदेश सरकार ने इन 6 के 6 नोड पर रक्षा मंत्रालय के साथ बेहतरीन तालमेल स्थापित करते हुए कार्य को आगे बढ़ाया है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में राजधानी लखनऊ में डीआरडीओ ब्रह्मोस और झांसी नोड में भारत डायनामिक्स लिमिटेड द्वारा दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्थापित करने की कार्रवाई तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। ( शेष पृष्ठ 9 )

# आईसी-814 वेबसीरीज में अपहरणकर्ताओं के असली नाम जोड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार के** दबाव में नेटफ्लिक्स इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने वेब सीरीज आईसी 814, द कंधार हाईजैक में दिखाए गए इंडियन एयरलाइंस के विमान के अपहर्ताओं के वास्तविक और कोड नाम शामिल किए हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया की कंटेंट हेड मोनिका शेरगिल ने मंगलवार को सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू से मुलाकात की और भारत की भावनाओं के प्रति 'संवेदनशील' होने का आश्वासन दिया। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने वेब श्रृंखला में कुछ तत्वों के चित्रण पर सरकार की कड़ी अस्वीकृति व्यक्त करने के लिए नेटफ्लिक्स इंडिया की कंटेस्ट हेड मोनिका शेरगिल को बुलाया था। दर्शकों के एक वर्ग द्वारा आतंकवादियों के मानवीय प्रक्षेपण और उनके हिंदू कोड नामों के संदर्भ पर आपत्ति जताए जाने के बाद वेब श्रृंखला में विवाद पैदा हो गया था, उनका तर्क था कि अपहर्ताओं की वास्तविक पहचान को विकृत करना ऐतिहासिक घटनाओं की गलत प्रस्तुति है।

जाजू से मुलाकात के बाद नेटफ्लिक्स इंडिया में कंटेंट के उपाध्यक्ष शेरगिल ने एक बयान में कहा, 1999 में इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 814 के अपहरण से अपरिचित दर्शकों के लाभ के लिए, शुरुआती अस्वीकरण को अपहर्ताओं के वास्तविक और कोड नामों को शामिल



करने के लिए अपडेट किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रृंखला में कोड नाम वास्तविक घटना के दौरान इस्तेमाल किए गए कोड को दर्शाते हैं। अपहर्ताओं के असली नाम इब्राहिम अतहर, शाहिद अख्तर सैयद, सनी, अहमद काजी, जहूर मिस्त्री और शाकिर थे। हालाँकि, श्रृंखला में आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए गए कोड नामों - भोला, शंकर, डॉक्टर, बर्गर और चीफ का उल्लेख किया गया है। शेरगिल ने कहा, भारत में कहानी कहने की एक समृद्ध संस्कृति है और हम इन कहानियों और उनके प्रामाणिक प्रतिनिधित्व को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बयान में कहा, श्रृंखला में कोड नाम वास्तविक घटना के दौरान इस्तेमाल किए गए कोड को दर्शाते हैं। भारत में कहानी कहने की एक समृद्ध संस्कृति है - और हम इन कहानियों और उनके प्रामाणिक प्रतिनिधित्व को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यहां जाजू के कार्यालय में बैठक लगभग 40 मिनट तक चली, जिसके दौरान ओटीटी प्लेटफॉर्म के अधिकारी को समाज के एक बड़े वर्ग द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं और ऐसे विषयों को संभालने के दौरान संवेदनशील होने की आवश्यकता से अवगत कराया गया। ( शेष पृष्ठ 9 )

# कोस्ट गार्ड का हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार, तीन क्रू मेंबर लापता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बचाव अभियान** पर गए भारतीय तटरक्षक बल के एक हेलीकॉप्टर को सोमवार को पोरबंदर के पास जबरन समुद्र में उतरना पड़ा, जिसके बाद से इसके चालक दल के तीन सदस्य लापता है। यह जानकारी तटरक्षक बल ने मंगलवार को दी। उनका पता लगाने के लिए बचाव अभियान जारी है। विवरण देते हुए, अधिकारियों ने कहा कि यह घटना सोमवार रात को हुई जब तटरक्षक बल ने पोरबंदर के करीब एक टैंकर पर सवार एक घायल चालक दल के सदस्य को निकालने के लिए रात



11 बजे के आसपास एक अभियान शुरू किया। इसमें कहा गया है कि आईसीजी के उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) पर सवार चालक दल के चार सदस्यों में से एक को बचा लिया गया, जबकि तीन अन्य के लिए तलाशी अभियान जारी है। लापता चालक दल के सदस्यों की खोज और बचाव के लिए बल ने चार जहाजों और दो विमानों को तैनात किया है। तटरक्षक बल ने कहा कि विमान का मलबा मिल गया है। यह घटना तब हुई जब हेलीकॉप्टर निकासी के लिए जहाज के पास आ रहा था।

# भाजपा से जुड़ना चाहता है भारत की माटी से प्यार करने वाला हर व्यक्तिः मुख्यमंत्री

● मुख्यमंत्री ने टोल फ्री नंबर डायल कर ग्रहण की भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान 2024 के तहत सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सीएम योगी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनसे इस कार्यक्रम के साथ जुड़कर सबसे अधिक साधारण और सक्रिय सदस्य बनाने के टारगेट को पूरा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों के मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक, भारत की माटी से प्यार करने वाला हर व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहता है। जब हम लोग उस तक पहुंचते नहीं हैं तो उसको पीड़ा होती है। तब वह उन संकीर्णताओं के दायरे में आता है, जो जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर भारत के सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करने और भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने के लिए फैलाई जाती हैं। इन स्थितियों में हमें हर उस व्यक्ति तक पहुंचना है जो हमारी प्रतीक्षा कर रहा है। हमारा लक्ष्य एक ही होना चाहिए कि 'राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहां बिश्राम...।' इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सदस्यता अभियान के तहत टोल फ्री नंबर डायल कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सीएम योगी ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भारत के अंदर केवल भारतीय जनता पार्टी ही है जो कैडर आधारित पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी भारत की माटी से जुड़कर, भारत के महापुरुषों से लेकर भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करते हुए राजनीतिक क्षेत्र में राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ कार्य करने वाली पार्टी है। इसलिए यह पार्टी न केवल वर्तमान में पूरे देश में अपना सर्वव्यापी स्वरूप बनाने में सफल हुई है, बल्कि सर्वस्पर्शी भी बनी है और समाज के हर एक तबके को अपने साथ जोड़ने में पार्टी ने अपनी इस यात्रा में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने पद को इसलिए छोड़ दिया, क्योंकि तत्कालीन सरकार स्वयं ही देश की संप्रुभता के लिए खतरा बन रही थी। कश्मीर के मुद्दे को लेकर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान इसका उदाहरण है। देश सर्वोपरि का मंत्र देते हुए सीएम योगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता कह सकता है कि उसके लिए दल से बढ़कर देश है। उन्होंने कहा कि 1977 में जब लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कांग्रेस ने किया था, तब भारतीय जनसंघ का विसर्जन करते हुए जनता पार्टी के रूप में देश के अंदर विपक्षी दलों का जो गठबंधन बना था, उसमें हमारे नेतृत्व ने देश के लोकतंत्र को सर्वोपरि मानते हुए इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया था। इसी तरह, भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में इस सदी की सबसे बड़ी माहामारी कोरोना के दौरान 140 करोड़ भारतीयों की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना 'सेवा ही संगठन है' के राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ करके दिखाया है। सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि हमें हर उस व्यक्ति तक पहुंचना है जो हमारी प्रतीक्षा कर रहे हैं। जिसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है, अगर हम उसके घर जाएंगे,उसके साथ सेल्फी लेंगे और उसी मोबाइल से उसको फिर से सदस्य बनाकर उस सेल्फी को वापस भेजेंगे तो उसको बहुत अच्छा लगेगा। इसी तरह, जिनको आयुष्मान भारत का कार्ड मिला है, प्रदेश के जिन 15 करोड़ लोगों को पिछले 4 वर्ष से फ्री में राशन की सुविधा का लाभ प्राप्त हो रहा है, जिन लोगों के घर में उज्जवला योजना का सिलेंडर जल रहा है, जिन लोगों को विद्युत का कनेक्शन मिल गया है, जिन लोगों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है, जिन साढ़े 6 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी मिली हमें उन सभी को इस अभियान से जोड़ना है। हम सब इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे, ताकि देश की सबसे बड़ी आबादी के इस राज्य में सबसे अधिक साधारण और सक्रिय सदस्य बनाने के इस टारगेट को पूरा किया जा सके। सीएम योगी ने सरकार द्वारा नौजवानों को रोजगार से जोड़ने के अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि अभी हमने 60 हजार 200 पुलिस जवानों की भर्ती की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है। इस भर्ती प्रक्रिया के तत्काल बाद 40 हजार नई भर्ती लेकर आने वाले हैं। यही नहीं सरकार अगले दो वर्ष में दो लाख सरकारी नौकरी लेकर आ रही है। एक करोड़ निजी क्षेत्र में नौकरी लाने जा रहे हैं, जबकि लगभग साठ लाख नौजवानों और उद्यमियों को नए स्टार्टअप स्थापित करने और उन्हें आंत्रप्रेन्योर बनाने की दिशा में भी सरकार कार्य करने जा रही है। उन्होंने कहा कि लोककल्याणकारी कार्यक्रम हो, सरकारी या निजी क्षेत्र में नौकरी की संभावना हो, सुरक्षा से जुड़े हुए मुद्दे हों या फिर इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास के कार्यक्रमों को घर घर तक पहुंचाने का कार्य हो, अगर आप भी उन लोगों तक भारतीय जनता पार्टी की पहुंच को आसान कर लेंगे तो दुष्प्रचार करने वालों के कारण जो उनके मन में जो संकोच है उसे समाप्त किया जा सकता है। हमें उन्हें अपने साथ जोड़ना है, एक आत्मीयता देनी है और यह सदस्यता अभियान आपके लिए एक सुअवसर होगा। इस कार्यक्रम के साथ जुड़ेंगे तो भारतीय जनता पार्टी न केवल दुनिया के अंदर, बल्कि उत्तर प्रदेश देश के अंदर सबसे बड़े सदस्यता अभियान के साथ अग्रणी भूमिका के साथ फिर से खुद को स्थापित करेगा। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, प्रदेश संगठन के महामंत्री धर्मपाल, फॉर्मर डिप्टी सीएम एवं राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा एवं भाजपा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय यात्रा पर आज राजधानी पहुंचेंगे राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** लखनऊ से सांसद और केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 4 सितंबर को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार अपराह्न 12.05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। शाम 6 बजे सूर्या ऑडिटोरियम कैंट में 'सांस्कृतिक संध्या' कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। रक्षा मंत्री अगले दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 10 बजे सूर्या कॉन्फ्रेंस हॉल कैंट में आयोजित 'जॉइंट कमांडर्स कॉन्फ्रेंस' में सम्मिलित होंगे।

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक है भाजपा का मजबूत संगठनः भूपेन्द्र चौधरी



● भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारम्भ

● देश की आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने समाज को बांटने का काम किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की मंगलवार को विश्वेश्वरैया सभागार में लांचिंग के साथ ही उत्तर प्रदेश में सदस्यता अभियान का शुभारम्भ हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने सदस्यता का नवीनीकरण करके सदस्यता अभियान का शुभारम्भ किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा को 8800002024 पर मिस्डकॉल से प्राप्त सदस्यता प्रमाण पत्र की प्रति सौंपकर उत्तर प्रदेश में विधिवत सदस्यता अभियान का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने किया।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजनैतिक अभियान, सामाजिक अभियान व सेवा कार्यों के साथ ही संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से सदैव जनता के बीच है और भाजपा के कार्यकर्ता अनवरत जनता के बीच संवाद व सम्पर्क स्थापित किए हुए है। भाजपा लगातार राजनैतिक व संगठनात्मक रूप से मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम से भाजपा को सर्वव्यापी व सर्वस्पर्शी बनाया है। आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाजपा का मजबूत संगठन है। चौधरी ने कहा कि अंग्रेजों तथा उनसे पूर्ववर्ती शासकों के ऐजेंडे को आगे बढ़ाते हुए देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने समाज को बांटने का काम किया।

## कार्यकर्ता लक्ष्य से आगे निकलकर नया कीर्तिमान स्थापित करेंः केशव प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सदस्यता अभियान संगठन को गढ़ने तथा संगठन को मजबूत बनाने का महापर्व है। सदस्यता अभियान के माध्यम से संगठन को हर घर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर हम सभी को काम करना है। भाजपा देश ही नही बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। उन्होंने कहा कि हमारा सदस्यता अभियान सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी होना चाहिए। देश व प्रदेश की युवाशक्ति, मातृशक्ति, अन्नदाता किसान तथा गरीब मजबूती के साथ भाजपा के साथ जुड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की डबल इंजन की सरकार लगातार गरीब कल्याण के लिए समर्पित होकर काम कर रही है। प्रदेश में 60 लाख से अधिक गरीबों को आवास मिला है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 1 करोड़ लखपति दीदीयां है। बड़ी संख्या में योजनाओं के लाभार्थी है। यह सभी भाजपा के साथ जुड़ना चाहते है। क्योंकि भाजपा सरकार में सुशासन है, विकास है और सभी को सुरक्षा है। सपा, बसपा व कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नही है। यह सभी विपक्षी दल केवल दुष्प्रचार का सहारा लेकर काम कर रहे है। इस दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की फौज तैयार होनी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज मंगलवार हनुमान जी का दिन है और आप सभी हनुमान भक्त है, आप सभी हनुमान जी कृपा से सामर्थ्यवान है, शक्तिशाली है। सदस्यता अभियान में उसी शक्ति के साथ जुटकर संगठन द्वारा तय लक्ष्य से आगे निकलकर नया कीर्तिमान स्थापित करें।

## सपा-बसपा और कांग्रेस को चला रहे हैं सिर्फ परिवार के ही लोगः ब्रजेश पाठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा एकमात्र राजनैतिक दल है, जो सभी वर्गों के बीच पहुंचकर सभी को भाजपा से जोड़ते हुए विचार परिवार बनाने का काम करता है। भाजपा की गौरवशाली परम्परा है। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में दो निशान-दो प्रधान के विरोध में प्राणों का बलिदान कर दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने गरीब, वंचित वर्ग के जीवन में खुशहाली लाने के लिए अंत्योदय सिद्धान्त को आगे बढ़ाने का काम किया। श्रद्धेय अटल ने विश्व में भारत का परचम फहराने का काम किया। पाठक ने कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों को सिर्फ परिवार के लोग ही चला रहे है। जबकि भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता प्रदेश तथा देश में पार्टी का नेतृत्व कर सकता है और किसी भी पद तक पहुंच सकता है। यह भाजपा की विशेषता है। भाजपा आम जनता को साथ लेकर, कंधे से कंधा मिलाकर सर्व समाज को जोड़कर कश्मीर से कन्याकुमारी तक सबको साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि यह संगठन पर्व है, हम पूरे उत्साह के साथ जनमानस के बीच पहुंचेगें और संगठन द्वारा तय लक्ष्य से अधिक संख्या में सदस्य बनाकर लोगों को भाजपा परिवार के साथ जोड़ेगे।

## आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई कानून के तहत हो : मायावती



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बुलडोजर एक्शन पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बुलडोजर जस्टिस को गलत करार दिया है और कहा कि वर्तमान कानून अपराधियों से निपटने में सक्षम है। इसलिए बुलडोजर का इस्तेमाल करना गलत है। मायावती ने सभी सरकारों के बुलडोजर जस्टिस के बजाए ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई करनी की सलाह दी है जो आपराधिक तत्वों से मिलकर पीड़ितों को न्याय नहीं देते। सरकार को इसकी तरफ ध्यान देना चाहिए। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि देश में आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई कानून के तहत् होनी चाहिए तथा इनके अपराध की सजा उनके परिवार व नजदीकी लोगों को नहीं मिलनी चाहिए। यह सब हमारी पार्टी की रही सरकार ने कानून द्वारा क़ानून का राज स्थापित करके भी दिखाया है। उन्होंने आगे लिखा कि बुलडोजर का भी इस्तेमाल अब मा. सुप्रीम कोर्ट के आने वाले निर्णय के मुताबिक ही होना चाहिए।

## इस वर्ष अब 11 लाख से ज्यादा लोगों को मिला 11 हजार करोड़ का लोन

पीएम मुद्रा योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केंद्र** सरकार की योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने में योगी सरकार के प्रयास फलीभूत हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का प्रदेश के लोगों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जून माह तक साढ़े 11 लाख से ज्यादा लोगों को करीब 11 हजार करोड़ रुपए का लोन प्राप्त हो चुका है। यह लोन प्रदेश में संचालित सभी बैंकों और नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (एनबीएफसी) के माध्यम से प्रदान किया गया है। इस योजना का प्रदेश के नागरिक अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें, इसके लिए योगी सरकार द्वारा बैंकों के साथ समन्वय भी स्थापित किया जा रहा है। साथ ही सीएम योगी नियमित रूप से योजना की समीक्षा भी कर रहे हैं, जिससे हर पात्र व्यक्ति तक आसानी से लोन सुलभ कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि देश के लोगों को उद्यमी के तौर पर प्रोत्साहित करने के लिए मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की शुरुआत की थी। इस योजना को योगी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर उत्तर प्रदेश में क्रियान्वित किया है, जिससे लोगों को प्रदेश में उद्यम स्थापित करने या उद्यम के विस्तार में आर्थिक सहायता का लाभ मिला है। हाल ही में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी यूपी) ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया होगाः अखिलेश यादव



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया होगा और देश की राजनीति उसके चुनावी परिणाम से प्रभावित होगी। भाजपा की सरकार में निर्दोष लोगों को सताया जा रहा हैं। किसान परेशान है। नौजवानों का भविष्य अंधकारमय है। समाज का हर वर्ग परेशान, बदहाल है। 2027 में समाजवादी सरकार बनते ही पूरे प्रदेश के बुलडोजरों का रूख गोरखपुर की तरफ होगा। अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता अपनी सरकार बनाना चाहती है। वह 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार को बेदखल कर सत्ता में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए संकल्पित है। राज्य की जनता समाजवादी सरकार के समय हुए विकास से परिचित है। जबसे भाजपा की सरकार सत्ता में आई हैं प्रदेश हर स्तर पर पिछड़ता चला गया है। विकास पूरी तरह अवरूद्ध है। जनता महंगाई, भ्रष्टाचार से त्रस्त है। यादव ने कहा कि भाजपा की राजनीति को निष्प्रभावी बनाने में पीडीए एक सशक्त भरोसा साबित हुआ है। संविधान और आरक्षण के मुद्दे को और धार देना हैं। सामाजिक न्याय के लिए जातीय जनगणना का होना आवश्यक है।

## योगी सरकार महिलाओं को सुरक्षा दे पाने में असफलः कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय ने कहा कि योगी सरकार महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों को रोकने में पूरी तरह से नाकाम हैं। राजधानी लखनऊ में ही महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं और अपराधियों पर सरकार पर कोई भी अंकुश नहीं है। जिस तरह से विगत दिनों पूर्व चलती हुई कार एक मॉडल के साथ तीन युवकों द्वारा लखनऊ में गैंगरेप किया गया इससे स्पष्ट होता है कि राजधानी में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। डॉ. राय ने कहा कि प्रदेश के जनपद हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, फर्रूखाबाद सहित अन्य जनपदों जिस तरह से बेटियों एवं महिलाओं के साथ उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रदेश में महिला सुरक्षा का दंभ भरने वाली योगी सरकार महिलाओं के प्रति संवेदनहीनता उजागर हो चुकी है। यही कारण है कि प्रदेश में चारों ओर महिलाओं के प्रति अपराधों की बाढ़ सी आ गई है। एनसीआरबी का डेटा भी बताता है कि उप्र में महिलाओं और दलितों के प्रति अपराध में उत्तर प्रदेश में नंबर एक पर है। डॉ. राय ने कहा कि प्रदेश की जनता को सुरक्षा देने में योगी सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है। बेटी बचाओं का नारा देने वाली योगी सरकार आज बेटियों की सुरक्षा देने में पूरी तरह से नाकाम है। प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित महिला हेल्पलाइन, महिला सुरक्षा दल, पिंक पेटिका एक मात्र प्रचार का माध्यम बनकर रह गई हैं। डॉ. राय ने कहा कि प्रदेश की जनता का भरोसा योगी सरकार से पूरी तरह से उठ चुका है वह हर मोर्चे पर विफल सरकार से जल्द से जल्द छुटकारा चाहती है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र आशीष पाल उर्फ आशू को उसका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। बैजनाथ पुत्र लाल शाह निवासी-ग्राम भाऊपुर, थाना-मछरेहटा, तहसील-मिश्रिख, जिला-सीतापुर।

सूचना

सूचनार्थ- पहले मेरा नाम संतोष कुमार गोस्वामी पुत्र श्री देवेश चन्द्र गोस्वामी था, जिसे बदलकर अपना नाम संतोष गोस्वामी कर लिया है, भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये। निवासी-ए/636ए, आश्रय, उदयन-2, एल्डिको कॉलोनी, रायबरेली रोड, लखनऊ-226025 है।

सूचना

मैंने अपने पुत्र शिवम शर्मा व पुत्रवधु सोनम शर्मा को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, व उनसे मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नही होगा। संकठा प्रसाद पुत्र बिंदादीन, निवासी-568 ख/281, गीतापल्ली, आलमबाग, लखनऊ। मो.9506019995

सूचना

सूचना

मैं, दिलीप कुमार सिंह पुत्र स्व0 प्रभु दयाल सिंह निवासी सी-402, इन्दिरा नगर, लखनऊ एतद्वारा घोषणा करती हूँ कि दीपक कुमार यादव के नाम पर दो मूल (विक्रय विलेख) दिनांक 10.07.1996 क्रम संख्या 4283 एवं दिनांक 17.04.1995 क्रम संख्या 2194 कहीं खो गया। संपति का पता सी-402, इन्दिरा नगर, लखनऊ है। मैं आगे कहता हूँ कि मैं एसबीआई इन्दिरा नगर, लखनऊ से ऋण के लिए उक्त संपत्ति पर साम्यिक बंधक बनना चाहता हूँ। एफआईआर नंबर 20240000564812 दिनांक 04.07.2024 के तहत खोए हुए (आवंटन पत्र) के संबंध में पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया एसबीआई की उपरोक्त शाखा से संपर्क करें।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक किता भूखण्ड सं0 20, रकबा 1500 फिट, स्थित- ग्राम उत्तरधौना, परगना, तहसील व जिला लखनऊ की स्वामित्व श्रृखला के मूल विक्रय विलेख दिनांकित 22.03.2006 जो रानी सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 द्वारा अनूप सिंह के पक्ष में निष्पादित है जो उपनिबंधक द्वितीय लखनऊ में बही 1 जिल्द 5618 पृष्ठ 49-68 क्रमांक 2342 पर दिनांकित 22.03.2006 तथा मूल विक्रय विलेख दिनांकित 06.06.2008 जो अनूप सिंह द्वारा श्रीमती संजय सिंह के पक्ष में निष्पादित किया था जो कार्यालय उपनिबंधक द्वितीय लखनऊ में बही 1 जिल्द 7540 पृष्ठ 345-366 क्रमांक 5506 पर दिनांकित 06.06.2008 को पंजीकृत है उपरोक्त दोनो मूल विक्रय विलेख दिनांक 01.09.2024 को शाम 5 से 6 बजे के बीच में मुरारी चौबे (वर्तमान स्वामी) से अपने निवास स्थान से महमूदाबाद चौराहे पर फोटोकापी कराने जाते समय रास्ते में कहीं खो गया है, इसका किसी भी अन्य व्यक्ति/संस्था द्वारा प्रयोग पूर्णतः गैरकानूनी व शून्य होगा। उपरोक्त सम्पत्ति मुरारी चौबे (वर्तमान स्वामी) द्वारा मुथूट होम फिन (इण्डिया) लि0 (एम0एच0आई0एल0) से लोन के सापेक्ष बन्धक की जायेगी। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त विक्रय विलेख प्राप्त हुये हो अथवा इस संदर्भ में कोई आपत्ति या हित है तो साक्ष्य व दस्तावेजो के साथ इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क करे।
अमित कुमार सिंह राठौर, अधिवक्ता, पता- चेम्बर 7, यू0जी0एफ0, कृष्णा टावर, चकबस्त रोड, कैसरबाग, लखनऊ। मो0 9559811119

राजधानी नगर सहकारी बैंक लिमिटेड
प्रशासनिक कार्यालयः साँई टॉवर सीपी-42, सेक्टर-ई, सीतापुर रोड योजना, रिंग रोड, जानकीपुरम, लखनऊ।

शुद्धि पत्र

सूचित किया जाता है कि दिनांक- 02.09.2024 को प्रकाशित ई-नीलामी बिक्री सूचना में "डॉ. शैला भारती (ऋणी एवं बंधककर्ता) पुत्री श्री माराचूराम" में आरक्षित मूल्य रू. 5,50,000/- व धरोहर राशि रू. 55,000/- त्रुटिवश गलत प्रकाशित हो गया उसके स्थान पर आरक्षित मूल्य रू. 5,00,000/- व धरोहर राशि रू. 50,000/- माना व पढ़ा जाये। शेष नियम व शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

संख्या-739/DA-02/67/2024-25 दिनांक-02/09/2024

टेण्डर प्रेस नोट

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितंबर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है। कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज में 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से मरम्मत/निर्माण कार्य करवाना चाहती है जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

Tender Reference Number-2024-25/07ET (RE)

| क्र० | स्टेज | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Publishing Date | 05-09-2024 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 05-09-2024 | 09:00 AM |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 05-09-2024 | 09:00 AM |
| 4 | Seek Clarification End Date | 07-09-2024 | 02:00 PM |
| 5 | PreBid Meeting Date | 07-09-2024 | 02:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 07-09-2024 | 03:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 14-09-2024 | 02:00 PM |
| 8 | Bid Opening Date | 14-09-2024 | 03:00 PM |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरण उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (EMD) निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 05.09.2024 प्रातः 09.00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेंगी।

(अनिल कुमार)
अधिशासी अधिकारी/टेण्डर कमेटी अध्यक्ष

(मुन्नी देवी)
अध्यक्ष
न0पा0प0 गुरसहायगंज

सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज खाता क्र. HLAPBRL00392548<br>1. गोकुलअमृत मिल्क प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड<br>2. प्रवीण कुमार चतुर्वेदी<br>3. सतेंद्र नाथ चतुर्वेदी<br>4. प्रीति सिंह<br>5. हरीश कुमार<br>6. जय राम<br>7. रेशमा<br>8. विशाखा<br>9. रेशम राठौड़<br>10. लोकेश कुमार राठौड़ | खेत नंबर 619, 1039, बांके चांदपुर बिचपुरी, बरेली-243001, उत्तर प्रदेश। | 04.03.2024 | रु. 1,13,44,118.01/- (रुपए एक करोड़ तेरह लाख चौवालीस हजार एक सौ अठारह और एक पैसे मात्र) 13.08.2024 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।
उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।
उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतदद्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।
कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, "कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपत्ति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता"
सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13(2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं।

कृते सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : बरेली

# हेरिटेज कॉरिडोर में फसाड कंट्रोल गाइडलाइन लागू करने के लिए संयुक्त टीम करेगी सर्वे

● हुसैनाबाद में रूमी दरवाजे के पास कॉबल स्टोन ट्रैक पर सिर्फ इक्का-तांगा व ई-रिक्शा ही चलेंगे

● शेष वाहनों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव

**कैसरबाग चौराहा पूरी तरह से नो-पार्किंग जोन घोषित होगा, बीएन रोड पर निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन खड़े कर सकेंगे लोग**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुराने** लखनऊ में हेरिटेज कॉरिडोर में फसाड कंट्रोल गाइडलाइन के तहत व्यवस्था लागू करने के लिए एलडीए, नगर निगम, लेसा, परिवहन व लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम पूरे रूट का सर्वे करेगी। जिसके बाद सम्बंधित विभाग गाइडलाइन के तहत स्थल पर कार्य सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही एलडीए के पारिजात सभागार में आयोजित बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा अधिकारियों को बस, ऑटो- टैम्पों को शिफ्ट करने के निर्देश दिये गए हैं। मंगलवार को बैठक में मंडलायुक्त रौशन जैकब ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह समेत अन्य अधिकारी व अभियंता के साथ बैठक की। मण्डलायुक्त ने बैठक में कहा कि हुसैनाबाद में रूमी दरवाजे के पास सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही से ट्रैफिक का काफी लोड रहता है। इससे हेरिटेज जोन में घूमने के लिए आने वाले पर्यटकों को दिक्कत होती है। इसे ध्यान में रखते हुए रूमी दरवाजे के पास कॉबल स्टोन ट्रैक पर केवल इक्का-तांगा व ई-रिक्शा को ही संचालन की अनुमति दी जाए। शेष सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए दूसरे वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये जाएं। बस व ऑटो-टेम्पो स्टैण्ड को भी निर्धारित दूरी पर दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराया जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि हेरिटेज कॉरिडोर के लिए बनायी गयी फसाड कंट्रोल गाइडलाइन के तहत सौंदर्यीकरण व साइनेज आदि के कई कार्य कराये जाने हैं। इसके लिए समस्त सम्बंधित विभाग एक बार पूरे रूट का निरीक्षण करके अपने स्तर से कराये जाने वाले कार्यों को चिन्हित करके पूर्ण करायें। मण्डलायुक्त ने कैसरबाग चौराहे पर कराये जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों की भी समीक्षा की। जिसमें उन्होंने निर्देशित किया कि चौराहे पर ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है, उस पर दुकानों के आसपास वाहनों की पार्किंग से ट्रैफिक व्यवस्था और खराब हो जाती है। ऐसे में कैसरबाग चौराहे को पूरी तरह से नो.पार्किंग जोन बनाते हुए बीएन रोड पर पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित किया जाए।

# केजीएमयू में तीन माह की बच्ची के ट्यूमर का सफल आपरेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के डाक्टरों ने एक तीन माह की बच्ची के ट्यूमर का आपरेशन करने में सफलता हासिल की है। बच्ची के पेट में डेढ़ किलो का ट्यूमर था और ट्यूमर के चलते उसके सारे अंग प्रभावित हो रहे थे। सर्जरी के बाद बच्ची स्वस्थ है।

लखनऊ के चौक क्षेत्र के पटा नाला इलाके के महफूज़ की तीन माह की बच्ची के पेट में गांठ थी। बच्ची की माँ ने बचपन से एक गाँठ महसूस की जो धीरे धीरे बढ़ रही थी। परेशान माता पिता ने पास के डॉक्टर को दिखाया, जिसने तुरंत ही उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। यहाँ पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में डॉ जेडी रावत और डॉ आनंद पांडेय ने बच्चे का निरीक्षण किया और पाया कि उसके पर में एक बड़ा सा ट्यूमर है, जिसका तुरंत ऑपरेशन किया जाना आवश्यक है। डॉ आनंद ने बताया कि बच्ची की कम उम्र और ट्यूमर का आकर बहुत बड़ा होने के कारण ऑपरेशन अत्यंत जटिल था। अत: ऑपरेशन में काफ़ी सावधानी कि आवश्यकता थी। ऑपरेशन के दौरान पाया गया कि ट्यूमर लगभग पूरे पेट में था और उसने बच्चे के बाक़ी सभी अंगों को चारों ओर दबा दिया था। बच्ची का बायाँ गुर्दा ट्यूमर के कारण काफी नीचे दब गया था। सावधानीपूर्वक ऑपरेशन कर के ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। बच्चे का वजन लगभग 5 किलो और ट्यूमर का वजन लगभा डेढ़ किलो था। ऑपरेशन के बाद बच्चे को वेंटीलेटर के लिए बाल रोग विभाग में डॉ शालिनी त्रिपाठी की निगरानी में चार दिनों के लिए रखा गया। बच्ची अब स्वस्थ है। डॉ रावत ने बताया कि ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ आनंद पांडेय, डॉ निरपेक्ष त्यागी, एनेस्थीसिया विभाग के डॉ सतीश वर्मा और नर्स वंदना थे। वहीं संस्थान की कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद ने विभाग की प्रशंसा करते हुए पूरी टीम को बधाई दी है।

# यूपी-112 में 'जन-जागरूक अभियान एक पहल' के तहत जागरूक कॉलर को किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी**-112 में 'जन जागरूक अभियान, एक पहल' के तहत मंगलवार को एक कॉलर को सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि डीजीपी ने पीड़ित की समय से मदद और अपराध की रिपोर्ट करने के लिए यूपी-112 में सामुदायिक पुलिसिंग हेतु जन-जागरूकता अभियान एक पहल की शुरुआत 12 अगस्त 2024 को की थी। इस अभियान के तहत लोगों को दूसरों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ऐसे व्यक्ति जिनका घटना से कोई सम्बन्ध नहीं है और उनके द्वारा प्रकरण की सूचना दी जा रही है, तो उनको यूपी-112 के द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह से कॉलर को सम्मानित किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत अर्जुन खन्ना थाना साहिबाबाद, जनपद गाजियाबाद द्वारा 24 अगस्त 2024 को समय 15.17 बजे यूपी-112 पर सूचना दी गयी कि एक महिला जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष है, बेहोशी की हालत में पेड़ के पास पड़ी है। पीआरवी 1849 (कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर) के कर्मियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर महिला के सम्बन्ध में जानकारी की। महिला मंदबुद्धि प्रतीत हो रही थी जो अपने बारे में कोई जानकारी नही दे पा रही थी। महिला के हाथ पर एक मोबाइल नम्बर लिखा था, जिस पर कॉल करने पर ज्ञात हुआ कि यह नम्बर महिला के पिता संजीत का है। उन्होंने बताया कि मेरी बेटी कल से लापता है। पिता को मौके पर बुलाकर लड़की को उनके सुपुर्द किया गया। नीरा रावत, अपर पुलिस महानिदेशक यू.पी.-112 द्वारा जनपद गाजियाबाद निवासी अर्जुन खन्ना को चिन्हित कर उनके घर जनपद गाजियाबाद में प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह भिजवा कर सम्मानित कराया गया। अर्जुन खन्ना को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह आज यूपी-112 प्रभारी आरओआईपी उ.नि. रघुनाथ सिंह द्वारा कॉलर के घर जनपद गाजियाबाद जाकर सम्मानित किया गया।

# कांशीराम स्मारक के ड्रोम ड्रंक के स्ट्रक्चर के मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंडलायुक्त** द्वारा मान्यवर श्री कांशीराम जी स्मारक के ड्रोम ड्रंक के स्ट्रक्चर का स्थलीय औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त द्वारा मरम्मत के कार्य नियमित करने के साथ कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिकारियों को मरम्मत कार्यों में अनावश्यक विलंब न करने के आदेश भी दिए गए। मंगलवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने मान्यवर श्री काशी राम जी स्मारक के ड्रोम ड्रंक के स्ट्रक्चर का स्थलीय औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ड्रोम ड्रंक के स्ट्रक्चर का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किये जा रहे मरम्मत कार्यों में मैंन पावर की संख्या में बढोत्तरी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सुदृढ़ीकरण कार्यो में तेजी लाया जाए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि सुदृढ़ीकरण व मरम्मत के किये जा रहे कार्यों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि ड्रोम ड्रंक के स्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण व मरम्मत कार्यों में अनावश्यक रूप से विलंब न किया जाए, निर्धारित समयावधि में संपूर्ण कार्य पूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार, सचिव एलडीए विवेक श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बैंक कराएं लाभार्थियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारणः निदेशक सूडा

● विशेष अभियान चलाकर शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएः अनिल कुमार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधानमंत्री** स्वनिधि योजना के लाभार्थियों व स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के सम्मुख बैंक से जुड़ी हुई जो भी समस्याएं हैं, उनका जल्द से जल्द निस्तारण बैंकों द्वारा सुनिश्चित किया जाए। लाभार्थियों से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में बैंकों को विभाग की ओर से पूरा सहयोग दिया जाता रहा है और आगे भी दिया जाता रहेगा। अत: विशेष अभियान चलाकर शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। जिससे पात्रों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उक्त बातें आज सूडा भवन में बैंकर्स संग आयोजित आवश्यक बैठक के दौरान निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कहीं। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण तथा लाभार्थियों के सम्मुख आने वाली बैंक से जुड़ी समस्याओं व स्वयं सहायता समूहों के लिए बैंक लिंकेज समेत बैंक से सम्बद्ध अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बताते चलें कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम लोन के रूप में 10000 रुपए, द्वितीय लोन के रूप में 20000 रुपए व तृतीय लोन के रूप में 50000 रुपए का ऋण बैंक द्वारा दिया जाता है। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूह यानी एसएचजी का बैंक लिंकेज किया जाता है। स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज के माध्यम से उनकी बचत के अनुरूप व बैंक अपनी ग्रेडिंग के हिसाब से उनकी बचत का अधिकतम चार गुना ऋण देते हैं। इस बैठक में प्रदेश के सभी 75 जनपदों से परियोजना अधिकारियों व शहर मिशन प्रबंधक ने भी वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। इस दौरान बैंकर्स को समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसे समस्त बैंक प्रतिनिधियों ने बेहद गंभीरतापूर्वक सुना व जल्द ही प्रभावी निस्तारण का आश्वासन भी दिया। इस बैठक में बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बड़ौदा यूपी बैंक, आर्यवर्त बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया, प्रथमा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, इण्डियन ओवरसीज बैंक, इण्डियन बैंक, यूको बैंक व केनरा बैंक के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# राजेश वर्मा ने संभाला राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का कार्यभार

● उपाध्यक्ष और सदस्यों ने भी किया पदभार ग्रहण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के नए अध्यक्ष राजेश वर्मा ने मंगलवार को औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। यह नियुक्ति राज्य के पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यों, जातियों के सम्मेलन, रक्षा उपायों से संबंधित शिकायतों के समाधान और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाने के उद्देश्य से की गई है। इस अवसर पर राजेश वर्मा के साथ उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल और सदस्यों के रूप में मेला राम पवार, वासुदेव मौर्य, विनोद यादव, शिवमंगल बियार, लक्ष्मण सिंह, डॉ. मुराहू राजभर, प्रमोद सैनी, करूणा शंकर पटेल, रामशंकर साहू, विनोद सिंह और कु. ऋचा राजपूत ने भी अपने-अपने पदों का कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवन्त सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ मिश्रिख के सांसद अशोक रावत, सचिव राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग मनोज कुमार सागर, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक सुनील वर्मा और अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर मौजूद थे।

## बबिता चौहान बनीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के पद पर बबीता चौहान, 72, प्रोफेसर कॉलोनी, सिविल लाइन, हरिपर्वत आगरा को एक वर्ष की अवधि के लिए अथवा राज्य सरकार के प्रसाद पर्यन्त तक उप्र राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही आयोग की उपाध्यक्ष पद पर अपर्णा. यादव, 8/2, विकमादित्य मार्ग, लखनऊ एवं चारू चौधरी, पहाड़पुर, गीता प्रेस, हिन्दी बाजार, थाना-राजघाट, गोरखपुर को एक वर्ष की अवधि के लिए अथवा राज्य सरकार के प्रसाद पर्यन्त तक उप्र राज्य महिला आयोग का उपाध्यक्ष नामित किया है।

# व्यापारियों ने नगर निगम के लाइसेंस शुल्क पर विरोध जताया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**लखनऊ** नगर निगम द्वारा व्यापारियों के ऊपर 21 ट्रेडों पर नया प्रतिष्ठान लाइसेन्स शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। जिसका व्यापारियों ने विरोध किया है। लखनऊ व्यापार मण्डल की एक आपात वर्चुअल बैठक कर नगर-निगम के द्वारा प्रस्तावित दरों पर चर्चा की गयी।

बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, महामंत्री विनोद अग्रवाल, अनुराग मिश्र, अभिषेक खरे, उमेश शर्मा, सुहैल हैदर अल्वी, जितेन्द्र सिंह चौहान, सुशील तिवारी, मनीश वर्मा, शशि शुक्ला, सतीश अडवाड़ी, युवा अध्यक्ष मनीश गुप्ता, युवा वरिष्ठ महामंत्री अरविन्द पाठक, सुमित गुप्ता, युवा महामंत्री प्रियांग गुप्ता,सतीश अग्रवाल भारत भूषण गुप्ता, नीरज जौहर, रामकुमार वार्म आदि उपस्थिति रहे। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि सरकारी बिल्डिंगों पर करोड़ो रूपया बकाया है उसे नगर-निगम वसूल नहीं पा रहा है और व्यापारी के ऊपर टैक्स पर टैक्स लगाता चला जा रहा है। व्यापारियों को कोई बुनियादी सुविधा नहीं मिल रहीं है बाजारों में पेय जल, शौचालय, पार्किंग, आकस्मिक चिकित्सा, आदि की बुनियादी सुविधाओं का अभाव है और अतिक्रमण की भरमार है वेन्डिग जोन आज तक बना नहीं पाये कामर्शियल टैक्स के रूप में व्यापारी अधिकतम टैक्स दे रहा है। वर्षो से व्यापारी की मांग रही है कि ई-कामर्स पर नीति बनाकर या स्थानीय टैक्स लगाकर राष्ट्र एवं प्रदेश के व्यापारियों को संरक्षित किया जाय एवं प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का अवसर दिया जाय। यहॉ पर यह विचार योग्य चीज है कि कोरोना से लेकर हर आपदा में व्यापारी टैक्स जमा करता रहा है और दूसरी तरफ ई-कामर्स चलाने वाली तमाम कम्पनियों ने न तो सरकार को कोई अनुदान दिया न ही कोई सहयोग किया ऐसे में आमदनी बढ़ाने के लिए सारे ई-कामर्स पर नगर-निगम 10 प्रतिशत टैक्स लगाकर अपनी आय बढ़ा सकता है, यदि कोई टैक्स व्यापारियों पर लगाया जाता है तो इसका असर सीधा आम जनता के ऊपर होगा जिसके जिम्मेदार नगर-निगम एवं सरकार होगी, लेकिन प्रस्तावित दरें यदि व्यापारियों पर थोपने का प्रयास किया जायेगा तो सड़क पर उतरकर सीधे संघर्स होगा।

बैठक में उपस्थिति व्यापारियों ने प्रस्तावित लाइसेन्स शुल्क का विरोध किया और कहा कि जल्द ही एक प्रतिनिधि मण्डल नगर विकास मंत्री, नगर महापौर और सम्बन्धित अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौपेगा और विरोध दर्ज करायेगा। यदि प्रस्ताव वापस नहीं हुआ तो सम्पूर्ण लखनऊ बन्द कर लखनऊ व्यापार मण्डल सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेगा।

# गोमती नगर व संजयगांधी पुरम में चार अवैध व्यावसायिक और एक आवासीय निर्माण सील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गोमती** नगर, गोमती नगर विस्तार और संजयगांधीपुरम में एलडीए द्वारा अवैध व्यवसायिक निर्माण पर कार्रवाई की गयी। विहित प्राधिकारी द्वारा व्यवसायिक निर्माण के विरुद्ध नोटिस देकर सीलिंग के आदेश दिए थे। आदेश पर एलडीए प्रवर्तन टीम द्वारा सील किया गया।

मंगलवार को एलडीए की टीम ने गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार व संजयगांधीपुरम में कार्यवाही की। इस दौरान अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे 4 व्यावसायिक निर्माण व1 आवासीय निर्माण को सील किया गया। प्रवर्तन जोन.1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि एके सिंह व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर.1 में भूखण्ड संख्या.1/सी.803ए पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। वहीं रोहित सिंह व अन्य द्वारा सेक्टर-1 में भूखण्ड संख्या.1/बी.4, पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफ्ल में व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह डा. विजित सिंह व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर.4 में भूखण्ड संख्या-4/1059 पर लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। इसके अलावा निरंजन रस्तोगी व अन्य द्वारा अयोध्या रोड स्थित संजयगांधीपुरम में लगभग 110 वर्गमीटर क्षेत्रफ्ल के भूखण्ड पर कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इन चारों प्रकरण में विहित न्यायालय द्वारा वाद दर्ज करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। आदेश में सहायक अभियंता उदयवीर सिंह, अवर अभियंता आशीष श्रीवास्तव, संजय भाटी व एसके दीक्षित द्वारा पुलिस बल के सहयोग से चारों बिल्डिंगों को सील कर दिया गया। इसके अलावा लल्ली उपाध्याय व अन्य द्वारा गोमती नगर के विनम्र खण्ड में भूखण्ड संख्या-2/22 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से आवासीय भवन का निर्माण कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद दर्ज करते हुए परिसर को पूर्व में सील कराया गया था। वर्तमान में विपक्षी द्वारा स्थल पर चोरी-छुपे निर्माण कार्य कराया जा रहा था।

# डीएवी में 68वीं जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय फुटबाल प्रतियोगिता आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**68वीं** जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय फुटबॉल प्रतियोगिता का डीएवी इंटर कालेज में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि आस मुहम्मद व जिला क्रीड़ा सचिव वेद प्रकाश यादव, मनोज पटेल, राजकुमार त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव, लाईक खान एवं जनपद के शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे। प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों में अंडर-14, 17 एवं 19(बालक एवं बालिका)किया गया। बालिका सीनियर में जीआईसी गोमती नगर विजेता रही।

उपविजेता जीजीआईसी नरही रही। स्कोर 2-1 रहा। आज प्रतियोगिता के बालकों वर्ग का अंडर 17 का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें जीआईसी, निशातगंज ने अग्रसेन इंटर कॉलेज को ट्राई ब्रेकर मुकाबले में (4-3) से हराकर प्रतियोगिता की विजेता टीम बनी।

# 1.24 लाख परिवार कर रहे टीकाकरण से इंकार

● प्रदेश के 60 जिलों में चल रहा जीरो डोज अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के 60 जिलों में चल रहे जीरो डोज अभियान के तहत अभी 1.24 लाख परिवार कर रहे टीकाकरण को लेकर आगे नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते हरदोई, उन्नाव, आजमगढ़ सहित कई जनपदों में बच्चों का नियमित टीकाकरण न होने से डिप्थीरिया (गलघोंटू) से संक्रमित हो रहें हैं। ऐसे में टीकाकरण के लिए तैयार करने में समाज के सभी वर्ग को आगे आना चाहिए।

नियमित टीकाकरण न केवल बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाता है बल्कि उनकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। साथ ही शिशु मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर को कम करने में अहम भूमिका निभाता है। जबकि जो बच्चे इससे वंचित रह जाते हैं उन्हें कई तरह रोग और संक्रमण होने कि संभावना बनी रहती है। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अजय गुप्ता बताते हैं कि डिप्थीरिया संक्रमण का मुख्य कारण बच्चों का टीकाकरण न कराना है। बहुत से अभिभावक अपने बच्चों का टीकाकरण यह सोचकर नहीं करवाते हैं कि टीका लगने के बाद बुखार आएगा। यह सही नहीं है। टीका लगाने के लिए मना न करें। विभिन्न जनपदों में जनवरी से अब तक संदिग्ध डिप्थीरिया से 664 बच्चे संक्रमित हुए हैं। जिनमें से 615 पूर्णता ठीक हो चुके हैं।

## कोराइन बैक्टीरियम डिप्थीरिया के चलते होती है बीमारी

**डिप्थीरिया** कोराइन बैक्टीरियम डिप्थीरिया के कारण होती है। यह नाक और गले की श्लेष्मा झिल्ली को प्रभावित करती है। संक्रमित होने के दो से चार दिनों के बाद इसके लक्षण दिखाई देते हैं। यह एक व्यक्ति से दूसरे में आसानी से फैलती है। इस बीमारी से बच्चे ही नहीं वयस्क भी प्रभावित होते हैं।

### बीमारी के लक्षण

**बुखार,** जुकाम, सिर में दर्द, नाक का बहना, गले की ग्रंथियों में सूजन,कब्ज और कमजोरी आना।

### बचाव के उपाय

**डेढ़** माह, ढाई माह, साढ़े तीन माह, 16 -24 माह और पांच से 6 साल की उम्र पर डीपीटी का बूस्टर लगवाना। इसके अलावा 10 और 16 साल की आयु में डिप्थीरिया और टिटनेस(टीडी) का टीका लगवाना। नियमित टीकाकरण के तहत गर्भवती को भी व्यस्क डिप्थीरिया और टिटनेस का टीका लगता है।

### इन 12 बीमारियों से बचाव को लगाए जाते हैं टीके

**टीबी,** पोलियो, हिपेटाईटिस बी, टिटनेस, काली खांसी, डिप्थीरिया, इनफ्लूएंजा, खसरा, रुबेला, निमोनिया, वायरल डायरिया और जापानी इंसिफेलाइटिस।

# धर्म रक्षा संघ के पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**धर्म** रक्षा संघ के समस्त पदाधिकारियों न प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता डॉ. दिनेश शर्मा राज्य सभा सांसद के समक्ष ग्रहण की और संकल्प लिया कि हम सब मिलकर युवाओं को देश हित के लिए भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूती भी प्रदान करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजीव मिश्रा, समाज सेवी रिद्धी किशोर गौड़, समाचार पत्र चौक डिपो अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मोहित शर्मा, नगर अध्यक्ष आचार्य राजेश शुक्ल, पंडित कृष्णा शंकर शर्मा, अंकुर दीक्षित, गोपाल नाथ शर्मा,रेनू शर्मा, महन्त विशाल गौड़,ज्योती अग्रवाल, विमर्श रस्तोगी, ज्ञान बल्लभ गोस्वामी, अनुज दीक्षित, पंडित नीरज अवस्थी,अमन कुमार वर्मा, बलदेव शर्मा,अजीत दीक्षित, मनोज चौरसिया, कृष्णा बृजवासी,अतुल चौरसिया , संजय अवस्थी, जितेन्द्र सिंह, कृष्णा मिश्रा,प्रिन्श मिश्रा, विनीत शंकर शर्मा, वेदांत त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

# कन्नौज का नवाब ब्रांड सपा का वास्तविक चेहरा: योगी

## मैनपुरी के करहल विधानसभा क्षेत्र में सीएम ने किया पौने चार सौ करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ मैनपुरी



● कहा: अराजकता और गुंडागर्दी सपाइयों के डीएनए में है, इनका मॉडल विकास का नहीं बल्कि लूट का

**मैनपुरी** के करहल विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को आयोजित पौने चार सौ करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में सीएम योगी समाजवादी पार्टी पर जमकर हमलावर रुख अपनाते हुए दिखे। कार्यक्रम में युवाओं को मोबाइल व लैपटॉप देने, महिला स्वयं सेवी समूहों को चेक देने के साथ ही उन्होंने मैनपुरी की जनता से जात पात की राजनीति को भुलाकर राष्ट्र निर्माण व विकास कार्यों को बढ़ावा देने में आगे आने का आह्वान किया। समाजवादी पार्टी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए सीएम योगी ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि मैनपुरी जो कभी वीवीआईपी जनपद माना जाता था फिर भी विकास के कार्य में क्यों पिछड़ गया। उन्होंने कहा कि मैनपुरी तो मयन, मार्कण्डेय, च्यवन जैसे हमारे महान ऋषियों की धरती रही है। इस धरती का संबंध स्वाधीनता संग्राम से जुड़े नायकों स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ा हुआ है। फिर आखिर मैनपुरी के सामने पहचान का संकट खड़ा करने वाले कौन लोग हैं? ये वही लोग हैं जिन लोगों ने आपके सामने पहचान का संकट तो खड़ा किया ही प्रदेश के सामने भी अस्तित्व का संकट खड़ा किया। सामाजिक ताने-बाने के लिए खतरा पैदा किया था। सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि अराजकता और गुंडागर्दी इनके डीएनए में है। इनका मॉडल विकास का नहीं है। ये लोग विकास के कार्यों में लूट मचाने वाले लोग हैं। आपने इनका कारनामा तो देखा होगा। इनका कारनामा वही है जो अयोध्या में एक निषाद बेटी के साथ समाजवादी पार्टी के नेता द्वारा किया गया था। इनके वास्तविक कारनामे देखने हों तो कन्नौज में घटी घटना और 'नवाब ब्रांड' इनका वास्तविक चेहरा है। सीएम योगी ने कहा कि मैनपुरी और विशेषतौर पर करहल से जुड़े आप सभी लोग एक साथ आज पौने चार सौ करोड़ रुपए की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के आप साक्षी बन रहे हैं और बधाई के पात्र हैं। आज यहां पर मैनपुरी के अंतर्गत आने वाले करहल विधानसभा क्षेत्र में विकास की अनेक परियोजनाओं को प्रस्तुत किया गया है जिसमें सड़क, स्कूल, पेयजल से जुड़ी परियोजनाएं हैं, एक ग्राम स्टेडियम भी इस परियोजना के अंतर्गत लोगों को मिलने जा रहा है। अग्निशमन केंद्र के शिलान्यास का कार्य भी आज हो रहा है। विकास की जितनी भी परियोजनाएं हैं जिनका लोकार्पण हो रहा है या जिनका शिलान्यास किया जा रहा है इन सभी योजनाओं के लिए मैं मैनपुरी जनपद और खासतौर पर करहल की जनता को बधाई देता हूं। मंच पर मुझे अनेक नौजवानों को टैबलेट व लैपटॉप देने का अवसर प्राप्त हुआ।

आधी आबादी का नेतृत्व करने वाली महिला स्वयं सेवी समूह को भी सहयोग चेक प्रदान किया गया है। आपने देखा होगा, गरीबों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भवन की चाबी सौंपने का अवसर भी मुझे प्राप्त हुआ।

# कोई भी बच्चा ड्रॉप आउट न हो: आनंदीबेन

● राज्यपाल की अध्यक्षता में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का 36वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का 36वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में 87,765 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण होने पर उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिसमें 218 पदक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिए गए, जिनमें से 82 प्रतिशत पदक छात्राओं ने हासिल किए।

राज्यपाल ने हर वर्ष दीक्षांत समारोह में पदक/उपाधि प्राप्त करने में लड़कियों की लगातार बढती संख्या पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विद्यार्थियों को अपने माता-पिता को शिक्षित करने के साथ-साथ समाज को भी शिक्षा के माध्यम से समृद्ध करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा ड्रॉप आउट नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर कुलाधिपति ने अपने संबोधन में चीनी यात्री फाह्यान का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिस्थितियों में भी हार न मानने की प्रेरणा देते हुए कहा कि देश के निर्माण की आधारशिला शिक्षा है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो विद्यार्थी के अंदर बौद्धिकता और कौशल विकास करने के साथ ही चरित्र और नैतिक बल को मजबूत बनाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक 50 प्रतिशत युवा छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय का ज्ञान प्राप्त कर सकें। इसके लिए हमें अभी से प्रयास करने होंगे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में नव-अन्वेषण और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में ऐसा माहौल होना चाहिए, जो नव-अन्वेषण और अनुसंधान को सहयोग प्रदान करे, जिससे लोगों के जीवन में सुधार के लिए उपयोगी नवाचार हो सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के सभी क्षेत्रों में गुणात्मक आदर्शों को प्राप्त करने के लिए शिक्षण और शोध पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

# सुल्तानपुर की न्यायिक अधिकारी के खिलाफ अवमानना का नोटिस

● सात वर्ष तक की सजा वाले मामले में अभियुक्त को जेल भेजने का आरोप, विवेचक को भी नोटिस जारी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**सात** वर्ष तक की सजा के मामले में दो अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सख्त रवैया अख्तियार किया है। पीठ ने सुल्तानपुर की प्रभारी एसीजेएम अंकिता सिंह के खिलाफ अवमानना का नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। पीठ ने अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाले अमेठी के जामो थाने के सब इंस्पेक्टर हरदेव बहादुर सिंह को भी अवमानना का नोटिस जारी किया है। इनसे पूछा है कि क्यों न उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरनेश कुमार के मामले में दिए गए आदेश की अवमानना करने के लिए दंडित किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 13 सितंबर को होगी। जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश आशुतोष सिंह व आलोक सिंह की अवमानना याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि पट्टीदारों से उनका जमीन सम्बंधी विवाद चल रहा है। 23 जून 2024 को उनके विपक्षियों ने उन पर हमला करके घायल कर दिया था। इस सम्बंध में जामो थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। लेकिन विपक्षियों ने क्रास एफआईआर लिखा दी। जिसमें लगी धाराओं में सात वर्ष से अधिक की सजा का प्राविधान नहीं है। कहा गया कि बावजूद इसके विवेचनाधिकारी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया व अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने भी उनका न्यायिक रिमांड मंजूर कर लिया। कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने अरनेश कुमार के मामले में सात वर्ष तक की सजा के मामलों में पहले नोटिस देने का निर्देश दे रखा है। जिसका अनुपालन नहीं किया गया।

# जिला योजना समितियों की स्थानीय स्तर पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए: सुरेश खन्ना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्त विभाग एवं नियोजन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश के 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला योजना समितियों में प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र हेतु प्राथमिकता तय की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला योजना समितियों की हर दो माह में बैठक आहूत कर स्थानीय स्तर पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित कराई जाए। जिला योजना के मौजूदा तंत्र को बिना प्रभावित किये प्रदेश को 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाये जाने में जनपदों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए प्राथमिक, द्वितीयक एवं सेवा क्षेत्रों के महत्वपूर्ण घटकों को जनपदीय कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाए। जिला योजना समिति की बैठको के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनप्रतिनिधियों को जानकारी उपलब्ध कराते हुए योजनाओं की प्रगति का भी समीक्षा की जाए। बैठक में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से योजनाओं का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। वित्त मंत्री मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला योजनाा समिति के संबंध में वित्त एवं नियोजन विभाग के अधिकारियोंके साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपदों के सत्त एवं समग्र विकास के लिए आवश्यक जिला योजना समिति की बैठके नियत समय पर की जाये और विकास कार्यो के क्रियान्वयन में नागरिको की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाये। जिला योजना की बैठकों में प्राथमिकता तय करते हुए आमजन की बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, नाली, स्वच्छ पेयजल, बिजली, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि पर और अधिक जोर दिया जाए।


# पीएमजीएसवाई की सड़कों को शत-प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाया जाय: केशव प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग ख़ासतौर से उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएमजीएसवाई (प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना) की सड़कों को शत् प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाया जाय। यह भी निर्देश दिए हैं कि एफडीआर तकनीक से बनाई गयी सड़कों से बचत की गयी धनराशि का हवाला देते हुए भारत सरकार से धनराशि उपलब्ध कराने हेतु पत्राचार किया जाय। पीएमजीएसवाई की सड़कों की नियमित चेकिंग की जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एफडीआर तकनीक से काम करने वाले कान्ट्रेक्टर्स की बैठक बुलाई जाय।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि एफडीआर तकनीक अपनाने से जिस पैसे की बचत हो रही है, उससे सड़कों के सौन्दर्यीकरण आदि पर व्यय किया जा सकता है, जैसे कहीं पर सड़क किनारे, जहां उचित हो राहगीरों, यात्रियों आदि के बैठने के लिए सीटें यूरेनल, जन्कशन इम्प्रूवमेंट, वृक्षारोपण, ट्री गार्ड आदि, कार्य करा सकते हैं, इसका प्लान बनायें। उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रान्तों के कान्ट्रेक्टर्स व विशेषज्ञों को भी बुलाकर बैठक करायी जाय, जिसमे विस्तार से चर्चा की जाए। एफडीआर तकनीक का फायदे का व्यापक सन्देश समाज में दिया जाय। एफ डी आर तकनीक से बचत की गयी धनराशि के बारे में पीपीटी तैयार करे। बचत के आधार पर धन की डिमांड करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के अनुरक्षण के कार्य प्राथमिकता के आधार पर करायें जाए। सड़कों के निर्माण में समाज को अच्छा सन्देश देने वाले प्रोग्राम डिजाइन करें। जिन सड़कों की मेन्टीनेन्स की समय सीमा समाप्त हो गयी है, उन्हें लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कराया जाय।

# शत-प्रतिशत घरों व प्रतिष्ठानों को सीवर लाइन से जोड़ा जाए: मनोज कुमार सिंह



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर निगम लखनऊ, वाराणसी, कानपुर और प्रयागराज में सीवरेज, जल निकासी, पेयजल की व्यवस्था की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस मौके पर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि जिन क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका, उसके आसपास के शत-प्रतिशत घरों व प्रतिष्ठानों को सीवर लाइन से जोड़ा जाये। इन क्षेत्रों में नाले का पानी सीवर में प्रवाहित नहीं होना चाहिये। इसी प्रकार जिन क्षेत्रों में पेयजल के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां सभी घरों को शीघ्र पेयजल कनेक्शन से जोड़ा जाये। इसकी साप्ताहिक समीक्षा की जाये। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में नाले क्षतिग्रस्त हैं, उनका सुदृढ़ीकरण कराया जाये। वर्षाकाल के दौरान जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए एक बेहतर कार्ययोजना बनायी जाये। सीवर का पानी नाले में तथा नाले का पानी में सीवर में न जाये, इसके लिए भी एक प्लान तैयार किया जाये। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास श्री अजय कुमार शुक्ला, विशेष सचिव नगर विकास श्री अमित कुमार सिंह, नगर आयुक्त लखनऊ श्री इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि तथा सम्बंधित निकायों के वरिष्ठ अधिकारीगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

# गैर इरादतन हत्या के आरोपियों को सात वर्ष का कारावास

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**रंगदारी** मांगने व गैर इरादतन हत्या के एक मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी जगत नारायन अवस्थी व आलोक वर्मा उर्फ अनूप लोधी को सत्र अदालत ने सात वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे श्याम मोहन जायसवाल ने इन दोनों आरोपियों पर अलग अलग 22 हजार रुपए का जुर्माना भी ठोका है।

17 अप्रैल 2017 को इस घटना की एफआईआर शिवकुमारी देवी ने थाना पारा में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील सारिका मौर्य के मुताबिक एक दिन पहले शिवकुमारी अपने पति के साथ अपने निर्माणाधीन मकान पर गई थीं। दोपहर में दोनों आरोपी उनके मकान पर आए और उनके पति से दस हजार रुपए मांगने लगे। कहने लगे कि मकान बनवाना है, तो रुपए देने पड़ेंगे। फिर गंदी गंदी गालियां देते हुए जानमाल की धमकी देने लगे। इस पर उनके पति ने एतराज जताते हुए कहा कि किस बात का पैसा दें। इतने में उनके पति को मारने लगे और उन्हें नाली में ढकेल दिया। घर में घुसकर सामान तोड़ने लगे। इस बीच आरोपियों के अन्य साथी भी आ गए। फिर बंदूक लहराते हुए कहने लगे कि अगर पैसा नहीं दोगे तो मकान नहीं बनाने दूंगा। यह सब सुनकर उनके पति को सदमा लगा। वह डर के मारे कांपने लगे और बेहोश होकर गिर गए। उन्हें बेहोशी की हालत में ट्रामा सेंटर ले जाया गया। डॉक्टर ने बताया कि तनाव की वजह से दिमाग की नश फट गई है। फिर उनका ऑपरेशन होने लगा। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित कर महापौर ने दी विदाई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**त्रिलोक** नाथ हाल लालबाग मुख्यालय में आयोजित नगर निगम द्वारा सेवा से सेवानिवृत हुए कर्मचारी साथियों को विदाई दी गयी। महापौर द्वारा 11 सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को मोमेंटो देते हुए सम्मानित किया गया।

मंगलवार को सम्मान में त्रिलोक नाथ हाल लालबाग में आयोजित विदाई एवम् सम्मान समारोह में संगठन के साथियों को सम्मानित किया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने 11 कर्मियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। नगर निगम कर्मचारी संघ ने विदाई समारोह में सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को जीवन की दूसरी पारी शुरू करने की शुभकामनाएं दी। संघ के उपाध्यक्ष शमीम अखलाक ने बताया कि कार्यक्रम में महेश कुमार, सोहन लाल, विशनलाल, मीना, राम भरोसे, सूरज, रमाकांत शर्मा, कमलेश कुमार, सलामत अब्बास, नजमुल हसन, पच्चो सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को महापौर ने सम्मानित कर विदाई दी। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा, अर्जुन यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य वित्त एवम् लेखाधिकारी नन्द राम कुरील, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट उपस्थित रहे। वरिष्ट कर्मचारी नेताओ एवम् कर्मचारी साथियों की उपस्थिति में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया और कार्यक्रम में कर्मचारी समाज की बात रखने का अवसर प्राप्त हुआ।

# स्वच्छता से रूबरू हुए परिषदीय विद्यालयों के 1.40 करोड़ नौनिहाल

● सोमवार और मंगलवार को मनाया गया स्वच्छता जागरूकता दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**15** सितम्बर तक प्रदेश में चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के दूसरे व तीसरे दिन स्वच्छता जागरूकता दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रदेश के लगभग 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों के 1.40 करोड़ नौनिहालों ने स्वच्छता शपथ ली और हाथ धोने के महत्व को जाना।

पहली सितम्बर से एक पखवाड़ा यानी 15 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों और शिक्षकों के साथ समुदाय के लोगों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। योगी सरकार द्वारा मनाये जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के दूसरे दिन सोमवार को परिषदीय विद्यालयों के बच्चों, शिक्षकों और स्टॉफ को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। वहीं, मंगलवार को स्वच्छता जागरूकता दिवस मनाया गया। शपथ दिलाने के बाद विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों का क्रम शुरू हो गया। साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा में प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में एसएमसी/ एसएमडीसी/ पीटीए की बैठकें आयोजित हुईं। इस दौरान छात्रों को स्वच्छता और हाथ धोने के महत्व और उनके लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान होने वाले अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) में अभिभावकों को जल संरक्षण/वर्षा जल संचयन की विधियों से परिचित कराया गया और उन्हें बढ़ावा देने व अपनाने पर बल दिया गया। बच्चों को स्कूल के साथ-साथ घर में स्वच्छता और सफाई के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया गया।

# नवयुग कन्या महाविद्यालय व मेधा एनजीओ के बीच एमओयू



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नवयुग** कन्या महाविद्यालय में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। समझौता ज्ञापन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय और मेधा एनजीओ के बीच हुआ। मेधा युवाओं के रोजगार परिणामों में सुधार के लिए काम करती है और यह महाविद्यालय की छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण, कॅरियर काउंसलिंग और कार्यस्थल का अनुभव प्रदान करती है। इस अवसर पर मेधा की प्रतिनिधि कृति द्विवेदी, प्लेसमेंट सेल की प्रमुख प्रोफेसर शर्मिता नंदी, डॉ अनुरिमा बनर्जी और आईक्यूएसी सेल की सदस्य डॉ. नेहा अग्रवाल उपस्थित थीं। मेधा 2018 से महाविद्यालय में कार्यरत है। प्राचार्य के मार्गदर्शन और समर्थन से, इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य आधुनिक भारत की युवतियों के चरित्र और व्यक्तित्व को संवारना है।

# बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति भारत के लिए चेतावनी: राजेश्वर सिंह

## सरोजनीनगर विधायक ने कहा, देश की अखंडता और सांप्रदायिक संतुलन के लिए उठाए जाएं निर्णायक कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सरोजनीनगर** विधायक राजेश्वर सिंह ने कहा है कि बांग्लादेश की अशांति भारत के लिए एक चेतावनी है, सीमा सुरक्षा कड़ी होनी चाहिए, पक्षपातपूर्ण नैरेटिव की जांच होनी चाहिए, सीएए को सुदृढ़ बनाया जाना चाहिए और बहुत देर होने से पहले राष्ट्रीय अखंडता और सांप्रदायिक संतुलन की रक्षा के लिए निर्णायक कदम उठाने चाहिए।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंगलवार को बांग्लादेश की ताजा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट कर 9 प्रमुख बिंदु रेखांकित किए। इनमें विदेशी फंडेड पत्रकारों की जांच होनी चाहिए। विधायक ने लिखा विदेशी फंडिंग और विदेशी झुकाव वाले पत्रकार अक्सर ऐसी कहानियां गढ़ते हैं जो राष्ट्रीय हितों से मेल नहीं खातीं। उदाहरण के लिए, वर्तमान बांग्लादेश संकट में, जबकि प्रमुख मीडिया आउटलेट्स ने हिंदू विरोधी हिंसा का समर्थन करने वाले नैरेटिव को कवर किया, लेकिन वे जबरन इस्तीफे और हिंदुओं पर हमलों पर चुप रहे। ऐसे पक्षपाती आउटलेट्स पर निगरानी की जरूरत है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने आगे लिखा बांग्लादेश में चल रहे हिंदू विरोधी नरसंहार के दौरान, प्रमुख भारतीय कथित 'धर्मनिरपेक्ष' आवाज़ें, एमनेस्टी इंटरनेशनल और यूएससीआईआरएफ जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठन स्पष्ट रूप से चुप थे। इसके विपरीत, इन संस्थाओं ने गाजा में घटनाओं की मुखर रूप से निंदा कर अपने चयनात्मक दृष्टिकोण को उजागर किया। पक्षपाती और तथाकथित 'भारत के स्वघोषित धर्मनिरपेक्ष लोगों' पर कड़ी नजर रखी जानी चाहिए क्योंकि वे राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता के लिए संभावित खतरे हैं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने आंकड़े प्रस्तुत कर बांग्लादेश में तेजी से घटती हिंदू आबादी को भारत के लिए खतरनाक बताते हुए लिखा, बांग्लादेश में हिंदू आबादी 1951 में 22.5 प्रतिशत से घटकर आज लगभग 7.5 प्रतिशत रह गई है। हिंसा, भेदभाव और जबरन प्रवासन से प्रेरित जनसंख्या में भारी गिरावट लक्षित जनसांख्यिकीय क्षरण की स्पष्ट कहानी कहती है। इसी तरह की प्रवृत्ति भारत में भी दिखाई दे रही है, जहां हिंदू आबादी 1951 में 84.1 प्रतिशत से घटकर 2011 में 79.8 प्रतिशत हो गई है। हिंदुओं की यह गिरावट कुछ राज्यों में तो खतरनाक रुझानों को इंगित करती है। डॉ. सिंह ने राज्यों का उल्लेख करते हुए आगे जोड़ा केरल-1951 में हिंदू जनसंख्या 61.6 प्रतिशत थी जो 2011 में 54.7 प्रतिशत रह गई, इसी तरह पश्चिम बंगाल में हिंदू जनसंख्या 1951 में 78.45 प्रतिशत से 2011 में 70.5 प्रतिशत रह गई, उत्तर प्रदेश में 1951 में हिंदू आबादी 84.8 प्रतिशत से घटकर 2011 में 79.7 प्रतिशत हो गई, ये जनसांख्यिकीय परिवर्तन निरंतर सतर्कता की आवश्यकता का संकेत देते हैं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने लिखा कि बांग्लादेश की रिपोर्ट और वीडियो से पता चलता है कि हिंदू शिक्षकों, पुलिस अधिकारियों और अधिकारियों को केवल उनके धर्म के आधार पर इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा रहा है, पीटा जा रहा है और अपमानित किया जा रहा है।

# खतौनी में फर्जीवाड़े की एफआईआर दर्ज कानूनगो पर कार्रवाई के लिए भेजी रिपोर्ट

● मोहनलालगंज के कई गांव में फर्जीवाड़े की परतें खुली मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी पुलिस

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**तहसील** में रियल टाइम खतौनी बनाते समय किए गए फर्जीवाड़े की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच में कई गांव की खतौनी में फर्जीवाड़े की परतें खुलकर सामने आ रही हैं। अब तक चार गांव की खतौनी में की गई गड़बड़ियों का पता चला है। लिहाजा पुलिस ने जांच तेज कर संदेह के घेरे में आए तहसील कर्मी और प्रॉपर्टी डीलर समेत दो दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की है। उधर मामले में एफआईआर दर्ज कराने वाले राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध भी कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजी गई है।

मोहनलालगंज तहसील के धौरहरा और गौरिया कला ही नही सदरपुर करोरा गांव की नई खतौनी में भी फर्जी तरीके से इंद्राज किया गया था। हालांकि राजस्व निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में महज धौरहरा की खतौनी में किए गए फर्जीवाड़े का ही जिक्र किया है। जिसमें पुलिस ने संविदा कर्मी हेरंब और लाभार्थी रामअधार के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच तेज कर दी है। उधर जांच के दौरान चौथे गांव सिकंदरपुर अमोलिया की खतौनी में भी गड़बड़ी की बात पता चली है। जिसके बाद डीएम सूर्यपाल गंगवार ने तहसील के सभी गांव की नई खतौनी का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने सभी रजिस्ट्रार कानूनगो को डिजिटल की का इस्तेमाल स्वयं करने और आवश्यकतानुसार लेखपालों की मदद लेने की भी हिदायत दी है। उधर रियल टाइम खतौनी में फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी पुलिस को एक ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली है। जिसे लेकर पुलिस अब तक संदेह के घेरे में आए तहसील कर्मी प्रॉपर्टी डीलर और फर्जीवाड़े के लाभार्थियों समेत लगभग 25 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। जांच कर रही पुलिस टीम ने फर्जीवाड़े से जुड़े सारे अभिलेख तहसील अधिकारियों से हासिल कर लिए हैं। पुलिस की पूछताछ में कुछ लोगों ने हजारों के लेनदेन की बात भी पुलिस को बताई है। एसएचओ आलोक राव ने बताया राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर संदेह के घेरे में आए लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### कानूनगो को छह माह बाद लगी फर्जीवाड़े की भनक

**राजस्व** निरीक्षक की डिजिटल की से खतौनी में फर्जी इंद्राज किए जाते रहे और पीड़ितों की शिकायत पर उन्हें छह माह बाद फर्जीवाडे की भनक लग सकी। फिर भी सारा ठीकरा संविदाकर्मी पर फोड़कर कानूनगो ने ही एफआईआर दर्ज करा दी। लिहाजा फर्जीवाड़े का सारा सच सामने लाने के लिए वकीलों ने मामले में न्यायिक जांच की मांग की है। हालांकि तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय ने बताया मामले में राजस्व निरीक्षक की लापरवाही को लेकर जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

### फर्जी इंद्राज के बाद प्रॉपर्टी डीलरों ने कराया एग्रीमेंट

**धौरहरा** और गौरिया कला की खतौनी में फर्जी इंद्राज के पीछे मोटी डील की बात कही जा रही है। धौरहरा में फर्जी तरीके से लाभार्थी रामअधार का नाम खतौनी पर दर्ज कराने के बाद कुछ जमीन प्रॉपर्टी डीलरों के नाम एग्रीमेंट कर दी गई। प्रॉपर्टी डीलरों ने जमीन पर मिट्टी पटाई शुरू कराई तब जाकर फर्जीवाडे की परतें खुल सकीं। उधर गौरियाकला में भी फर्जीवाड़े के पीछे का खेल पुलिस की जांच में बेपर्दा होता नजर आ रहा है। जबकि सदरपुर करोरा में भाई की जमीन में फर्जी तरीके से दूसरे भाई को हिस्सेदार बना दिया गया। इस मामले में भी फर्जी इंद्राज निरस्त कराया गया है।

# युवाओं के लिए हमेशा खुला है भाजपा का द्वार: डॉ प्रांशु द्विवेदी

**संवाददाता।** प्रयागराज



**भारतीय** जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में युवा मोर्चा के तीन वर्ष के सफल कार्यकाल को लेकर ग्रीन गार्डन सिविल लाइन में कार्यकर्ता समागम एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ प्रांशु द्विवेदी ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को तीन वर्ष के सफल कार्यकाल की बधाई देते हुए कहा कि तीन वर्षों के कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अपने मेहनत के बल पर केंद्र में मोदी एवं प्रदेश में योगी सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो सपना है भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का उसे विजन को पूरा करने में देश का नौजवान भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी से जुड़े और आगे आएं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश की युवाओं से विकसित एवं समृद्धि भारत के निर्माण के लिए राजनीति से जुड़ने का आह्वान किया है। युवाओं के लिए भारतीय जनता पार्टी एक सर्वोत्तम प्लेटफार्म है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक एवं भाजपा महानगर युवा मोर्चा के अध्यक्ष रोहित पप्पू पांडे ने मुख्य अतिथि प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष डा प्रांशु द्विवेदी महापौर गणेश केसरवानी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गौतम महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा शैलेंद्र मौर्य का स्वागत किया।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके पूर्व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। संचालन श्याम प्रकाश पांडे किया एवं धन्यवाद समापन अमित गुप्ता ने किया।

# यूपी एसएसएफ के एएसपी ने प्रयागराज सिविल एयरपोर्ट का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** अपर पुलिस अधीक्षक एवम उपसेना नायक तृतीय बटालियन यूपी एसएसएफ प्रयागराज सुरेश चंद्र रावत ने मंगलवार अधिकारियों के साथ सिविल एयरपोर्ट प्रयागराज का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रवेश द्वार एसएचए एरिया स्टाफ गेट अराइवल एरिया पर लगे पुलिस बल का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने प्रथम शिफ्ट तथा द्वितीय शिफ्ट में लगे पुलिस बल के साथ अलग अलग ब्रीफिंग की। सीसीटीवी कैमरा मैं प्लेबैक करके पीक आवर में पुलिस की सक्रियता तथा व्यवहार का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें सक्रियता संतोषजनक पाई गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने एंटी सबोटाज चेक टीम तथा बम डिस्पोजल दस्ते को सभी उपकरणों का प्रयोग करते हुए समयबद्धता से चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी विजय कुमार मिश्रा मुख्य सुरक्षा अधिकारी के साथ समन्वय बैठक भी की। एयरपोर्ट पर पुलिस सुरक्षा के पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के मानकों के दृष्टिगत पुलिस व्यवस्था को और अधिक बेहतर तथा उच्चतम स्तर को बनाए जाने हेतु पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# जनपद को 13 अरब की परियोजनाओं की सौगात देंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**संवाददाता।** भीटी, अंबेडकरनगर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ कटेहरी विधानसभा उपचुनाव से पहले आठ सितंबर को एक बार फिर जिले में पहुंचेंगे। इस बार वे हीड़ी पकड़िया गांव पहुंचेंगे, जहां लगभग 13 अरब रुपये की विकास से योजनाओं की सौगात कटेहरी वासियों को देंगे। डीएम व अन्य अधिकारियों ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का सोमवार को जायजा लेकर तेजी से तैयारियां शुरू करा दी हैं। कटेहरी में आगामी दिनों में होने वाले उपचुनाव की कमान सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संभाल रखी है।

अयोध्या की मिल्कीपुर सीट के अलावा कटेहरी की सीट पर जीत दर्ज कराने के लिए सीएम स्वयं लगातार दोनों क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। एक माह के भीतर अब वे तीसरी बार जिले में आने जा रहे हैं। पहली बार सात अगस्त को जनपद मुख्यालय का दौरा किया था। जबकि दूसरी बार उन्होंने 17 अगस्त को कटेहरी पहुंचकर वृहद रोजगार व ऋण मेले का शुभारंभ किया था। अब सीएम योगी आठ सितंबर को कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के भीटी ब्लॉक स्थित हीड़ी पकड़िया पहुंच रहे हैं।

यहां स्थित एक मैदान में वे 13 अरब रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इसमें ढाई अरब रुपये की परियोजनाएं सीधे कटेहरी विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी हैं। जबकि अन्य परियोजनाओं का लाभ जनपद के अन्य हिस्सों में रह रहे लोगों को मिलेगा। सीएम के दौरे को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का डीएम अविनाश सिंह ने जायजा लिया। वॉटर प्रूफ पंडाल बनाए जाने के साथ ही बड़ी तादाद में लोगों के बैठने का प्रबंध किए जाने का निर्णय हुआ है। एडीएम डॉ. सदानंद गुप्त, एएसपी पश्चिमी विशाल पांडेय, एसडीएम सदर सौरभ शुक्ल, एसडीएम भीटी पवन जायसवाल, पीडी अनिल सिंह, डीडीओ सुनील तिवारी के अलावा अन्य अफसर भी मौजूद रहे।

भाजपा ने भी शुरू कीं तैयारियां

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने बताया कि सीएम के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उनका यह दौरा भी विकास के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। बड़े पैमाने पर सीएम के दौरे में कटेहरी व अन्य क्षेत्र के लोगों को विकास योजनाओं की सौगात मिलने जा रही हैं।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों को किया गया जागरूक



**सोनभद्र।** महिलाओं व बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के प्रति पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी, महिला बीट आरक्षियों व एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बीट, गांव, स्कूल, कॉलेज में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा मिशन शक्ति के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं महिलाओं को जागरूक किया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन्, 102 स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

## फरार चल रहा इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



**सोनभद्र।** थाना मांची पर पंजीकृत गौ वध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम समेत अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्त संतोष कुमार धांगर ग्राम सोमा थाना मांची जनपद सोनभद्र लगातार फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा 12,500 रुपये का पुलिस टीम को विशेष निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर ने नेतृत्व में थानाध्यक्ष मांची रामदरश राम चौकी प्रभारी सुअरसोत संजय कुमार चौकी प्रभारी पनौरा संजय कुमार व अन्य पुलिस कर्मियो द्वारा 2 सितम्बर को 18.15 बजे जंगल घुसियानी के पास अभियुक्त संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सपा सरकार बनी तो युवाओं को मिलेगा रोजगार: प्रदेश महासचिव

**सकलडीहा, चन्दौली।** सकलडीहा पीजी कालेज के समीप मंगलवार को समाजवादी युवजन और समाजवादी छात्र सभा की ओर से संयुक्त रूप से पीडीए पखवारे कार्यक्रम के तहत सदस्यता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए दो सौ से अधिक लोगों को समाजवादी पार्टी का सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओ ने सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव राबिन सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के कारनामे से आमजनमानस पूरी तरह ऊब चुका है। वह समाजवादी पार्टी की ओर विश्वास की नजर से देख रहा है। सपा की सरकार बनी तो हर युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पीडीये पखवारा के तहत गांव,कस्बा,बाजार,स्कूल हर जगह पहुंच लोगो को पार्टी की नीतियों से रूबरू कराया जा रहा है। वही लोग भी पार्टी को भरपूर समर्थन दे रहे हैं।

## पिता-पुत्र दोनों सर्प ने काटा, पुत्र की मौत

**सकलडीहा, चन्दौली।** कोतवाली क्षेत्र के मनियारपुर गांव में बीते तीन दिन पूर्व घर मे सो रहे पिता पुत्र को सांप ने डस लिया। गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां पुत्र की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस को सूचना मिलने पर बेटे के शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया गया।वही पिता की दो दिन इलाज के बाद घर लाया गया। मनियारपुर गांव निवासी राजकुमार अपने पुत्र राजबिजय (12) के साथ बरामदे में सो रहे थे। रात में सोते समय जहरीले सर्प ने पिता पुत्र दोनों को काट लिया। सर्प दंश से पिता पुत्र की हालत बिगड़ने लगी आनन-फानन में परिजन व ग्रामीण जिला चिकित्सालय ले गए। जहा इलाज के दौरान राजबिजय की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई पूरा कराया। जबकि पिता राजकुमार का दो दिन इलाज के बाद घर लाया गया। पुत्र राजबिजय कि मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है।

## सदस्यता अभियान को लेकर सदस्यों की हुई बैठक



**गाजीपुर।** भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के लक्ष्य सफलता हेतु सदस्यता अभियान सदस्यों की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सोमवार से शुरू सभी स्तर के पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान में लगने तथा रिपोर्टिंग, मानिटरिंग के सक्रियता पर विचार किया गया। बैठक मे जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कल बुधवार को जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी मरदह क्षेत्र के मलिकनाथपुर मे बुथ सदस्यता अभियान में उपस्थित रहेंगे तथा अपराह्न 2 बजे, भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर प्रेसवार्ता भी करेंगे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा उपस्थित थे।

# भव्य गंगा आरती के आयोजन में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़



**गाज़ीपुर।** मोक्षदायिनी मां गंगा फाउंडेशन, द्वारा स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में सोमवार 2 सितंबर को चीतनाथ गंगा घाट पर सांयकाल सात बजे से वाराणसी से आए ब्राह्मणों द्वारा मां गंगा की आरती का आयोजन संपन्न हुआ, फाउंडेशन के सदस्य मयंक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी कार्यकर्ता गण प्रत्येक सोमवार को इस आरती का आयोजन करते हैं जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर वर्ग से उपस्थित रहते हैं, इसका उद्देश्य गंगा नदी की महिमा और धार्मिक महत्व को बढ़ाना होता है, गंगा आरती एक धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें गंगा नदी की पूजा और आराधना की जाती है, यह आरती सांयकाल सात बजे होती है और इसमें भव्य दीपों, मंत्रों और संगीत का विशेष योगदान होता है, इस आरती के दौरान पुजारी और यजमान पारंपरिक वस्त्र धारण करते हैं और विशेष प्रकार के दीपक जलाकर गंगा माता की आराधना करते हैं, गंगा आरती का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व बहुत बड़ा है, यह न केवल गंगा नदी की महिमा का प्रतीक है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परंपराओं का जीवंत उदाहरण भी है।

चीतनाथ घाट पर होने वाली आरती को देखने के लिए दूर सुदूर क्षेत्रों से लोग आते हैं और इस दृश्य का आनंद लेते हैं।

## अंडर 19 बालिका वर्ग में चयनित हुई रिदिमा

**गाजीपुर।** जनपद के गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया अंडर 19 वर्ग की महिला खिलाडियों का कमला क्लब में हाल ही में हुए राज्य स्तरीय ट्रायल में जनपद की निवासिनी रिदिमा यादव का चयन किया गया है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा चयनित सभी खिलाडियों के लिए आगामी 8 तथा 10 सितम्बर को कमला क्लब कानपुर अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर के दौरान इन खिलाडियों का भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड स्तर के आगामी सत्र हेतु पंजीकरण भी किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि 7 सितम्बर को सायं 6 बजे तक कमला क्लब कानपुर में उपस्थिति सुनिश्चित करें। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड स्तर के आगामी सत्र हेतु पंजीकरण हेतु मूल आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र साथ में अवश्य लेकर जाएं तथा अनुशासन में रखते हुए अपना बेहतर प्रदर्शन करें।

# तीन साल में कुपोषित बच्चों में आई कमी, चुनौतियां बरकरार

**मीरजापुर।** कुपोषण मुक्ति को शासन की मंशा के लेकर प्रयास किया जा रहे हैं। जिले में पिछले तीन सालों में कुपोषण कम हुआ है। सिर्फ इसी बात पर खुश होना काफी नाहीं है क्योंकि अभी भी जिले में कुपोषण की छाया जिम्मेदारों के लिए चुनौती से कम नहीं है। पूरा सितंबर पोषण माह के रूप में बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस महीने की गतिविधियां कुपोषण की स्थिति को तय करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकता पर पोषण कार्यक्रम वर्षों से चल रहा है। पीएम पोषण योजना के अलावा स्वास्थ्य बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए समन्वय कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। ऐसी स्थितियों में कुपोषण अभी जिले से खत्म तो नहीं हुआ, लेकिन इसके स्तर में कुछ कमी लाने के प्रयास जरूर सार्थक हुए हैं। पिछले सालों में पोपण योजनाओं के साथ- साथ संभव अभियान की मदद से अति गंभीर कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने की सफलता भी मिली है। ऐसा नहीं है कि पोपण योजनाओं का असर कुपोषण कम करने में नहीं रहा, लेकिन तमाम विपरीत परिस्थितियों के भी जिले में सुधार के सकारात्मक परिणाम भविष्य के लिए कुपोषण मुक्ति की उम्मीद दिखा रहे हैं।

वर्ष 2021 में अति कुपोषित बच्चों का प्रतिशत जहां 0.72 रहा, जुलाई 2024 के आंकड़ों में अब यह स्थिति 0.45 दर्ज हुई है। ठीक इसी तरह कुपोषित बच्चों का प्रतिशत जिले में 3.44 प्रतिशत से घटकर 2.58 प्रतिशत रह गया है। इसके बावजूद भी पूरे जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए अभी भी चुनौतियां कम नहीं तथा प्रयासों की और जरूरत है। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह का कहना है कि सामूहिक रूप से कुपोषण मुक्ति के प्रयास जारी जारी हैं।

## सीएम योगी के आगमन को लेकर मंत्री राकेश सचान ने परखीं तैयारियां



**प्रयागराज।** मंत्री सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम खादी एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग उत्तर प्रदेश राकेश सचान ने सोमवार को अधिकारियों के साथ इफको फूलपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 4 सितम्बर बुधवार के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर वहां पर की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री के साथ सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या पुलिस आयुक्त तरुण गाबा मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल भाजपा गंगापार जिलाध्यक्ष कविता पटेल आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**सोनभद्र।** अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेन्द्र यादव ने अवगत कराया है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश रवीन्द्र विक्रम सिंह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के निर्देशानुसार जिला विधिक अदालत से पूर्व 11 ,12 व 13 सितम्बर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत मामलों अधिकाधिक वादों के निस्तारण के लिए 3 सितम्बर को प्रातः 10 बजे समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अधिकाकारियों की बैठक आहूत की गयी है। बैठक में सभी न्यायिक मजिस्ट्रेट अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 14 सितम्बर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व 11, 12 व 13 सितम्बर 2024 को विशेष लोक अदालत के अन्तर्गत मामलों में अधिकाधिक वादों में नोटिस का तामीला सुनिश्चित कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में न्यायालयों में लम्बित मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित किया गया है।

## मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पंजीकरण की बढ़ाएं रफ्तार: कुलपति

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के आगामी 11 सितंबर 2024 को होने वाले 19वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए पूरे प्रदेश से अभी तक 1672 शिक्षार्थियों ने पंजीकरण करा लिया है। जिनमें प्रयागराज क्षेत्र 424 पंजीकरण के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। कुलपति प्रो सत्यकाम ने आज सभी क्षेत्र के समन्वयकों से कहा कि वह अधिक से अधिक शिक्षार्थियों का पंजीकरण कराकर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। जिससे उन्हें भी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पंजीकरण की प्रगति धीमी है उसे व्यक्तिगत प्रयास से तेजी से आगे बढ़ाया जाए। पंजीयन एवं वेबसाइट समिति की समन्वयक प्रो श्रुति ने अभी तक हुए पंजीकरण की अद्यतन जानकारी देते हुए बताया कि दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए अभी तक पूरे उत्तर प्रदेश से 1672 शिक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है। बताया कि कुलपति प्रो सत्यकाम के निर्देश पर छात्राओं का अधिक से अधिक पंजीकरण कराने के लिए सभी क्षेत्रीय केंद्र समन्वयकों को निर्देशित किया गया है।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, एक बाइक जेवरात सहित नकदी हुई बरामद



**उरई, जालौन।** सदर कोतवाली पुलिस, सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम, वाहन चोर, वांछित अपराधी की सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर राठ रोड पुल के समीप से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बाइक, सोने, चांदी के जेवराज व 36 हजार 100 रुपये की नकदी सहित अन्य चोरी का सामान बरामद किया।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार के निर्देश पर संयुक्त पुलिस टीम पिछले दिनों सात चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर चोरों की तलाश थी तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने राठ रोड पुल के समीप से धर्मेन्द्र उर्फमुन्नालाल पुत्र मनोज श्रीवास निवासी तुलसीनगर उरई व वीरू पुत्र स्व. नंदराम अहिरवार निवासी पुराना रामनगर ईदगाह के पीछे को बाइक नंबर यूपी 93 एएन 3722 पल्सर, एक गैस सिलेंडर, पीतल, तांबा के बर्तन, चार मोबाइल के साथ 36 हजार 100 रुपए, दो जोड़ी चांदी की पायल सहित अन्य चोरी का सामान बरामद किया। बताया जाता है कि धर्मेन्द्र उर्फ मुन्नालाल के विरुद्ध उरई कोतवाली में विभिन्न धाराओं में 18 मुकदमे दर्ज है जबकि वीरू पुत्र नंदराम निवासी रामनगर उरई के विरुद्ध 17 मुकदमे दर्ज कराये जा रहे हैं।

# डीएम ने ओडीए की समीक्षा बैठक में अधूरे कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उरई विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उरई विकास प्राधिकरण उरई की वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राधिकरण की 25वीं बोर्ड बैठक में स्वीकृत निर्माणाधीन कार्यो की समीक्षा की जिस पर बताया गया कि एनआईसी गेट से जिला पंचायत कार्यालय होते हुए केन्टीन की सड़क तक डामरीकरण तथा विकास भवन के मुख्य द्वार से पुलिस अधीक्षक के कार्यालय तक डामरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

टाउन हॉल के पीछे प्रस्तावित पार्क के निर्माण का कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने कार्य मे तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। चौरसी योजना से मुख्य सड़क की पुलिया तक आरसीसी नाला का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

एनआईसी गेट से ऑफीसर कालोनी धर्मा पैलेस होते हुए जालौन-चुर्खी बाईपास तक सड़क के दोनों ओर चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने एनआईसी से जालौन चुंगी तक सड़क के दोनों ओर सुन्दरीकरण का कार्य के बारे में जानकारी की जिस संबंधित द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति पर है लगभग 20 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया है जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य में तेजी लाए जाने के कड़े निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट गेट के सामने स्ट्रीट स्कैपिंग का कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने कार्य मे तेजी लाये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उरई विकास प्राधिकरण उरई की वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राधिकरण की 26वीं बोर्ड बैठक में स्वीकृत कार्यो की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने उरई विकास प्राधिकरण उरई की वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राधिकरण की 27वीं बोर्ड बैठक में प्रस्तावित निर्माण, विकास कार्यो की समीक्षा की। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, मुख्य कोषाधिकारी आनंद सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध अतिक्रमण को हटाना है सर्वोच्च प्राथमिकता: एसडीएम



**जालौन, उरई।** सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण हो हटाया जाएगा। राजस्व व चकरोड के मामलों को शीघ्रता से निपटाया जाएगा। यह बात नवागंतुक एसडीएम ने तहसील स्थित कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। नवागंतुक एसडीएम हेमंत पटेल ने तहसील में कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि फरियादी को समय से न्याय मिल सके और शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण हो सके। 2021 बैच के अधिकारी हेमंत पटेल ने बताया कि उनकी पहली ज्वाइनिंग इसी जनपद में हुई है। वह कालपी और उरई में एसडीएम के पद पर रह चुके हैं। तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीन से अवैध कब्जों को हटवाना उनकी प्राथमिकता में रहेगा।

# उसरगांव के खेत में मिला युवती का अर्धनग्न शव, फैली सनसनी

**कालपी, जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उसरगांव के खेतों में गांव की ही विवाहित युवती का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला है। मानसिक रूप से कमजोर यह युवती कई वर्षो से पिता के घर रह रही थी। शव के पास से पुलिस को शराब का खाली पाऊच और अन्य सामान भी मिला है। इस मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार शाम खेतों में अपने जानवर चराने गये चरवाहे ने बताया था कि गांव के ही स्व. शिवा तिवारी के खेत की मेंढ़ पर महिला की लाश पड़ी है धीरे धीरे यह सूचना मंगलवार सुबह ग्राम प्रधान तक पहुंची तो उन्होंने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सूचना पुलिस को दी थी। महिला की लाश खेतों में मिलने की सूचना पुलिस को मिली तो हड़कंप मच गया आनन फनन सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी कोतवाली के पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और शव को कब्जे में लेकर जाँच शुरू कर दी थी लेकिन पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी उसकी शिनाख्त नही हो पा रही थी इस दौरान पुलिस ने तकनीकी टीम के माध्यम से साक्षय संकलन कर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा था लेकिन इसी बीच ग्रामीणों ने बताया कि यह शव गांव के ही कुंवर सिंह कुशवाहा की पुत्री पूजा कुशवाहा का है जो रविवार शाम से गांव और घर में नही देखी गई है। परिजनो और पडोसियो ने भी शव की शिनाख्त पूजा उम्र लगभग 27 वर्ष के रूप में की है। शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

सीओ डॉ देवेन्द्र पचौरी के अनुसार शव को पोस्टमार्टम को भेज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि प्रथम दृष्ट्या मामला हत्या का ही लग रहा है पर उसकी मौत कब और कैसे हुई इसकी जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगी।

# विद्यार्थी परिषद ने नगर में संचालित विद्यालयों के विरुद्ध बोला हल्ला



**जालौन, उरई।** नगर में संचालित विद्यालयों में सरकार के मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं न होने एवं प्रशिक्षित शिक्षकों के न होने का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने मंगलवार को तहसील गेट के बाहर सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। सूचना पर कोतवाली पुलिस के साथ ही एसडीएम भी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने पदाधिकारियों को समझा बुझाकर उन्हें हटाया। पदाधिकारियों ने 11 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर एक सप्ताह में नगर के विद्यालयों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग की अन्यथा की स्थिति में उग्र आंदोलन की भी चेतावनी भी दी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह संयोजक सोशल मीडिया सत्यम याज्ञिक के नेतृत्व में मंगल की सुबह करीब 11 बजे पदाधिकारी व कार्यकर्ता तहसील गेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने नगर के विद्यालयों में व्यवस्थाएं दुरूस्त न होने का आरोप लगाते हुए सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर में संचालित अधिकांश विद्यालयों में व्यवस्थाएं ठीक नहीं है और छात्र छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं का अभाव है। शिक्षा माफिया छात्र छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ कर शिक्षा के मंदिरों को व्यापार का साधन बनाकर चला रहे हैं। इस दौरान वहां जाम की स्थिति बन गई। इसकी जानकारी मिलते ही एसडीएम हेमंत पटेल, कोतवाल वीरेंद्र पटेल, चौकी प्रभारी कुलवंत सिंह आदि पहुंच गए। जहां उन्होंने पदाधिकारियों को समझा बुझाकर उठाया।

## भारत-चीन संबंध

### जयशंकर की टिप्पणी

**भारत के विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने भारत की 'विशेष चीन समस्या' का उल्लेख किया है। इस समस्या का गहरा संबंध दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी सीमा विवाद है जिसका समाधान अभी नहीं हुआ है। भारत-चीन संबंध लंबे समय से चुनौतियों से भरे रहे हैं, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की हालिया टिप्पणियों ने इन मुद्दों पर विभिन्न क्षेत्रों का गहराई से ध्यान आकर्षित किया है। जयशंकर ने कहा था कि भारत की 'विशेष चीन समस्या' है। उन्होंने जोर दिया कि यह चीन से जुड़े बाकी दुनिया के आम सरोकारों से अलग है जिसमें यूरोप और अमेरिका शामिल हैं। जयशंकर की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब दुनिया भर के अनेक देश 'सामान्य चीन समस्या' कही जाने वाली समस्या से निपट रहे हैं जिसके अनेक आयाम हैं। हालांकि, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा बहसों से रेखांकित यह समस्या केवल भारत के साथ नहीं है। यूरोप और अमेरिका के नीति निर्माता भी चीन के बढ़ते प्रभाव तथा उसके द्वारा पेश चुनौतियों से लगातार परेशान हो रहे हैं। व्यापार असंतुलन से लेकर महत्वपूर्ण ढांचागत संरचनाओं में चीनी तकनीक तक फैले ये मुद्दे चीन की वैश्विक भूमिका की व्यापक पड़ताल करते हैं। लेकिन भारत की स्थिति खासकर विशिष्ट भू-राजनीतिक व आर्थिक परिस्थितियों के कारण और ज्यादा जटिल हो जाती है। भारत




की चीन के साथ लंबी विवादित सीमा है जो पिछले सालों में अनेक सैनिक टकरावों का कारण बनी है। इनमें सबसे हालिया टकराव मई, 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुआ था।

भारत की 'विशेष चीन समस्या' अंतरराष्ट्रीय समुदाय के व्यापक सामान्य सरोकारों से आगे जाती है। इसकी जड़ें दोनों देशों के बीच उलझी सीमा समस्या में निहित हैं, जिसके कारण पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर लंबा सैनिक गतिरोध पैदा हुआ है। वर्तमान समय में जारी सीमा तनाव के कारण दोनों देशों ने सीमा पर लगभग 50,000-60,000 सैनिकों की तैनाती कर रखी है। इस अस्थिरता से निपटने के लिए स्थाई समाधान जरूरी है। इन मुद्दों के समाधान के लिए राजनयिक प्रयास जारी हैं जिसके चलते 29 अगस्त को बीजिंग में भारत-चीन सीमा मामलों पर समन्वय व सलाह की कार्यकारी व्यवस्था-डब्लूएमसीसी की 31वीं बैठक आयोजित की गई। लेकिन मजेदार बात है कि चीन के साथ तनाव और सीमा पर झड़पों के बावजूद भारत-चीन व्यापार फला-फूला है। भारत में अनेक आयातक चीन से नियमित रूप से भारतीय बाजार में बेचने के लिए सामान मंगाते हैं। लेकिन जयशंकर की टिप्पणी का अर्थ चीन के संबंध में आधिकारिक नीति में बदलाव हो सकता है। यदि सरकार नीति बदलती है तो चीनी वस्तुओं व निवेशों को ज्यादा बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है जिससे चीनी निवेशक हतोत्साहित होंगे। जयशंकर ने भारत-चीन संबंधों के आर्थिक आयाम भी उजागर किए हैं। व्यापार घाटे की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि चीनी निवेशों की प्रकृति महत्वपूर्ण विचार और चिन्ता का विषय है। वास्तव में देश की सुरक्षा से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जा सकता है और सुरक्षा सरोकारों पर पूरी गंभीरता से गौर किया जाना चाहिए। लेकिन इसके साथ ही वाणिज्य को भी द्विपक्षीय संबंधों में बाधा की तरह नहीं देखना चाहिए। यदि कोई एक चीज दोनों देशों के संबंधों में समुचित सुधार ला सकती है तो वह व्यापार है। हालांकि, भारत सुरक्षा-संवेदनशील क्षेत्रों में चीनी निवेश सीमित करने पर विचार कर सकता है जिनमें दूरसंचार और डिजिटल साइबर स्पेस शामिल हैं।

# ई-कामर्स से प्रभावित दूकानदार

अमेजन की आक्रामक मूल्य रणनीतियों के कारण ई-कामर्स का भारी विस्तार हुआ है। इससे अगले दशक में वह भारत के आधे खुदरा बाजार पर कब्जा कर सकता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 21 अगस्त, 2024 को 'पहले इंडिया फाउंडेशन' की रिपोर्ट 'नेट इंपैक्ट आफ ई-कामर्स आन इम्प्लायमेंट एंड कंज्यूमर वेल्फेयर इन इंडिया' जारी की। इस अवसर पर उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े ई-टेलर अमेजन पर निशाना लगाते हुए कहा कि वह उपभोक्ताओं को सीधे अपने उत्पाद बेचने के लिए 'विनाशकारी मूल्य नीति' लागू कर रहा है जिससे अगले दस साल में ई-कामर्स भारतीय खुदरा बाजार के आधे हिस्से पर कब्जा कर सकता है। इसका नकारात्मक प्रभाव लगभग 100 मिलियन छोटे खुदरा व्यापारियों पर पड़ेगा जो देश भर में फैले हैं। इसके कारण 'सामाजिक अशांति' पैदा हो सकती है। ई-कामर्स का अर्थ इंटरनेट का प्रयोग कर वस्तुओं या सेवाओं की खरीद बिक्री का व्यवहार है। विनाशकारी मूल्य नीति का अर्थ उत्पाद की कीमत असाधारण रूप से कम रखना है ताकि प्रतियोगिता समाप्त कर बाजार के ज्यादा से ज्यादा हिस्से पर कब्जा किया जा सके। आमतौर से बाजार में प्रवेश करने वाले नए पक्ष द्वारा प्रयुक्त विनाशकारी मूल्य नीति 'एंटी ट्रस्ट' कानूनों का उल्लंघन कर अपना एकाधिकार स्थापित करने का प्रयास है।

पीयूष गोयल की राय है कि अमेजन ई-कामर्स प्लेटफार्म पर बहुत कम कीमत पर चीजें बेचता है जिसके परिणामस्वरूप लगभग एक बिलियन डालर वार्षिक का भारी नुकसान होता है। इन नुकसानों की भरपाई के लिए वह अपनी मूल कंपनी से पैसा लेता है, पर इसे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई के रूप में दिखाता है। सामान्य रूप से देश में किसी एफडीआई का स्वागत है बशर्ते कि वह पूंजी निर्माण में योगदान करे क्योंकि इससे आर्थिक वृद्धि तेज होती है तथा विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ता है। लेकिन अमेजन द्वारा विदेशों से लाए गए डालर इन उद्देश्यों की पूर्ति नहीं करते हैं।

वर्ष 2020 में भी उन्होंने अमेजन स्वामियों के इस दावे का मजाक उड़ाया था कि वे भारत में कई बिलियन डालर लाते हैं। उस समय उन्होंने जेफ़ बेजोस पर आरोप लगाया था कि वे कंपनी द्वारा देश में किए बिजनेस में भारी नुकसान की पूर्ति के लिए पैसा लाते हैं। उन्होंने लाखों खुदरा व्यापारियों को होने वाले नुकसान पर भी चिन्ता प्रकट की थी। अमेजन मूल रूप से ई-कामर्स का 'मार्केट-प्लेस' माडल चलाता है। यह नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा शत प्रतिशत एफडीआई अनुमति का लाभ उठाता है।

'मार्केट-प्लेस' एक मंच है जहां वेंडर अपने उत्पाद ग्राहकों को बेच सकते हैं, जबकि उसका अमेजन जैसा मालिक केवल फैसिलिटेटर की भूमिका अदा करता है। मार्केटप्लेस का स्वामी आर्डर बुक करता है, इन्वायस तैयार करता है, डिलीवरी की व्यवस्था करता है, भुगतान प्राप्त करता है, अस्वीकृत माल को स्वीकार करता है और उनका भंडारण आदि करता है। लेकिन वह 'सीधे बिक्री' नहीं कर सकता है।

इस तथ्य को देखते हुए कि आपरेटर केवल अपने द्वारा प्रदत्त सेवाओं की फीस लेता है, ऐसे में नुकसान का कोई सवाल ही नहीं उठता है। इसके बावजूद अमेजन को भारी घाटा होता है। अमेजन को होने वाला नुकसान बिक्री उत्पादों पर भारी छूट के कारण होता है। इसके साथ ही प्लेटफार्म एक्स्क्लूसिव ब्रांडों का प्रमोशन करता है। लेकिन छूट आमतौर से विक्रेता द्वारा दी जाती है और यही बात प्रमोशन पर खर्च पैसे पर भी लागू होती है। जब तक सेवा प्रदाता स्वयं को विक्रेता के रूप में न पेश करे तब तक ऐसा संभव नहीं है। क्या नियम इसकी अनुमति देते हैं? 2016 के दिशानिर्देशों के अनुसार, 'मार्केट-प्लेस' में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दो शर्तों के साथ दी गई है- 'उद्यम अपने प्लेटफार्म की कुल बिक्री का 25 प्रतिशत से अधिक एक वेंडर अथवा उसकी समूह कंपनियों से नहीं कर सकता है। इसके साथ ही वह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बिक्री मूल्य को प्रभावित नहीं कर सकता है।' लेकिन 'वेंडर' की कोई खास पहचान न होने के कारण 'मार्केट-प्लेस' से जुड़ी कोई फर्म ऐसा करने में सक्षम होती है।

दूसरे शब्दों में, ऐसा प्रत्येक उद्यम प्लेटफार्म पर बिक्री के 25 प्रतिशत पर नियंत्रण कर सकता है। इस प्रकार प्लेटफार्म पर प्रमुख विक्रेताओं के रूप में 'क्लाउडटेल' जैसी कंपनियां हैं जो नारायण मूर्ति के स्वामित्व वाली फर्म के साथ अमेजन का साझेदारी उद्यम है। यह नीतिगत लक्ष्य के विपरीत है जो ई-कामर्स प्लेटफार्म स्वामियों को व्यक्तिगत उपभोक्ताओं को सीधी बिक्री से रोकती है, लेकिन ऐसा करने के लिए सहायक या संयुक्त उद्यम-जेवी का सहारा लिया जाता है। बड़ी ई-कामर्स कंपनियां ठीक यही कर रही हैं। वे सीधे विक्रेताओं के रूप में काम करते हुए इन्वेंटरी पर नियंत्रण करती हैं तथा छूट आदि देती हैं। डीपीआईआईटी द्वारा 26 दिसंबर, 2018 को जारी एक स्पष्टीकरण के अनुसार, 'मार्केटप्लेस का स्वामी या उसकी सहायक या भारतीय कंपनी के साथ उसका संयुक्त उद्यम विक्रेता का स्वामित्व नहीं प्राप्त कर सकता है।'

इसके साथ ही 'प्लेटफार्म पर कोई विक्रेता अपनी इन्वेंटरी के 25 प्रतिशत से अधिक ऐसी फर्म से नहीं कर सकता है जो प्लेटफार्म से जुड़ी हो।' विदेशी निवेशक पहली शर्त का उल्लंघन करने के लिए विक्रेता फर्म में अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से कम रख सकते हैं और यह तर्क दे सकते हैं कि उनका उस पर कोई नियंत्रण नहीं है। मार्केटप्लेस स्वामी अपने उत्पादों को प्लेटफार्म पर अपनी थोक शाखा के माध्यम से बेच सकता है। इसके लिए थोक शाखा को केवल यह सुनिश्चित करना होता है कि वह विक्रेता को अपनी बिक्री 25 प्रतिशत की सीमा के भीतर रखे।

इस प्रकार सरकार के स्पष्टीकरण से प्रभुत्वकारी विक्रेता के रूप में उनकी भूमिका ज्यादा कमजोर नहीं हुई। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ, जबकि ई-कामर्स प्लेटफार्म उनकी सहायता के नाम पर बनाया गया था। इसका कारण यह है कि जो बिजनेस छोटे व्यापारियों को मिल सकता था, उस पर प्रभुत्वकारी विक्रेता कब्जा कर लेते हैं। ऐसे में छोटे खुदरा व्यापारियों को अदालत से राहत मिली। 2019 में दिल्ली व्यापार महासंघ-डीवीएम ने भारतीय प्रतियोगिता आयोग-सीसीआई को शिकायत कर आरोप लगाया कि अमेजन सेलर सर्विसेज़-एएसएस और फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड-एफआईपीएल प्रतियोगिता-विरोधी व्यवहार कर रहे हैं। तर्क दिया गया कि एएसएस और एफआईपीएल ने स्मार्टफोन निर्माताओं से विशिष्ट बिक्री समझौते किए हैं और वे फ्लिपकार्ट की 'बिग बुलियन डे' तथा अमेजन की 'प्राइम डे' के माध्यम से अनुचित लाभ उठा रहे हैं। प्रथमदृष्टया सीसीआई ने डीवीएम के तर्कों से सहमति दिखाते हुए महानिदेशक जांच को एक जांच का आदेश दे दिया। इस आदेश को रद्द करने के लिए एएसएस और एफआईपीएल ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अगस्त, 2021 में सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी अपील खारिज करते हुए आदेश दिया कि 'सीसीआई-डीजी अपनी जांच पूरी करें।' सीसीआई-डीजी ने एएसएस और एफआईपीएल पर आरोप लगाया है कि वे 'विनाशकारी मूल्य नीति' पर चल रहे हैं जो 'एंटी ट्रस्ट कानूनों' का उल्लंघन है।

लेकिन उम्मीद है कि ये कंपनियां इस निर्णय के खिलाफ अपील करेंगी जिससे मुकदमेबाजी का नया दौर शुरू होगा। आखिरकार ज्यादा से ज्यादा हमेजन को कुछ जुर्माना देना पड़ सकता है। लेकिन सवाल है कि सरकार इस जटिल स्थिति से कैसे बाहर निकले। वह नियमों को और कठोर बना कर कह सकती है कि प्लेटफार्म स्वामी विक्रेता फर्म में एक प्रतिशत हिस्सेदारी भी नहीं रख सकते हैं। इसके साथ ही थोक शाखा को प्लेटफार्म को एक प्रतिशत बिक्री करने से भी रोका जा सकता है।

लेकिन इस विचार का क्रियान्वयन नहीं हो सकता है। ऐसे में सरकार को कहना चाहिए कि खुदरा के सभी रूपों में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी जाती है। इसके बाद अमेजन आदि मार्केटप्लेस माडल चलाने के साथ ग्राहकों को सीधी बिक्री जारी रखेंगे। इसके साथ ही लाखों भारतीय खुदरा दूकानदारों की भी विदेशी पूंजी तक सीधी पहुंच बनेगी और वे समान स्तर पर अमेजन, आदि से प्रतियोगिता में सक्षम होंगे।

# योग और ध्यान से कार्यस्थल होता ऊर्जावान

> "योग और ध्यान जैसी प्रथाओं के माध्यम से कर्मचारी कल्याण में निवेश करना केवल एक प्रवृत्ति नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक कदम है जो पर्याप्त लाभ दे सकता है।"

**साक्षी सेठी**
(लेखिका शिक्षाविद हैं)



आज के तेज़-तर्रार, उच्च-तनाव वाले कार्य वातावरण में, संगठन अपने कर्मचारियों की भलाई का समर्थन करने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं। सबसे प्रभावी और समग्र दृष्टिकोणों में से एक योग और ध्यान की प्रथाएं हैं। माइंडफुलनेस और शारीरिक तंदुरुस्ती में निहित ये प्राचीन तकनीकें अपने आध्यात्मिक मूल से आगे बढ़कर आधुनिक कार्यस्थलों में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए शक्तिशाली उपकरण बन गई हैं। कर्मचारियों की दैनिक दिनचर्या में योग और ध्यान को शामिल करने से न केवल व्यक्तिगत तंदुरुस्ती को लाभ होता है, बल्कि संगठनात्मक उत्पादकता और संस्कृति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

आधुनिक कार्यस्थल में अक्सर तनाव के उच्च स्तर, तंग समय सीमा और लगातार प्रदर्शन करने का दबाव होता है। जर्नल ऑफ़ ऑक्यूपेशनल हेल्थ साइकोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि कार्यस्थल योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले कर्मचारियों ने कथित तनाव के स्तर में महत्वपूर्ण कमी का अनुभव किया। प्रतिभागियों ने मस्कुलोस्केलेटल दर्द में भी कमी की सूचना दी, विशेष रूप से पीठ के निचले हिस्से, गर्दन और कंधों में, जो आमतौर पर लंबे समय तक बैठने से प्रभावित होते हैं। अध्ययन में पाया गया कि योग का अभ्यास करने वाले कर्मचारियों ने भावनात्मक कल्याण के उच्च स्तर और मनोवैज्ञानिक संकट के निम्न स्तर की सूचना दी। जर्नल ऑफ़ मैनेजरियल साइकोलॉजी में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन ने संगठनात्मक संस्कृति पर कार्यस्थल योग के प्रभावों की जांच की।

इसमें पाया गया कि योग ने कर्मचारियों के बीच बेहतर संचार, टीमवर्क और समुदाय की भावना को



बढ़ावा देकर अधिक सकारात्मक और सहायक कार्य वातावरण में योगदान दिया। कई कार्यालय कर्मचारी डेस्क पर बैठे हुए लंबे समय तक बिताते हैं, जिससे कई तरह की शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं, जिनमें खराब मुद्रा, पीठ दर्द और बार-बार होने वाली तनाव चोटें शामिल हैं। समय के साथ, ये शारीरिक बीमारियाँ उत्पादकता को कम कर सकती हैं और अनुपस्थिति को बढ़ा सकती हैं। योग लचीलेपन, शक्ति और मुद्रा में सुधार करके इन मुद्दों का समाधान करता है। योग में विभिन्न आसन और स्ट्रेच गर्दन, कंधों और पीठ के निचले हिस्से में तनाव को दूर करने में मदद करते हैं, जो कार्यालय कर्मचारियों के लिए आम समस्या वाले क्षेत्र हैं। इसके अतिरिक्त, श्वास अभ्यास पर जोर देने से परिसंचरण और ऑक्सीजनेशन में सुधार होता है, जिससे ऊर्जा के स्तर और समग्र जीवन शक्ति में वृद्धि होती है। यह कार्यस्थल के रिश्तों को मजबूत कर सकता है, संचार में सुधार कर सकता है और समुदाय और आपसी समर्थन की भावना को बढ़ावा दे सकता है। एक सकारात्मक कार्य वातावरण, जहां कर्मचारी मूल्यवान और जुड़े हुए महसूस करते हैं, उच्च मनोबल, कम टर्नओवर और अधिक एकजुट और उत्पादक टीम की ओर ले जाता है। कार्यस्थल में ध्यान के लाभ अच्छी तरह से प्रलेखित हैं। नियमित ध्यान अभ्यास चिंता और अवसाद के लक्षणों को कम करने, रक्तचाप को कम करने और नींद की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए दिखाया गया है। नियमित रूप से ध्यान करने वाले कर्मचारियों में बेहतर फोकस, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और तनाव को प्रबंधित करने की क्षमता प्रदर्शित होने की अधिक संभावना होती है।

यह न केवल व्यक्तिगत प्रदर्शन को बढ़ाता है बल्कि अधिक सामंजस्यपूर्ण और सहयोगी कार्य वातावरण में भी योगदान देता है। मानसिक रूप से, योग विश्राम को बढ़ावा देता है और स्वायत्त तंत्रिका तंत्र को विनियमित करके तनाव को कम करता है, जो शरीर की तनाव प्रतिक्रिया को नियंत्रित करता है। योग की मननशील साँस लेने की तकनीक और ध्यान संबंधी पहलू मन को शांत करने, चिंता को कम करने और मानसिक स्पष्टता को बढ़ाने में मदद करते हैं। कर्मचारियों के लिए, इसका मतलब है बेहतर फोकस, बेहतर निर्णय लेने और कार्यस्थल की चुनौतियों का सामना करने में अधिक लचीलापन। इन लाभों का संचयी प्रभाव अधिक उत्पादक, व्यस्त और संतुष्ट कार्यबल है।

आधुनिक कार्यस्थल में अक्सर उच्च स्तर का तनाव, तंग समय सीमा और लगातार प्रदर्शन करने का दबाव होता है। इसके अलावा, लंबे समय तक तनाव कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम डाल सकता है, जिससे चिंता, अवसाद और पुरानी बीमारियों जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए, योग और ध्यान जैसी प्रथाओं के माध्यम से कर्मचारी कल्याण में निवेश करना केवल एक प्रवृत्ति नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक कदम है जो पर्याप्त लाभ दे सकता है।

## आप की बात

### योगी का बयान

**योगी आदित्यनाथ** के बंटोगे तो कटोगे वाले बयान पर विपक्षी दल अनावश्यक होहल्ला मचा रहे हैं। सदियां गवाह है आक्रांता हम पर सिर्फ इसीलिए राज कर पाए कि हम बंटे हुए थे। एक ब्रिटिश लेखक ने लिखा भी है कि ईस्ट इंडिया कंपनी के भाड़े के सैनिकों ने जब एक राजा को हरा कर राजधानी में उसका जुलूस निकाला तो ईस्ट इंडिया कंपनी के सैनिकों की मुट्ठी भर संख्या के मुकाबले हजारों लोग उनकी जय जयकार कर रहे थे यदि हर व्यक्ति एक पत्थर उठाकर सैनिकों पर मारता तो वह भाग खड़े होते। वही स्थिति आज भी चल रही है जहां एकजुटता की बात आती है वही वोट की राजनीति के कारण धर्म और जाति के नाम पर विरोध और समर्थन होने लगता है। आजादी के वक्त भी अंग्रेज देश बांटकर चले गए और आज भी बांटों और राज करो की नीति हम भारतीयों के लिए घातक सिद्ध हो रही है। विपक्ष के थोड़ा मजबूत होने के बाद से सरकार के हर अच्छे कार्य को बाधित करना और उसके बारे में भ्रम फैलाने की नीति देश में चल रही है। योगी के बयान का यही अर्थ है कि जनता को विभाजनकारी विचारों और उनका प्रचार करने वाले नेताओं व पार्टियों से सतर्क रहना चाहिए। ऐसे लोग देश की एकता और अखंडता के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### जातिगत जनगणना

**आरएसएस प्रवक्ता** सुनील आम्बेकर ने कहा कि जातिगत जनगणना का मुद्दा संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि इसका राजनीतिक उपयोग न कर इसे लोगों के लिए कल्याणकारी ढंग से पेश करना चाहिए। आरएसएस प्रवक्ता के इस बयान पर गंभीरता से गौर किया जाना चाहिए। आरएसएस तथा भाजपा यह बिल्कुल नहीं चाहती है कि जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदुओं की विभिन्न जातियों के बीच विद्वेष पैदा करने के प्रयास किए जाएं। राजनीति व वोटबैंक के उद्देश्य से देश में अनेक एससी, एसटी व ओबीसी जातियों को सवर्ण हिंदुओं के खिलाफ भड़काने के प्रयास लंबे समय से होते रहे हैं जिससे न केवल देश में हिंदुत्व, बल्कि स्वयं भारत राष्ट्र भी प्रभावित हुआ है। विडंबना है कि एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास करने वाले नेता संविधान निर्माता अंबेडकर तथा अनेक स्वतंत्रता सेनानियों की भावना का अपमान करते हैं जिन्होंने भारत में जातिहीन समाज बना कर भारतीय पहचान को सर्वोच्चता प्रदान करने के प्रयास किए थे। आरएसएस के बयान के बाद देखना होगा कि भाजपा तथा अन्य विपक्षी दलों की क्या प्रतिक्रिया सामने आती है। यह मुद्दा संवेदनशील होने के साथ महत्वपूर्ण भी है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### यूरोप में दक्षिणपंथ

**यूरोप** में उग्र राष्ट्रवाद व चरम दक्षिणपंथ का पुनः उदय शुरू हो गया है। द्वितीय युद्ध की पीड़ा, नाज़ी जर्मनी व मुसोलिनी की इटली के दर्द तथा उनके कारण सामने आई प्रताड़ना को लोग भूलते जा रहे हैं। तभी तो बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, हंगरी, इटली, हॉलैंड, पोलैंड, स्वीडन एवं कुछ हद तक ग्रेट ब्रिटेन में उग्र राष्ट्रवाद के प्रति समर्थन बढ़ता दिखाई दे रहा है। जर्मनी के दो पूर्वी राज्यों में चुनाव परिणाम ने पूरे विश्व को चिंतित कर दिया है। थुरिंजिया में अल्टेरनेटिव फॉर जर्मनी-एएफडी की जीत और सैक्सोनी में दूसरे स्थान पर आने से बर्लिन में आत्ममंथन का नया दौर शुरू हो गया है। राष्ट्रीय चुनाव से एक वर्ष पहले यूरोपीय संघ के शक्तिशाली देश जर्मनी का झुकाव दक्षिणपंथ की ओर होना यूरोपीय संघ के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। जर्मन चांसलर ओलाफ़ शुल्ज़ ने मुख्यधारा वाली पार्टियों से आग्रह किया है कि वे दक्षिणपंथी एएफडी को समर्थन न दें। जिसने रविवार के क्षेत्रीय चुनाव में पूर्वी राज्य थुरिंगिया में बड़ी जीत हासिल की है। एएफडी को हिटलरी विचारधारा का वाहक माना जाता है। उसके जर्मनी की सत्ता में आने से जर्मनी के साथ ही यूरोप व पूरी दुनिया पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### भारतीय अर्थव्यवस्था

**भारतीय अर्थव्यवस्था** की वृद्धि दर पिछले एक दशक से दुनिया को हैरान कर रही है। व्यवस्थित आर्थिक रणनीति और सक्रिय प्रतिभाशाली योग्य टीम को साथ लेकर मोदी सरकार देश को निरंतर आगे ले जा रही है। फिर भी चीन का मुकाबला करना मुश्किल है क्योंकि सरकार के काम में टांग अड़ाने की मनोवृत्ति बहुत बढ़ गई है। राष्ट्र हित में चाहे कितना ही बेहतर काम किया हो उसमें कमी निकालना और रोड़े अटकाना विपक्षी दलों का शगल बन गया है। यदि राजनीति को सिर्फ चुनाव तक सीमित रखा जाए और शेष समय में सभी दल सरकार को सहयोग करें तथा उचित सुझाव दें तो हमारे देश के विकास की रफ्तार और तेज हो सकती है। चीन में तानाशाही की तुलना में भारतीय लोकतंत्र कामगारों व कर्मचारियों को अपनी शिकायतें सामने रखने का मौका देता है। लेकिन विडंबना है कि अनेक लोगों के लिए सरकारी नौकरी हरामखोरी व रिश्वतखोरी का पर्याय बन गई है। यह दृष्टिकोण देश की अर्थव्यवस्था की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बन गया है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# जनता की समस्याओं का शीघ्र हो निस्तारण: प्रतिभा शुक्ला

**प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा**

**संवाददाता।** रायबरेली



**राज्य मंत्री**, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग,उ0प्र0 श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने विकास कार्यो और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। ग्रामीण-शहरी सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति जानते हुए निर्देश दिया कि सड़के किसी भी अर्थव्यवस्था की मेरुदंड होती है। उनके निर्माण कार्य पर विशेष जोर दिया जाए। सड़के, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को शहरी अर्थव्यवस्था से जोड़ती है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से आयुष्मान कार्ड की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य तेजी से किया जाए। जिससे आम जन तक स्वास्थ्य सेवाएं शीघ्र पहुंच सके। राज्य मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी सीएचसी व पीएचसी में चिकित्सको की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। जीवन रक्षक औषधियां सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे। नगर पालिका साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। जल भराव की समस्या जल्द से जल्द दूर कराई जाए।

उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के अंतर्गत दिए जाने वाले आवासों की जानकारी लेते हुए कहा कि आवास आवंटन करते समय जरूरतमन्दो को प्राथमिकता पर रखा जाए। स्वनिधि योजना का लाभ संबंधित को शीघ्र दिलाने का निर्देश प्रभारी मंत्री ने दिया। कौशल विकास के अंतर्गत विश्वकर्मा योजना की भी प्रगति जानी। कारीगरों को दिए जाने वाले टूलकिट की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाए।

प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी ब्लॉकों में समूहों का गठन किया जाए साथ ही उनको प्रोत्साहित किया जाए। जिससे रोजगार के नए अवसर मिल सके। आने वाले त्योहारों के दृष्टिगत समूहों को त्यौहारो में प्रयोग किये जाने वाले वस्तुओं का उत्पादन कराया जाए जिससे उनकी आय बढ़ सके। बाल एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापरक और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए।

सैम और मैम बच्चों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा कुपोषित ना रहे। उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाए। कहा कि नहरों की साफ सफाई समय से की जाए जिससे किसानों को आसानी से पानी मिल सके। ऑनलाइन आवेदन करने वालों को शीघ्र विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को दिए गए लाभों की जानकारी लेते हुए उन्होने ने कहा कि किसानों की केवाईसी शीघ्र करा कर आधार सीडिंग तेजी से कराई जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से गौशालाओ के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि गौशालाओ में पर्याप्त मात्रा में चारा-पानी,शेड,प्रकाश,चिकित्सा आदि की व्यवस्था रहे। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि अपने क्षेत्रों में लगातार गोशालाओं का निरीक्षण करते रहे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों का सौन्दरीकरण किया जाए। इस बात का ख़ास ध्यान रखा जाए कि विद्यालयों में शौचालय, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था रहे।

### प्रभारी मंत्री ने राष्ट्रीय पोषण माह का किया शुभारम्भ

**रायबरेली।** राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने फिरोज गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी लोग पूरे जनपद में पोषण जागरूकता का कार्य करती है। आप सभी का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार एक धाय मां शिशु की देखभाल करती है। उसी प्रकार आप जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का लालन पालन करके उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाती है। आप सभी विकसित भारत के सपने को साकार करने में लगी हुई हैं।

# जिलाधिकारी ने पीएम आवास ग्रामीण के पात्र व अपात्र मानक की दी जानकारी

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस 2018 की सूची में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़े जाने से सम्बन्धित बैठक विकास खण्ड अधिकारियो एवं एडीओ/वीडियो के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़े जाने के सम्बन्ध में सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास हेतु पात्रता की शर्तो में किये गये संशोधन के बाद जनपद के सभी विकास खण्ड़ों के प्रत्येक गांव में सर्वे कर पात्रता की श्रेणी में जुड़ सकने वाले नये लाभार्थियों को चिन्हित कर सूची तैयार की जाये तथा सूची का गांवो में प्रदर्शन भी किया जाये जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2024 से 2029 तक के लिए स्वत: पात्रता के अन्तर्गत आने वाले सभी परिवारों को पहले से भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके बावजूद अब सरकार द्वारा पात्रता की शर्तो में संसोधन करते हुए ऐसे परिवारों को भी पात्रता की श्रेणी में लाये जाने हेतु सर्वे कराया जाना है। जिनके पास वर्तमान में निर्धारित 10 मानक के अन्तर्गत न आते हो जैसे पात्रता हेतु मोटर चालित तीन/चार पहिया वाहन न हो, यन्त्रीकृत तीन/चार पहिया कृषि उपकरण न हो, 50 हजार रूपया अथवा इससे अधिक की के0सी0सी0 धारक न हो, परिवार में कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी न हो, गैर कृषि उद्यमों में सरकार द्वारा परिवार पंजीकृत न हो, परिवार में कोई सदस्य 15 हजार रूपये से अधिक प्रतिमाह न कमा रहा हो, परिवार आयकर न देता हो, परिवार आयकार अथवा व्यवसायकर न देता हो, परिवार के पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि न हो तथा परिवार के पास 5 एकड़ या इससे अधिक असिंचित भूमि न हो। उक्त के अतिरिक्त सभी परिवार जिनके पास पक्का मकान नही है वे अब प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हेतु पात्र होंगे।

# बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ज्ञान कुंभ प्रतियोगिता का आयोजन



**अमेठी।** आज ज्ञान कुंभ प्रतियोगिता के जनपद स्तरीय संस्करण का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी निशा अनंत एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनपद की सभी 4 तहसीलों के विजेता 9- 9 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत क्विज, जस्ट ए मिनट एवं मॉडल प्रदर्शन शामिल किया गया था।

उक्त अतिरिक्त चारों तहसीलों के मध्य एक क्विज शो का भी आयोजन किया, जिसमें सभी तहसीलों के 03-03 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। चंद्रयान 3, रोबोट, ट्रांसफार्मर, कंप्यूटर, संघनन, हाइड्रोलिक लिफ्ट, स्मार्ट हाउस, जल संरक्षण, सोलर पैनल, पर्यावरण संरक्षण आदि पर मॉडल बच्चों द्वारा बनाए गए थे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी 36 मॉडल का अवलोकन किया एवं छात्र-छात्राओं से मॉडल के बारे में जानकारी हासिल की एवं बच्चों को प्रोत्साहित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी द्वारा कहा गया की इन सभी मॉडल्स का नामांकन इंस्पायर अवार्ड हेतु कराया जाए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन जीआईसी एवं जीजीआईसी के प्रवक्ताओं द्वारा किया गया।

# भ्रष्टाचार पर चला डीएम का हंटर, दो राजस्व निरीक्षकों व तीन लेखपालों पर गिरी गाज

**संवाददाता।** गोंडा

**जनपद** में भ्रष्टाचार में लिप्त और पद का दुरुपयोग करने वाले सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर मंगलवार को एक लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। खतौनी में वरासत दर्ज करने के लिए पैसे लेने के आरोपों के चलते यह कार्यवाही की गई है। वहीं, वरासत संबंधी दो अन्य मामलों में पद का दुरुपयोग करने, लापरवाही बरतने के चलते दो लेखपालों और दो राजस्व निरीक्षकों के खिलाफप्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई है।

जिलाधिकारी ने साफ किया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार के खिलाफजीरो टॉलरेंस की नीति को जनपद में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जिला प्रशासन गोण्डा प्रतिबद्ध है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी। ज्ञात रहे कि ग्राम पंचायत रायपुर ब्रह्मचारी, तहसील सदर के निवासी विजय पाण्डेय ने स्थानीय लेखपाल दिनेश सरोज पर वरासत दर्ज करने के लिए पैसे लेने के आरोप लगाए थे। विजय के मुताबिक, उनके पिता सत्य नारायण पाण्डेय की मृत्यु के बाद खतौनी में वरासत के लिए आवेदन किया था। इसके लिए लेखपाल दिनेश सरोज ने 1000 रुपये लिए थे। पैसे लेने के 6 महीने बाद भी वरासत दर्ज नहीं की गई।

विजय पाण्डेय ने मंगलवार को लेखपाल के साथ हुई बातचीत के ऑडियो के साथ शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी द्वारा प्रारंभिक जांच कराकर निलम्बन की कार्यवाही के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं ग्राम चिड़िहवा, मौजा खीरभारी के निवासी कुंवर चन्द्र की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी ने लेखपाल हितेश कुमार और राजस्व निरीक्षक रमाराम शुक्ला के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के आदेश दिए हैं। संबंधी शिकायत पर की गई जांच में सामने आया कि ग्राम खीरभारी की खतौनी सन् 1427-1432 फ के खाता संख्या 00259 पर मूल खातेदार के कॉलम में शोभाराम पुत्र रामसुन्दर का नाम दर्ज है। हालांकि आदेश के कॉलम में कोई अंकन नहीं था, किन्तु खातेदार द्वारा भूमि का विक्रय पूर्व में किया जा चुका था, जिसमें वरासत का आदेश भी पारित हो चुका था। इसके अनुपालन के संबंध में चकबंदी न्यायालय में वाद विचाराधीन है। यह तथ्य क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक के संज्ञान में अवश्य आया होगा, किन्तु उनके द्वारा इसका संज्ञान नहीं लिया गया और न ही इसके संबंध में कोई जांच की गई। इस प्रकरण में नियमों का उल्लंघन करते हुए केवल खतौनी के अंकन के आधार पर ही वरासत की कार्यवाही की गई है।

## जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर सीडीओ अनुभव सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व बैठक के निर्णयों की समीक्षा की गई। बैठक में सीडीओ ने निर्देश दिया कि वर्षाकाल- 2024 में जनपद में जिन विभागों के अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण कराया गया है सम्बन्धित विभाग शत-प्रतिशत जियो टैगिंग करायें जो वृक्ष लगाने के बाद सूख गये है उन खाली स्थानों पर वन विभाग से पौधे लेकर पुन: वृक्षारोपण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि पेड़ो को बचाने हेतु निरन्तर पानी से सिंचाई के साथ साथ देखभाल की भी उचित व्यवस्था की जाय ताकि पेड़ पौधो को बचाये जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चालू वर्ष में आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष कराये गये वृक्षारोपण की स्थलवार फोटोग्राफ एवं पौध संख्या की सूचना एक पेड़ मां के नाम से सम्बन्धित भारत सरकार के पोर्टल पर सम्बन्धित विभागों द्वारा अपलोड किया जाए।

# दो सगे भाईयों पर हमलावर हुए दबंग प्रधान पुत्र, दी धमकी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** अपनी विवादित शैली से विवाद के घेरे में रहने वाले विद्यालय प्रबंधक का एक और कारनामा प्रकाश में आया है। अपने खेतों में बिजली का खंभा लगाने से मना करना दो सगे भाईयों को भारी पड़ गया। प्रधान पुत्र ने पिता समेत अपने अज्ञात साथियों और भाई के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया। दबंगो पर भाई की वर्दी उतरवा लेने की धमकी का आरोप है। इसके पूर्व विद्यालय के प्रबन्धक पर छात्र को बंधक बनाने का आरोप लग चुका है। बाद में मामले में सुलह समझौता हो गया था।

अब मामले में दोनों पक्षों ने कोतवाली में शिकायत की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे छीटू सिंह मजरे सवैया हसन गांव निवासी रंगनाथ का आरोप है कि सोमवार की दोपहर करीब 12:30 बजे उसके गांव स्थित खेतों में बिजली का खम्भा लगाया जा रहा था। रंगनाथ ने विभाग के कर्मचारियों से खंभा किनारे लगाने को कहा तभी गांव के अजीत कुमार ने जबरन उसकी भूमि में खंभा लगवाने को कहा इसपर विरोध करने पर विपक्षी अजीत कुमार अपने भाई अजय मौर्य अपने पिता समेत कुछ अज्ञात साथियों के साथ उसपर हमलावर हो गए। दबंगों ने दोनों भाईयों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित रंगनाथ का भाई उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही है। विपक्षी पर उसकी वर्दी उतरवाकर हैंगर में टांगने की धमकी देने का आरोप है। वहीं दूसरे पक्ष से दी गई तहरीर में गम्भीर आरोप लगाए गए हैं। मारपीट का कारण 31अगस्त को हगाड़ी खड़ी करने पर हरिजन गेटमैन से विवाद बताया है। दूसरे पक्ष से घायल अजीत कुमार ने खुद पर हमले की बात बताते हुए गम्भीर आरोप लगाए हैं। दोनों पक्षों ने मामले की लिखित शिकायत कोतवाली में की है। पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# जल जीवन मिशन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का डीएम ने किया निरीक्षण

**संवाददाता।** अमेठी



**जिलाधिकारी** निशा अनंत ने आज विकासखंड संग्रामपुर अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना कसारा पतापुर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओवरहेड टैंक,पंप हाउस आदि का बारीकी से निरीक्षण किया तथा शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कर परियोजना को हैंडोवर करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम एवं संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से गांव में पाइपलाइन बिछाई जाने तथा हर घर नल लगाए जाने की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से नल में पानी आने की जानकारी ली तथा पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़क के मरम्मत के संबंध में पूछा, जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि नल से पानी नियमित रूप से आ रहा है तथा सड़क के मरम्मतीकरण का कार्य कहीं-कहीं सही से नहीं किया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को सड़क मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्ण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत उन्होंने स्वयं गांव में भ्रमण कर योजना का स्थलीय सत्यापन किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से गांव में ग्राम जल समिति के गठन के संबंध में जानकारी ली जिस पर बताया गया कि अभी तक गांव में ग्राम जल समिति का गठन नहीं किया गया है। जिलाधिकारी ने गांव में ग्राम जल समिति का गठन करने का निर्देश दिया तथा प्रत्येक घर से प्रतिमाह रुपए 50 की दर से वसूली कर खाते में जमा करने को कहा। इस इस अवसर पर अधिशासी अभियंता जल निगम अनिल कुमार राव, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## वेद में पारंगत आचार्य, छात्र और विद्यालय को पुरस्कृत करेंगे सीएम योगी

**अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या धाम के कारसेवकपुरम् में उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्य नाथ 5 सितम्बर को श्रीराम मन्दिर निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय अशोक सिंघल की पुण्य स्मृति में वेद में पारंगत विद्वान विद्यार्थी आचार्य और एक विद्यालय को भारतात्मा वेद पुरस्कार प्रदान करेंगे। यह पुरस्कार अशोक सिंघल की पूर्ण स्मृति में पिछले 7 वर्षों से एक विद्यार्थी, एक आचार्य और एक विद्यालय को प्रदान किया जा रहा है इस वर्ष प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या में यह पुरस्कार विद्यार्थियों को योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रदान किया जाएगा। अशोक सिंघल फाउंडेशन के बीडी जोशी ने बताया कि यह पुरस्कार पिछले 7 वर्षों से दिल्ली में प्रदान किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य वैदिक जगत में सर्वोत्कृष्टता की पहचान करना है।

# न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत हुआ कार्यक्रम



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में आज राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।इसमें स्कूल के बायो प्रवक्ता प्रमांशु श्रीवास्तव एवं शिक्षिका अंकिता मिश्रा ने बच्चों को उनके स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खान-पान का हमारे स्वास्थ्य से सीधा संबंध है, इसलिए पोषक तत्वों से युक्त भोजन लेने की जरूरत है। आजकल की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में तो इसका और अधिक महत्व बढ़ जाता है बेहतर स्वास्थ्य और पोषण युक्त आहार के प्रति सदैव सजग रहने की आवश्यकता है। हमें अपने भोजन में सलाद व प्रतिदिन कोई न कोई मौसमी फल अवश्य लेना चाहिए। एक बैलेंस डाइट होना जरूरी है, जिसमें विटामिन, प्रोटीन जैसे सभी पोषक तत्व शामिल हों। पोषण मनुष्य के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है।

इसी बुनियादी आवश्यकता की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए 1 सितंबर से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह जी ने बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए सचेत किया।

# खरीफ फसल पर ब्लाक स्तरीय किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अमेठी।** स्थानीय ब्लाक सभागार में खरीफ फसलों पर ब्लाक स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया। इस गोष्ठी में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने भी किसानों को खेती किसानी के गुर बताए। ब्लाक सभागार में आयोजित किसान गोष्ठी की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश प्रताप सिंह ने की। जिला कृषि रक्षा अधिकारी हरिओम मिश्रा ने किसानों को खरीफ फसलों तथा उनमें लगने वाले रोगों के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ओपी सिंह ने किसानों को परंपरागत खेती के बजाय तकनीक आधारित खेती को करने की सलाह दी। भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष हारित सिंह और किसान टार्जन सिंह ने मोटे अनाज की खेती की जानकारी किसानों को दी। एडीओ कृषि मनीष कुमार दूबे ने किसानों को सदैव उन्नत शील बीजों का प्रयोग अधिक उपज प्राप्त करने के लिए प्रयोग करने की सलाह दी। इस मौके पर बीडीओ बृजेश कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार, किसान राज कुमार सिंह, जगसरण सिंह, सुरेंद्र सहित तमाम किसान मौजूद रहे।


## कांवरियों के सेवार्थ सेवा भारती लगाएगा कैम्प

**गोंडा।** सेवा भारती गोंडा की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष डॉ. ओंकार पाठक की अध्यक्षता में पोर्टरगंज स्थित पूजन टावर में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कजरी तीज के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के सेवार्थ एक शिविर का आयोजन लखनऊ रोड पर किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. पाठक ने बताया कि आयोजित होने वाले शिविर में श्रद्धालुओं के लिए फल, रूहअफ्ज़ा शरबत, नींबू पानी, ओआरएस घोल तथा बिस्किट आदि की व्यवस्था की जाएगी। शिविर 5 सितंबर को शायं 7:00 बजे से 6 सितंबर को प्रात: 10:00 बजे अथवा हरि इच्छा तक निर्बाध चलता रहेगा। बैठक में सेवा भारती के सक्रिय सदस्य जसपाल सिंह सलूजा, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, एस.एन. सिंह, शत्रुघन मिश्रा, हेमंत पाठक, अमन जायसवाल, ओम प्रकाश मिश्रा आदि शामिल हुए।

## 14 लाख से अधिक के बकायेदार पर कुर्की की कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** उप जिला मजिस्ट्रेट खलीलाबाद शैलेश कुमार दूबे के आदेश के क्रम में तहसीलदार खलीलाबाद जर्नादन द्वारा मंगलवार को खलीलाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम देवरिया विजयी के निवासी पंजाब नेशनल बैंक के बकायेदार सुभाष चन्द्र चौधरी पुत्र राजमन चौधरी का खेत कुर्की की कार्यवाही की गयी तथा कुर्कशुदा भूमि पर लगी फसल व भूमि पर लाल झण्डा लगाकर डुग्गी मुनादी कराया गया। बकायेदार सुभाष चन्द्र चौधरी द्वारा पंजाब नेशनल बैंक में 14 लाख 62 हजार 782 रूपये का बकायेदार है कई बार नोटिस व सूचना देने के बाद बकायेदार ने उक्त धनराशि जमा नही किया। तहसील प्रशासन द्वारा वसूली के लिए नोटिस उपरान्त कार्यवाही की गयी। कार्यवाही उपरान्त ग्राम प्रधान के जिम्मे फसल व भूमि सुपुर्द किया गया।

## नवागत डीएफओ ने पद भार ग्रहण किया



**संतकबीरनगर।** जनपद में तैनात डीएफ्ओ अशोक कुमार सिंह 31, अगस्त को सेवानिवृत्त हो गये थे। उनके स्थान पर उत्तर प्रदेश शासना पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-1 संयुक्त सचिव रविशंकर मिश्र ने राज्य वन सेवा प्रभागीय वनाधिकारी आनन्द नगर गोरखपुर वन प्रभाग में तैनात हरिकेश नारायण यादव की तैनाती जनपद संतकबीरनगर डीएफ्ओ पद पर किया है। नवागत डीएफ्ओ हरिकेश नारायण यादव मंगलवार को पद का कार्यभार ग्रहण कर जिलाधिकारी से भेंट कर अपनी उपस्थिति आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत किये। नवागत डीएफ्ओ हरिकेश नारायण यादव ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधीनस्थ अधिकारियों एवं कार्यालय लिपिक सहायकों से परिचय प्राप्त किया।

# भेदभाव से ऊपर उठकर संगठित होकर काम करना होगा: राज्यपाल

## सीसीएसयू के 36वें दीक्षांत समारोह को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किया संबोधित

**प्रकाश आर्य।** मेरठ



**उप्र** की राज्यपाल व कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने कहा कि भारत एक गौरवशाली देश रहा है। विदेशी लोगों ने भी एक समय पर यहां आकर शिक्षा व संस्कार ग्रहण किये, लेकिन आज इसके विपरीत भारतीय प्रतिभायें बाहर जाकर के शिक्षा ग्रहण कर रही हैं यह अच्छे संकेत नहीं हैं। देश भेदभाव और ऊंच नीच से पीछे जा रहा है। इस सोच को बदलना होगा।

राज्यपाल मंगलवार को यहां चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहीं थीं। राज्यपाल ने देश में गिरते शिक्षा के स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज 26 प्रतिशत छात्र छात्राऐं उच्च शिक्षा तक पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2030 तक इसका औसत कम से कम 50 प्रतिशत तक पहुंचना चाहिए तभी हम नई शिक्षा नीति के लक्ष्य को प्राप्त कर पायेंगे। अभिभावकों के निरीक्षर होने पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की और समारोह में डिग्री धारक छात्र-छात्राओं का आहवान किया कि वह अपने अभिभावकों को भी अक्षर ज्ञान एवं अन्य जागरूक शिक्षा से अवगत करायें।

इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालयों से भी आह्वान किया कि छात्रों के प्रवेश फर्म में माता-पिता की शिक्षा का भी एक कॉलम भरवायें और स्क्रूटनी के माध्यम से माता-पिता की शिक्षा का भी प्रबन्ध करें। उन्होंने कहा कि अन्न दान से बड़ा विद्या दान होता है। सभी को शिक्षित करना किसी भी देश की आधारशिला होती है। राज्यपाल ने शिक्षा में छात्राओं की बढ़ती प्रतिशतता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आज 82 प्रतिशत छात्रायें मेडल व उपाधि धारक पहुंच चुकी हैं। छात्र-छात्राओं के इस अनुपात पर व्यंग्य करते हुए उन्होंने कहा कि एक ऐसा वक्त न आ जाये जब इस विश्वविद्यालय को गर्ल्स यूनिवर्सिटी बना दिया जाये। डिग्रीधारक छात्र-छात्राओं से उन्होंने आह्वान किया कि सरकारी नौकरी के चक्कर में मत पड़िये और स्वरोजगार पर ध्यान केन्द्रित करें। अपने कौशल को पहचाने और विकास की ओर बढ़े। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 के सात विश्वविद्यालयों को नैक से ए-प्लस-प्लस का ग्रेड मिलने पर केन्द्र से 700 करोड़ रूपये का अनुदान मिला है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के तीन विश्वविद्यालयों को उन्होंने आदेश दिया है कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का विश्लेषण करें और उनको लागू करायें। कौशल विकास के लिए केन्द्र सरकार की तमाम बजट योजनायें उन्होंने गिनायी।

राज्यपाल ने बताया कि अब प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में डिजिलॉकर की स्थापना की गयी है। अब छात्रों को अपनी डिग्री और अंक तालिकायें लेने के लिए विश्वविद्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी, वे अपने घर पर ही डिजिलॉकर से अपनी डिग्री व अंक तालिकायें निकाल सकेंगे।

# 114 लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी गई शादी अनुदान की धनराशि

**श्रावस्ती।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बताया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) गरीब व्यक्तियों की शादी अनुदान योजनान्तर्गत पात्र आवेदकों को बीस हजार रुपये का अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। शादी अनुदान हेतु आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन शादी की तिथि के 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन के पश्चात किन्तु उसी वित्तीय वर्ष में लिंक पर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

उन्होने बताया कि शादी अनुदान के लिए आवेदन हेतु आवेदक अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) का होना चाहिए। पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। आवेदक की आय गरीबी रेखा की सीमा के अन्तर्गत होनी चाहिए तथा आय शहरी क्षेत्र/ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिए। एक आवेदक द्वारा अधिकतम दो पुत्री के शादी अनुदान हेतु आवेदन किया जा सकता है।

आवेदक द्वारा अपडेटेड़ पोर्टल पर अपना तथा अपनी पुत्री का आधार दर्ज किया जायेगा आधार से लिंक मोबाईल पर ओ0टी0पी0 के माध्यम से ई-के0वाई0सी0 की प्रक्रिया पूर्ण होगी। आय तथा जाति प्रमाणपत्र का क्रमांक तथा संख्या अंकित करने पर ई0 डिस्ट्रिक्ट सर्वर से सत्यापित विवरण स्वत: अंकित हो जायेगा।

आवेदक द्वारा अंतिम रूप से पोर्टल पर आवेदन सबमिट करने के उपरान्त तहसील तथा विकासखण्ड स्तर पर उपजिलाधिकारी तथा खण्ड़ विकास अधिकारी के लागिन पर आवेदक का पूर्ण विवरण प्रदर्षित हो जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत 114 लाभार्थियों के बैंक खाते में प्रति लाभार्थी 20 हजार की दर से धनराशि भेजी जा चुकी है। इस वित्तीय वर्ष (2024-25) से शादी अनुदान योजना को पूर्णतया: डिजिटल मोड़ में सम्पन्न किया जायेगा

# मारपीट कर जाने से मारने की धमकी देने वाले 4 अभियुक्तों को स्थानीय लोगों की सहायता किया गिरफ्तार

● अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद तमंचा (315 बोर व 12 बोर) 01 अदद हॉकी व 01 पंच बरामद किया



**कानपुर देहात।** अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, 02.09.2024 को थाना मंगलपुर क्षेत्रान्तर्गत हुई घटना के संबंध में देवेश बाबू पुत्र सियाराम निवासी ग्राम दशहरी थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना मंगलपुर पर मु0अ0सं0 219/2024 धारा 3(5)/109, 352, 351 (3) बीएनएस व 3/25 आयुध अधि. बनाम 07 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया। जिसमें पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की सहायता से अभियुक्तगण विवेक कुमार पुत्र संजय कुमार प्रजापति निवासी ग्राम नोनारी थाना डेरापुर, भरत सिंह पुत्र राजू सिंह निवासी ग्राम परौंख थाना मंगलपुर, कृष्णा सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम परौंख थाना मंगलपुर, दीपक सिंह पुत्र उदय प्रताप सिंह गौर निवासी ग्राम परौंख थाना मंगलपुर को ग्राम दशहरी तिराहा थाना मंगलपुर कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुकदमा वादी श्री देवेश बाबू पुत्र सियाराम निवासी ग्राम दशहरी थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा दिये गये 02.09.2024 को वादी मुकदमा लगभग 07.30 बजे शाम को हवासपुर से घर आ रहा था जैसे ही वह तिराहे से गाँव के लिये उतरा तभी दो मोटर साइकिल से 05 व्यक्ति व दशहरी गांव के भूपेन्द्र सिंह व शैलेन्द्र सिंह पुत्रगण स्व. गोविन्द सिंह निवासीगण दशहरी थाना मगंलपुर जो 04 दिन पूर्व हुये विवाद को लेकर बाहरी पाँचों व्यक्तियों के साथ मिलकर एक राय होकर जान से मारने की नियत से वादी मुकदमा पर हमला कर दिया। वादी के चिल्लाने पर गाँव के बहुत से लोग आवाज सुनकर उसे बचाने के लिये प्राइमरी स्कूल दशहरी के पास आये। भूपेन्द्र सिंह व उनका भाई शैलेन्द्र सिंह गाली.गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। गाँव के आये लोगों द्वारा अन्य 05 व्यक्तियों में से 04 व्यक्तियों को पकड लिया गया जिनका नाम विवेक कुमार, भरत सिंह पुत्र राजू सिंह, कृष्णा सिंह, दीपक सिंह पुत्र उदय प्रताप है। 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद तंमचा 12 बोर व 01 अदद हॉकी व 01 पंच बरामद हुआ। पकडे गये 04 व्यक्तियों से पाँचवे व्यक्ति के बारे मे पूछा गया तो उसका नाम अकिंत चौहान पुत्र नवल सिंह चौहान निवासी नोनारी थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात बताया जो मौके फायदा उठाकर भा गया। प्रार्थना पत्र व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 219/2024 धारा 3(5)/109, 352, 351 (3) बीएनएस व 3/25 आयुध अधि. बनाम 07 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया है।

# संदिग्ध हालत में महिला की मौत हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम सिचौली में संदिग्ध परिस्थितियों में 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका के चचेरे भाई ने बहनोई पर शराब पीकर मारने–पीटने व गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सिचौली गांव निवासी धर्मराज की पत्नी उमेश कली की सोमवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के चचेरा भाई राम मिलन ने बताया कि उसका बहनोई शराब पीने का आदी था और नशे में धुत होकर उसकी बहन को मारता–पीटता था। कल शाम नशे की हालत में बहन को पीटने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत एवं नगर पालिका/स्थानीय निकाय से संबंधित कार्यों की बैठक संपन्न

**बाँदा।** डीएम नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पंचायत एवं नगर पालिका/ स्थानिय निकाय से संबंधित कार्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पालिका/नगर पंचायत में 15वें वित्त आयोग तथा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए विभिन्न कार्यों को कराए जाने की सहमति व्यक्त की। उन्होंने बबेरू के वार्ड नंबर 7 में इंटरलॉकिंग, सीसी रोड के निर्माण कार्यों तथा नरैनी के राजनगर में आरसीसीए नाली निर्माण कराये जाने व स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। ओरन में पेयजल व्यवस्था हेतु पानी की टैंकरो की व्यवस्था तथा विकास कार्यों के अंतर्गत नपा एवं नगर पंचायत में फॉगिंग मशीन सहित तिन्दवारी नगर पंचायत में ट्रैक्टर क्रय किये जाने व अन्य कार्यों को किए जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।



संबंधित अधिशासी अधिकारियों एवं, उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर पालिका एवं नगर पंचायत में विकास कार्यों के अंतर्गत गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूर्ण करायें। नगर पालिकाओं की चल.अचल सम्पत्ति के विवरण का रजिस्टर तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कान्हा गौशाला एवं अस्थायी गौशाला हेतु भूमि चिन्हित किये जाने हेतु निर्देशित किया। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत नये क्षेत्रों की सीमा विस्तार वाले क्षेत्रों में विकास कार्यों को कराये जाने तथा आकांक्षी योजना के अन्तर्गत नरैनी नगर पंचायत के विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा.कक्ष स्मार्ट क्लास व फर्नीचर की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजना के अन्तर्गत नगर पालिकाओं को और अधिक रूप से विकसित करने के लिए ओपेन जिम, स्मार्ट पार्किंग, पुस्तकालय, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल.कूद स्थल एवं अन्य विकास कार्यों से सम्बन्धित एक वर्ष की कार्ययोजना बनाकर शीघ्र शासन को प्रेंषित किये जाने के निर्देश दिये।

# ट्रेन की चपेट में आए ग्रामीण की मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** आज सबेरे पितौरा रेलवे क्रॉसिंग के पास अधेड़ उम्र के किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ देखा गया। यहां शौंच क्रिया के लिए आए ग्रामीण ने पोल संख्या 166/18 व 166/19 के बीच एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव जैसे ही देखा उन्होंने इसकी सूचना वहीं रेलवे क्रासिंग पर ड्यूटी कर रहे गेट मैन प्रमोद कुमार को दी। सूचना पर गेट मैन प्रमोद कुमार मौके पर पहुंचा और मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। पॉइंटमेन रवि कुमार ने एक मेमो कोतवाली पुलिस व आरपीएफ को भेजा। कस्बा चौकी प्रभारी विद्यासागर तिवारी, उप निरीक्षक नितिन कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। आरपीएफ एसआई ओम प्रकाश सिंह व आजाद कुमार विश्वकर्मा भी घटना स्थल पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की। घटना स्थल पर ग्रामीणों की काफी भीड लग गई।

इन्हीं ग्रामीणों में से किसी ने मृतक की पहचान क्षेत्र के गांव नगलानट मजरा सलेमपुर दूदेमई निवासी गंगाराम पुत्र सरदार के रूप में की। घटना की सूचना पुलिस द्वारा परिजनों को दी गई । मौके पर पहुंचे परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल था। 56 बर्षीय मृतक गंगाराम शराब पीने का आदी था। बीती शाम वह अपने पड़ोसी रत्नेश यादव निवासी गांव गुरुदयाल नगला के समरसेबल पर नहीं पहुंचा तो उसकी खोजबीन की गई। वह नहीं मिला। मृतक इसी समरसेविल पर ज्यादातर समय रहता था। मृतक गंगाराम तीन भाई थे । जिनमें यह सबसे छोटा था । बड़े भाई सूरजपाल जीवित है । मझले भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। गंगाराम की लगभग 30 वर्ष पूर्व शादी हुई थी । लेकिन शराब की लत से परेशान हो पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी । तब से वह अपने घर पर अकेला ही रह रहा था। अभी कुछ समय से वह गुरुदयाल नगला निवासी रत्नेश यादव की समरसेबल पंप पर ही रहकर अपना जीवन यापन करता था। कायमगंज पुलिस ने शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

# दो चोरों को चोरी की बैटरियां व चोरी की बाइक के साथ किया गिरफ्तार

● अभियुक्तगणों के कब्जे से चोरी की 21 अदद बैटरियां भिन्न भिन्न कम्पनी की छोटी बड़ी व 1 अदद बाइक नं0 9023 व घटना में प्रयुक्त 01 अदद आटो नं0 6866 के साथ बरामद



**कानपुर देहात।** चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान जागते रहो अभियान के क्रम में, 02.09.2024 को थाना डेरापुर पुलिस टीम द्वारा मंगलपुर तिराहे पर चेकिंग के दौरान मंगलपुर की तरफ से आ रहे एक ऑटो को रुकने का इशारा किया किन्तु ऑटो चालक ने अचानक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया तो पुलिस टीम ने उक्त ऑटो का पीछा कर मय ऑटो के पकड़ लिया। आटो नं0 6866 में दो व्यक्ति थे जिनमें एक चालक व एक व्यक्ति बगल में बैठा था। जिनसे नाम व पता व भागने का कारण पूछा गया तो उनकी पहचान सत्यम भदौरिया पुत्र मुन्ना भदौरिया निवासी ग्राम लड्डआपुर थाना डेरापुर जनपदएसनी पुत्र इशरार निवासी वार्ड नं0 01 अम्बेडकर नगर सीएचसी डेरापुर के सामने कस्बा डेरापुर थाना डेरापुर के रुप में हुई। तथा भागने का कारण पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा चोरी किया गया सामान ऑटो में रखा है। जिसमें 21 अदद बैटरियां भिन्न भिन्न कम्पनी की छोटी बड़ी व 01 अदद मोटर साइकिल नं0 9023 व घटना में प्रयुक्त 01 अदद आटो नं0 6866 बरामद कर गिरफ्तार किया गया। तथा ऑटो में रखीं बैटरियों को निकालकर बैट्री के सीरियल नंबर व मॉडल के आधार पर चेक किया गया तो एक बैटरी थाना डेरापुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 147/2024 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित है। दो बैटरियां थाना डेरापुर पर पंजीकृत 146/2024 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित है तथा बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल के चेचिस नं0 को ई. चालान एप के माध्यम से चेक किया गया तो वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नं0 9023 है, जो थाना डेरापुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 20/24 धारा 379 भादवि से संबंधित है। घटना में प्रयुक्त ऑटो नं0 6866 को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर शेष बैटरियों के सम्बन्ध में जानकारी न होने पर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात में मु0अ0सं0 0148/2024 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अभियुक्तगण से चोरी की गयी बैटरियों व मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि इसमें 01 बैट्री बैंक डेरापुर के पास लगी स्ट्रीट लाइट से व मवई मुक्ता ग्राम से दो ट्रैक्टरों की बैटरियां व ग्राम परौंख से पांच ट्रैक्टर की बैटरियां व शेष बैटरियां मंगलपुर तथा डेरापुर थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न गांव से ही चोरी करने तथा पैट्रोल पम्प मवई मुक्ता से लगभग 06 महीने पहले मोटरसाइकिल चोरी किये जाने की बात बतायी।

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने सर्राफा व्यापारी से लूट के आरोपी को दबोचा

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण मे कोतवाली गुरसहायगंज पुलिस द्वारा छापेमारी कर सर्राफ से लूट का माल सहित तमंचा व कारतूस बरामद कर हिरासत में लेकर कार्रवई की गई है। मंगलवार को पुलिस कार्यालय में एसपी अमित कुमार आनन्द ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 14 अगस्त को कोतवाली गुरसहायगंज क्षेत्र के मोहल्ला दारासराय समधन निवासी सर्राफ व्यापारी साजिद पुत्र अब्दुल जलील के आगरा से चाँदी के आभूषण खरीद कर ई-रिक्शा से वापस अपनी दुकान मलिकपुर जाते समय मलिकपुर तेराजाकेट रोड पर मलिकपुर ईदगाह से थोडा पहले तेराजाकेट की तरफसे मोटर साइकिल सवार दो व्यक्तियों द्वारा अपनी मोटर साइकिल बिल्कुल पास मे लगाकर ई-रिक्शा पर चॉदी के आभूषण का रखा हुआ लेकर भाग गये थे। उपरोक्त घटना के अज्ञात चोरों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु थाना गुरसहायगंज पर 02 टीमे गठित की गयी थी। जिनके द्वारा लगातार घटना के अनावरण हेतु सम्भावित स्थानों पर दविश देकर अभियुक्तगणों की सुरागरसी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को प्रातः मलिकपुर ईदगाह से आगे तेराजाकेट गांव की तरफसडक के किनारे से अभियुक्त अंशू गिहार पुत्र नरेश गिहार निवासी ग्राम कंचनपुर डेरा थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। जबकि अभियुक्त का साथी अभियुक्त अभिषेक गिहार पुत्र छोटेलाल गिहार निवासी मोहल्ला शास्त्रीनगर जथैरा थाना जैथरा जनपद एटा मौके से मोटर साइकिल से फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त अंशू गिहार के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस सहित चोरी के आभूषण बरामद हुये।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** अंतिम संस्कार से घर वापस लौट रहे 50 वर्षीय बाइक सवार को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के हसोलेखेड़ा गांव निवासी स्व. चंद्रपाल विश्वकर्मा का पुत्र जय प्रकाश विश्वकर्मा गांव में ही किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था। वापस लौटते समय जब वह पारादान कोठी के समीप पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी बिंदकी लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### ई रिक्शा पलटा तीन घायल दो की हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव मुंडौल निवासी नीलेश (22) वर्षीय बाइक से कायमगंज आया था जब वह मंडी समिति के पास पहुंचा तो उसकी तेज बाइक वहां पर खडे सांड से टकरा गई और वह गिरकर गंभीर घायल हो गया उधर सांड बाइक से टकराने के बाद स्टेशन से भरकर सवारी ला रहा ई रिक्शा से सांड टकरा गया सांड की टक्कर लगते ही ई रिक्शा पलट गया उसमे बैठी आधा दर्जन सवारियां दब गई सवारियों की चीख पुकार सुन आसपास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला जिसमे क्षेत्र के भगौतीपुर निवासी अनीता (35) पत्नी दिनेश व लखनपुर निवासी रामभजन (50) वर्षीय गंभीर घायल हो गये लोगों ने तीनों घायलों को सीएचसी भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद नीलेश व रामभजन को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पतंग उड़ाते समय किशोर पर बंदरों का हमला घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला सदवाड़ा निवासी शुएब का 6 वर्षोय पुत्र घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था तभी कई बंदरों ने उसे घेर लिया और उस पर हमला कर घायल कर दिया उसके चीखने चिल्लाने पर परिजन लाठी लेकर छत की ओर दौड़े ओर उसे बंदरों से बचाया। परिजन घायल बालक को प्राइवेट डॉक्टर के यहाँ ले गये जहाँ उसका इलाज हुआ।

### युवक ने पिया कीटनाशक हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव तुर्क ललईया निवासी रंजीत ;35द्ध ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया गंभीर हालत मे परिजन सीएचसी लाये जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। रंजीत ने दीमक मारने बाला कीटनाशक पिया है।

### दो महिलाओं को सांप ने डसा हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव कुँअरपुर निवासी सुर्वेली (45) पत्नी लखन सिंह व पंक्षी नगला निवासी सरिता (23) पुत्री प्रदीप कुमार को ज़हरीले सांप डस लिया गंभीर हालत मे दोनों के परिजन सीएचसी लाये जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद सुर्वेली को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) पूर्णतया निःशुल्क

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में जिला परियोजना अधिकारी नगरीय निकाय विकास अभिकरण ने बताया कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का संचालन जनपद की समस्त नगर निकायों में किया जा रहा है। संस्था द्वारा नामित जेई ध् सर्वेयरों द्वारा जियोटैगिंग/पीएमसी का कार्य किया जाता है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) पूर्णत्या नि:शुल्क है इसमें किसी प्रकार की कोई भी धनराशि किसी व्यक्ति विशेष को देय नहीं है। लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि जो भी जेई/सर्वेयर जियोटैग का कार्य करने हेतु आपके आवास में आयें तो उसका पहचान पत्र अवश्य देखें व किसी तरह का शक होने पर नगर निकाय के कार्यालय अथवा जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कार्यालय कानपुर देहात में सम्पर्क करें तथा कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने आपको डूडा विभाग का कर्मचारी बताते हुये लाभार्थियों से सम्पर्क करने तथा धन वसूली का प्रयास किया जा रहा है।

# पुलिस व गौतस्करों में मुठभेड़, दो आरोपी घायल



घायल गौतस्कर को उठाकर ले जाती पुलिस।

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह पुलिस और गौतस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आरोपी घायल हो गए। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग नाज भट्ठे के पास गौकशी की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सुल्तानपुर घोष थाने के प्रभारी राजेंद्र त्रिपाठी और हथगांव थाना के प्रभारी वृंदावन राय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आरोपियों की चारों तरफ से घेराबंदी करते हुए आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन पुलिस के आदेश को नजरंदाज करते हुए, आरोपियों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से महफूज उर्फ कल्लू (44) व महमूद हसन (42) नामक तस्कर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर तुरंत इलाज के लिए हथगांव सीएचसी में भर्ती कराया है। मौके से पुलिस ने दो तमंचे, कारतूस, एक बाइक, एक जिन्दा गोवंश और गौकशी के औजार बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि महफूज उर्फ कल्लू थाना खखरेरू का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ 13 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि महमूद हसन के खिलाफ 5 मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे और गौकशी के कई मामलों में वांछित थे। इस मुठभेड़ के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# दूसरे दिन भी नहीं मिला नदी में डूबा बालक

● एनडीआरएफसहित स्थानीय गोताखोर जुटे तलाश जारी



काली नदी में बालकी खोजबीन करते गोताखोर।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बहन के घर रहने के लिए आया बालक का काली नदी के पुल पर बैठकर सेल्फी लेने से संतुलन बिगड़ जाने पर नदी में गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों द्वारा तलाश कराते हुये उच्चाधिकारियों को घटना की सूचना दी जिसपर एनडीआरएफ टीम द्वारा बालक की तलाश जारी की गई लेकिन बालक का कोई पता नहीं चल सका। ग्राम फ्राहरन निवासी 12 वर्षीय भूरा पुत्र रामू बाथम एक महा पूर्व इंदुईयांगज निवासी अपनी बहन सोमवती पत्नी रामवृक्ष बाथम के घर रहने के लिए आया था। सोमवार को 04 बजे घूमता हुआ काली नदी के पुल पर बैठकर मोबाइल से सेल्फी लेने लगा। संतुलन बिगड़ जाने से पुल से नदी में जा गिरा। मौके पर बालकृष्ण ने बालक को नदी गिरने की सूचना बालक के घर पर दी गई। जिससे मौके पर पहुंचे पारिवारिक जनों का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं किसी की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने स्थानीय गोताखोरों द्वारा खोजबीन जारी कराई गई। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर समधन चौकी प्रभारी की मौजूदगी में एनडीआरएफ टीम व स्थानीय गोताखोरों द्वारा रात दिन खोज बीन की गई लेकिन बालक का कोई पता नहीं चला। पिता रामू बाथम, भाई रवि बाथम, मानसिंह सहित दोनों परिवार के पारिवारिक जनों का रो–रो के बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक बालक की खोज जारी थी।

# दुबई जेल में कैद बांदा की शहज़ादी को 21 सितम्बर को दी जाएगी फांसी, पीएम मोदी से परिजनो ने लगाई गुहार



**बांदा।** संयुक्त अरब अमीरात यूएई की अबू धाबी जेल में कैद यूपी के बांदा की निवासी दिव्यांग शहजादी को 21 सितंबर को फांसी की सजा दी जाएगी, यूएई की कोर्ट ने 21 सितंबर को शहजादी को फांसी के फंदे पर लटकाने का वक्त मुकर्रम कर दिया है। यह खबर आते ही पीड़िता शहजादी के घर में कोहराम मच गया हैए फांसी की सजा पायी शहजादी के बूढ़े माता.पिता रो.रो कर पीएम नरेंद्र मोदी से अपनी बेटी को बचाने के लिए फरियाद कर रहे हैं।

वीओ.1. आपको बता दें कि बांदा के मटौंध थाना क्षेत्र के गांव गोयरा मुगली की रहने वाली शहजादी सामाजिक संस्था रोटी बैंक में काम करती थी, फेसबुक के जरिए आगरा निवासी उजैर से शहजादी का संपर्क हुआ था और कथित मानव तस्कर के प्रेमजाल में शहजादी फंसती चली गयी। चूंकि शहजादी का चेहरा जला हुआ था और उजैर ने उसे इलाज के लिए आगरा बुला लिया और वहां से उसे इलाज करने के नाम पर आगरा के मूल निवासी और वर्तमान में दुबई में रहने वाले दम्पति फैज और नादिया के हाथ शहजादी का सौदा कर उसको दुबई भिजवा दिया था शहजादी को घरेलू नौकर की तरह काम करना पड़ता था और फैज और उसकी पत्नी के टॉर्चर से भी गुजरना पड़ता था, इसी बीच फैज का 4 साल के बेटे की बीमारी के दौरान मौत हो गई थी जिसका इल्जाम दुबई में रहने वाले इस दंपति ने शहजादी पर लगाते हुए उसे गिरफ्तार करा दिया था, दुबई की कोर्ट ने चार महीने पहले ही शहजादी को बच्चे की हत्या के जुर्म में मौत की सजा सुनाई थी जिस पर शहजादी के परिजनों ने बांदा सीजेएम कोर्ट में फरियाद कर कोर्ट के आदेश पर आरोपी उजैर और दुबई में रहने वाले दंपति के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था और साथ ही पीएम मोदी से शहजादी को बचाने की फ़रियाद भी की थी। अबू धाबी की जेल में शहजादी को अपने परिजनों से बात करने की छूट दी गई है और शहजादी ने अपने पिता को फोन करके बताया और वहां की कोर्ट के आदेश भी भेजे हैं, इसी महीने यानि 21 सितंबर को शहजादी को सजा मौत देने का समय मुकर्रर कर दिया गया है। पीड़िता ने पिता से फोन पर बात करते हुए मदद मांगी है, वह अबू धाबी की जेल से छूटने के बाद अपने साथ हुए अत्याचार को सबके सामने लाना चाहती है। आगरा निवासी हुसैन ने पहले शहजादी को अपने प्रेम जाल में फंसाया था और उसके बाद उसका विदेश में इलाज कराने के नाम पर उसके गहने दिव्यांग कार्ड एटीएम बैंक में जमा सारा पैसा सब कुछ अपने कब्जे में लेने के बाद दुबई में रह रहे।

# संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ेगी गश्तः वन मंत्री अरुण

● मंत्री ने की हिंसक जीव के हमलों पर प्रभावी अंकुश हेतु की बैठक, बनी रणनीति



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार की शाम राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन डॉ. अरूण कुमार ने एसीएस (वन) मनोज कुमार संग खीरी पहुंचे, जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा व सीडीओ अभिषेक कुमार तथा स्थानीय विभागीय अफसरों संग बैठक कर हिंसक जीव के हमलों पर प्रभावी अंकुश के लिए अब तक की गई कार्यवाही की गहन समीक्षा की और आगे की रणनीति पर चर्चा की। मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वन मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मा मुख्यमंत्री योगी घटना को लेकर अत्यन्त संवेदनशील है। वन्यजीवों के हमलों को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए जिला प्रशासन के दिशा निर्देशन में सभी स्टेक होल्डर्स पूरी तत्परता के साथ जुटे हुए हैं। मुझे आशा है कि शीघ्र ही हमलों के लिए जिम्मेदार जीवों को पकड़ लिया जायेगा। सरकार हर नागरिक के जीवन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। वन्यजीवों की दृष्टि से जिले के संवेदनशील एरिया में सुरक्षा के सभी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। प्रशिक्षित टीम की गश्त बढ़ाने, अतिरिक्त मैनपावर लगाने की बात भी कही।

वन मंत्री ने अपील की कि सभी ग्रामवासी हिंसक जीव के हमलों के प्रति पूरी तरह से सजग रहें। घर के बाहर कदापि न सोये और जब भी घर से बाहर जायें तो दरवाज़ा को अवश्य बन्द कर दें। बैठक में एफडी ने फील्ड में हो रही घटनाओं की जानकारी दी। छोटे.छोटे समूहों में गांव में बैठकों का क्रम जारी है। घटना पर विशेष अटेंशन दिया जा रहा है। डीएफओ संजय बिस्वाल ने बाघ मित्रों की भूमिका को रेखांकित किया। रेंजवार बाघ के मूवमेंट की स्थिति भी बताई।

बैठक में मंत्री और अपर मुख्य सचिव वन ने संयुक्त रूप से डीपीआरओ विशाल सिंहए डीसी मनरेगा विपिन चौधरी, बाघमित्र अनिल चौहान, राम कुमार, रेंजर अभय मल्ल, एसडीओ धर्मेंद्र, बीडीओ बांकेगंज ऋषिकेश, बीडीओ निघासन जयेश, बीडीओ गोला हनुमंत प्रसाद, एसडीएम विनोद गुप्ता से संवाद करते हुए मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए उठाए जाने वाले ठोस कदम सहित जन जागरूकता अभियान के संबंध में जरूरी जानकारी ली। विधायक योगेश वर्मा, शशांक वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए पूरा जिला प्रशासन पूरी तन्मयता के साथ जुटा है। कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

## संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाई जाए गश्त

राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में विशेष रूप से आबादी से लगे क्षेत्र में नियमित रूप से वन कर्मियों की गश्त बढ़ाई जाए। गश्त के दौरान स्थानीय निवासियों से भी नियमित जनसंपर्क किया जाएए उनको वन्यजीवों से सुरक्षा के उपायों के विषय में जागरूक किया जाए।

## वन विभाग और अधिक अपनी सक्रियता दिखाएंः मनोज सिंह

अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मनोज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर माण् वन मंत्री जनपद खीरी पहुंचे हैंए आज की बैठक का उद्देश्य मानव वन्य जीव संघर्ष पर सुझाव एवं चर्चा करना है। हिंसक जीव के हमलों को रोकने में हर समय सतर्कता रखते हुए प्रशिक्षित वन कर्मियों की क्विक रिस्पांस टीम मौके पर भेजी जाए।

## ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूकः डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले में मानव.वन्य जीव संघर्ष के संबंध में वन मंत्री को अवगत कराया। निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन कराया जा रहा है। अभियान चलाकर आम जन को सजग भी किया जा रहा है। संवेदनशील ग्रामों में लाइट सहित अन्य जरूरी चीजों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ.साथ जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। वन विभाग प्रभावी क्षेत्रों में सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यकतानुसार कार्यवाही करते हुए पिंजरे लगाते हैं।

# शिक्षा प्रणाली में शोध को बढ़ावा दिया जाना चाहिए: राष्ट्रपति मुर्मू

**पुणे।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षा प्रणाली में शोध को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि भारत में शोधार्थी न केवल देश, बल्कि दुनिया के समक्ष मौजूद समस्याओं का समाधान ढूंढने में भी सक्षम हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 शोध को बढ़ावा देती है। मुर्मू ने छात्रों से उत्कृष्टता प्राप्त करने का आग्रह किया और कहा कि सफलता को धन, बड़ा घर या कार जैसी भौतिक सम्पत्तियों से न जोड़ें। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि युवा पीढ़ी देश के विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। देश के लोगों में बहुत प्रतिभा और कौशल है। मैं चाहती हूं कि आप समाज की आवश्यकताओं को समझें और अपने ज्ञान का उपयोग करके ऐसे समाधान खोजें जो आम जनता, खासकर हाशिए पर रह रहे लोगों के विकास में मदद कर सकें और जिससे स्थिरता को बढ़ावा मिल सके।

स्टार्ट-अप इंडिया , स्किल इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया जैसी सरकारी योजनाओं के माध्यम से युवा पीढ़ी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती है। उन्होंने कहा, मैं यहां सभी से कहना चाहूंगी कि शिक्षा प्रणाली में शोध को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भारत के शोधार्थी न केवल देश के भीतर बल्कि दुनिया की समस्याओं का समाधान खोजने में सक्षम हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शोध को बढ़ावा दिया गया है। राष्ट्रपति ने सिम्बायोसिस विवि के प्रोफेसर, संकाय सदस्यों और पूर्व छात्रों से शिक्षा प्रणाली में शोध को बढ़ावा देने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्षों के शोध से नए आविष्कार होते हैं और चुनौतियों के नए समाधान मिलते हैं। सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय में जल संसाधन प्रबंधन, स्टेम सेल, नैनो-विज्ञान और जलवायु परिवर्तन सहित कई क्षेत्रों में बहु-विषयक शोध केंद्र काम कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ने छात्रों को हर कार्य में उत्कृष्टता हासिल करने का प्रयास करने की सलाह दी। आपने एक कहावत सुनी होगी उत्कृष्टता हासिल करने का प्रयास करो, सफलता अपने आप आपके पीछे आ जाएगी। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कुछ लोग अधिक पैसा, बड़ा घर, बड़ी कार और अन्य चीजों की उपलब्धता को ही सफलता की निशानी मान लेते हैं उन्होंने विश्वास जताया कि वे सफलता का सही अर्थ समझेंगे और ऐसा काम करेंगे जिससे दूसरों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि छात्र अपने व्यक्तित्व और ज्ञान से देश और विदेश में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। छात्र नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के माध्यम से प्रबंधन, स्वास्थ्य देखभाल, कानून, सामाजिक विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में प्रभावी योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति ने छात्रों से भारत के विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों की संस्कृति एवं उनकी जरूरतों को समझने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि क्षेत्रों और समुदायों के इस ज्ञान के आधार पर, छात्रों को सॉफ्टवेयर, स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद और विपणन रणनीतियां बनानी चाहिए जो सभी के विकास में मदद करें, विशेष रूप से वंचित वर्गों के लिए और स्थिरता को भी बढ़ावा दें।



## महिलाओं के प्रति नजरिए में बदलाव की जरूरत

**मुंबई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में कमियां हैं। मुर्मू ने इनका पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत को रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक विकास के बिना राष्ट्र की प्रगति पूरी तरह से साकार नहीं हो सकती। मुंबई में महाराष्ट्र विधान परिषद के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत की आधी आबादी महिलाओं की है और देश को आगे ले जाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक प्रगति के बिना देश का विकास उस तरह नहीं हो सकता जैसा होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं को शायद अभी आगे बढ़ाया जा रहा है, लेकिन भविष्य में वे चलेंगी, दौड़ेंगी और उड़ेंगी तथा राष्ट्र के विकास में योगदान देंगी। महिलाओं को देखने और समझने के तरीके में खामी है। महिलाओं के प्रति नजरिए में बदलाव की जरूरत है। इसे बदलना हमारा कर्तव्य और जिम्मेदारी है। भविष्य में, हम शायद वह नहीं देखेंगे जो हम अभी देख रहे हैं और जिसका सामना महिलाएं कर रही हैं। उनकी यह टिप्पणी कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में एक महिला जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या तथा बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण की घटना पर व्यापक आक्रोश की पृष्ठभूमि में आई है। राष्ट्रपति ने 28 अगस्त को कहा था कि अब समय आ गया है कि भारत महिलाओं के खिलाफ अपराधों की विकृतियों के प्रति जागरूक हो और उस मानसिकता का मुकाबला करे जो महिलाओं को कम शक्तिशाली, कम सक्षम, कम बुद्धिमान के रूप में देखती है।

# सर्राफा दुकान से डेढ़ करोड़ रुपए के जेवरात लूटने के आरोपी तीन बदमाश गिरफ्तार

**सुलतानपुर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में पिछले बुधवार को एक सर्राफा व्यवसाई की दुकान से करीब डेढ़ करोड़ रुपए के जेवरात की लूट के आरोपी तीन बदमाशों को पुलिस ने मंगलवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि मुठभेड़ में इन तीनों कथित लुटेरों के साथ-साथ एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हो गया।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोमेन बर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने तड़के करीब साढ़े तीन बजे कोतवाली नगर के इमिलिया में तीन लोगों को रोकने की कोशिश की लेकिन उन्होंने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलाईं। बर्मा के अनुसार पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और तीनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। उनके मुताबिक मुठभेड़ में पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के सिपाही शैलेश राजभर के भी पैर में गोली लग गई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बदमाशों की शिनाख्त सचिन सिंह, पुष्पेंद्र और त्रिभुवन के रूप में हुई है और उन्हें गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके अनुसार जख्मी सिपाही का भी उपचार कराया जा रहा है। कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित चौक ठठेरी बाजार में पिछले बुधवार को सर्राफा व्यवसाई भरत जी सोनी की दुकान से लगभग डेढ़ करोड़ रुपए के जेवरात लूट लिए गए थे। एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से 15 किलो चांदी, 38 हजार 500 रुपए नगद, अवैध तमंचा एवं मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि वारदात में शामिल आधा दर्जन से अधिक बदमाशों के नाम प्रकाश में आए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीम जुटी है।

# डीआरडीओ ने 30 मिमी एचईपीएफ गोले का उत्पादन दस्तावेज डीजीएनएआई महानिदेशक को सौंपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा** अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 30 मिलीमीटर हाई एक्सप्लोसिव प्रीफॉर्म्ड फ्रैगमेनटेशन (एचईपीएफ) गोले के उत्पादन दस्तावेज नेवल आर्मामेंट इंस्पेक्शन (डीजीएनएआई) महानिदेशक को सौंप दिए हैं। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि डीआरडीओ की पुणे स्थित प्रयोगशाला, आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टेब्लिशमेंट (एआरडीई) द्वारा विकसित यह गोला (शेल) ड्रोन के खिलाफ भारतीय नौसेना की लड़ाकू क्षमता को और बढ़ाएगा। यह दस्तावेज पुणे के पाषाण स्थित एआरडीई में आयोजित एक समारोह के दौरान सौंपा गया।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डीआरडीओ ने 30 मिलीमीटर एचईपीएफ गोले का उत्पादन दस्तावेज डीजीएनएआई को सौंप दिया है। इसमें कहा गया है, एचईपीएफ गोले की विशेषताएं सेवा में मौजूद गोला-बारूद (एचईआई गोले) के समान हैं, जिससे इसे मौजूदा एके-630 नौसैनिक तोप से दागा जा सकता है। एचईपीएफ गोला, एचईआई गोले की तुलना में बेहतर विखंडन मारक क्षमता प्रदान करता है, जिससे यह ड्रोन झुंडों को मार गिराने में प्रभावी है। एचईपीएफ गोला हार्डवेयर का निर्माण तीन भारतीय कंपनियों द्वारा एआरडीई विनिर्देशों के अनुसार किया गया था।

## के. राजलक्ष्मी मेनन डीआरडीओ की नई महानिदेशक (एयरो) बनी

**बेंगलुरु।** के राजलक्ष्मी मेनन ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की महानिदेशक (एयरो) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है तथा उन्हें इसके साथ ही सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स (सीएबीएस) की निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया,"डॉ के राजलक्ष्मी मेनन महानिदेशक (एयरो) के रूप में अब एयरो क्लस्टर के तहत सभी कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार होंगी जो उनके रचनात्मक नेतृत्व में काम करेंगे। मेनन ने पुणे विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में एमएससी करने के बाद 1988 में सीएबीएस (पूर्व में एएसडब्ल्यूएसी) में वैज्ञानिक-बी के रूप में डीआरडीओ में काम करना शुरू किया था। बयान में कहा गया है कि उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग से इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। मेनन ने एयरबॉर्न सर्विलांस सिस्टम के बनने और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# चार निष्कासित महिला न्यायाधीशों को बहाल किया

**● शीर्ष अदालत को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री ने बताया**

**भाषा।** नई दिल्ली



**मध्य प्रदेश** उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि कथित असंतोषजनक कामकाज की वजह से सेवा से बर्खास्त की गईं चार महिला दीवानी न्यायाधीशों को बहाल कर दिया गया है। यह घटनाक्रम इसलिए अहम है क्योंकि शीर्ष अदालत ने जनवरी में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कथित असंतोषजनक कामकाज के कारण छह महिला दीवानी न्यायाधीशों को बर्खास्त किए जाने के मामले में स्वत: संज्ञान लिया था।

राज्य सरकार और उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री को नोटिस जारी करते हुए शीर्ष अदालत ने निष्कासित की गईं न्यायाधीशों के भी जवाब मांगे। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को मंगलवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय रजिस्ट्री के वकील ने अवगत कराया कि उच्च न्यायालय की पूर्ण बैठक में छह महिला न्यायिक अधिकारियों में से चार की बर्खास्तगी को रद्द करने का निर्णय लिया गया है।

पीठ ने कहा कि एक अगस्त को उच्च न्यायालय की पूर्ण अदालत बैठक में फैसला किया गया था कि चार न्यायिक अधिकारियों की बर्खास्तगी के आदेश को रद्द किया जाएगा और उन्हें एक साल की परिवीक्षा के साथ दीवानी न्यायाधीश जूनियर डिवीजन के रूप में पदस्थ किया जाएगा।

वकील तन्वी दुबे ने कहा, बहाल की गईं न्यायिक अधिकारियों को उनके संबंधित बैच में सबसे नीचे रखा जाएगा तथा उनकी पुष्टि होने पर वे अपनी मूल वरिष्ठता पुन: प्राप्त करेंगी। जिन न्यायाधीशों के बर्खास्तगी के आदेश को रद्द किया गया है उनमें ज्योति वरखडे, सोनाक्षी जोशी, प्रिया शर्मा और रचना अतुलकार जोशी हैं। अन्य दो महिला न्यायिक अधिकारियों के संदर्भ में उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री ने शीर्ष अदालत से कहा कि उनका निष्कासन रद्द नहीं किया गया है और इसके कारण तथा अन्य विवरण एक सीलबंद लिफाफे में जमा किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने इस निर्णय और इस निर्णय तक पहुंचने में उच्च न्यायालय द्वारा किए गए प्रयासों तथा वकीलों के प्रयासों की सराहना की। उसने स्वत: संज्ञान लेते हुए लिए गए मामले को बंद कर दिया।

# विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर सात प्रतिशत किया

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि दर के अनुमान को 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। कृषि क्षेत्र में सुधार और ग्रामीण मांग में तेजी की वजह से विश्व बैंक ने वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अनुमानों के अनुरूप है। दोनों बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसियों ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत किया है। आर्थिक समीक्षा के अनुसार, 2024-25 में देश का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है।

विश्व बैंक ने इससे पहले जून में अनुमान लगाया था कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। उसने अब इसे 0.4 प्रतिशत बढ़ा दिया है। विश्व बैंक के वरिष्ठ अर्थशास्त्री रैन ली ने कहा कि मानसून में सुधार, निजी खपत और बढ़ते निर्यात के दम पर भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को ऊपर की ओर संशोधित किया जा रहा है। विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) रिपोर्ट में कहा, दक्षिण एशिया क्षेत्र का बड़ा हिस्सा.. भारत की वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहने की उम्मीद है। चुनौतीपूर्ण बाहरी परिस्थितियों के बीच विश्व बैंक को उम्मीद है कि भारत का मध्यम अवधि का दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर सात प्रतिशत तक पहुंचने और वित्त वर्ष 2025-26 तथा 2026-27 में मजबूत रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया, मजबूत राजस्व वृद्धि और आगे राजकोषीय समेकन के साथ ऋण-जीडीपी अनुपात वित्त वर्ष 2023-24 में 83.9 प्रतिशत से घटकर 2026-27 तक 82 प्रतिशत पर आने का अनुमान है।

चालू खाते का घाटा (कैड) वित्त वर्ष 2026-27 तक सकल घरेलू उत्पाद के।-1.6 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है। विश्व बैंक के भारत में निदेशक ऑगस्ते तानो कोउमे ने कहा कि भारत की मजबूत वृद्धि संभावनाओं के साथ-साथ घटती मुद्रास्फीति दर से अत्यधिक गरीबी को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, भारत अपनी वैश्विक व्यापार क्षमता का दोहन करके वृद्धि को और बढ़ा सकता है। आईटी, व्यावसायिक सेवाओं और औषधि जहां यह उत्कृष्ट है....उसके अलावा भारत वस्त्र, परिधान तथा जूते-चप्पल के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक और हरित प्रौद्योगिकी उत्पादों में निर्यात बढ़ाकर अपने निर्यात खंड में विविधता ला सकता है।

इसमें कहा गया है कि कृषि क्षेत्र में सुधार से उद्योग में आई मामूली गिरावट की आंशिक भरपाई हो जाएगी और सेवाएं मजबूत बनी रहेंगी। कृषि में अपेक्षित सुधार से ग्रामीण मांग भी बेहतर होगी। इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) ने इस बात पर जोर दिया कि 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर के अपने माल निर्यात लक्ष्य तक पहुंचने के लिए भारत को अपने निर्यात खंड में विविधता लाने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का लाभ उठाने की जरूरत है। वह व्यापार लागत को और कम कर, व्यापार बाधाओं को दूर करके और व्यापार एकीकरण को बढ़ा लक्ष्य को हासिल कर सकता है।

वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं रिपोर्ट के सह-लेखक नोरा डिहेल तथा रैन ली ने कहा, उत्पादन की बढ़ती लागत तथा उत्पादकता में गिरावट के साथ वैश्विक परिधान निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2018 के चार प्रतिशत से घटकर 2022 में तीन प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा कि अधिक व्यापार-संबंधी नौकरियां सृजित करने के लिए भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में अधिक पकड़ के साथ एकीकृत हो सकता है। इससे नवाचार तथा उत्पादकता बढ़ाने के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

## ट्रेन में यात्रियों से जबरन वसूली के आरोपी 59 किन्नर गिरफ्तार

**प्रयागराज (उप्र)।** रेल यात्रियों से जबरन पैसे वसूलने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रेल सुरक्षा बल ने करीब एक पखवाड़े में 59 किन्नरों को गिरफ्तार किया है। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) अमिय नंदन सिन्हा के निरीक्षण में 19 अगस्त से दो सितंबर तक उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों- प्रयागराज, आगरा और झांसी में किन्नरों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में रेल अधिनियम 1989 की विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत 59 किन्नरों को गिरफ्तार किया गया जिनसे न्यायालय द्वारा 6,900 रुपए का जुर्माना लगाते हुए 20 किन्नरों को जेल भेजा गया। मालवीय ने बताया कि इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे ताकि यात्रियों की रेलयात्रा सुरक्षित एवं सुगम हो सके।

# मैसुरु की चामुंडी पहाड़ियों पर धूम्रपान करने, शराब पीने और गुटखा खाने पर प्रतिबंध

**भाषा।** मैसुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि यहां चामुंडी पहाड़ियों पर धूम्रपान, शराब पीना या गुटखा और पान खाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और साथ ही इन्हें प्लास्टिक मुक्त भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से अगले पांच वर्षों में चामुंडी पहाड़ियों के विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करने को भी कहा। सिद्धरमैया ने यहां चामुंडेश्वरी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा, चामुंडी पहाड़ियों पर धूम्रपान, शराब पीना या गुटखा और पान खाना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। हमने चामुंडी पहाड़ी को प्लास्टिक मुक्त बनाने का फैसला किया है।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान (पीआरएएसएडी) योजना को लागू करने के लिए प्राधिकरण से 11 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि जारी की जाएगी और पांच मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

उन्होंने कहा, मंदिर के अंदर (चामुंडी पहाड़ियों पर) फोटोग्राफी प्रतिबंधित रहेगी और मोबाइल फोन बंद कर दिए जाएंगे... चामुंडी पहाड़ियों को और अधिक आकर्षक बनाना तथा सभी सुविधाएं प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि यहां कोई ड्रेस कोड नहीं होगा और जाति, धर्म और लिंग से परे सभी लोगों का मंदिर में स्वागत है।

## कांवड़ यात्रा में तोड़फोड़ और कार चालक पर हमला करने के आरोप में पांच गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, (उप्र)।** मुजफ्फरनगर जिले के छपार थानाक्षेत्र में पुलिस ने हरिद्वार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ यात्रा के दौरान एक कार में तोड़फोड़ करने और उसके चालक पर हमला करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। कार कथित तौर पर एक कांवड़िए (तीर्थयात्री) से टकरा गई थी, जांच के दौरान पाया गया कि यह दावा झूठा था। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राजू कुमार साब ने बताया कि कथित घटना 21 जुलाई को छपार थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर फूड प्लाजा रेस्तरां के पास बहेड़ी कट के पास हुई थी। यात्रा में शामिल लोगों ने कथित तौर पर कार में तोड़फोड़ की और चालक आकिब पर हमला किया। आरोपियों ने दावा किया कि उनकी गाड़ी एक कांवड़िए से टकरा गई थी। पुलिस ने आकिब को बचा लिया और बाद में पुष्टि हुई कि आरोप गलत थे। इस घटना के सिलसिले में संबंधित धाराओं के तहत 10 से 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# क्या राजनयिकों के सामान की जांच हो सकती है: शीर्ष अदालत ने पूछा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से जानना चाहा कि क्या राजनयिकों के सामानों की भारत में स्कैनिंग की जा सकती है या उन्हें तलाशी से छूट प्राप्त है। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू से यह प्रश्न पूछा, जिन्होंने इस मुद्दे पर जवाब देने के लिए समय मांगा। पीठ ने मामले की सुनवाई तीन सप्ताह बाद के लिए स्थगित करते हुए एएसजी से कहा, विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या भारत सरकार राजनयिकों के सामानों को स्कैन कर सकती है। क्या ऐसा किया जा सकता है। क्या इसमें छूट है या नहीं। इसकी प्रक्रिया क्या है।

राजू ने कहा कि वह इस मुद्दे पर निर्देश मांगेंगे और तब अदालत आएंगे। एएसजी ने कहा, प्रथम दृष्टया, अगर किसी अपराध के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है, तो ऐसा हो सकता है और यह राजनयिक बैगेज (राजनयिकों का सामान) नहीं रहता।

शीर्ष अदालत प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें सोना तस्करी मामले में मुकदमे को केरल से कर्नाटक स्थानांतरित करने की मांग की गई है और दावा किया गया है कि मामले में राज्य में निष्पक्ष और स्वतंत्र सुनवाई संभव नहीं है। ईडी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि आरोपियों और केरल सरकार के शीर्ष अधिकारियों तथा पदाधिकारियों के बीच करीबी सांठगांठ है। मामले की प्रमुख आरोपी, तिरुवनंतपुरम में यूएई के वाणिज्य दूतावास की पूर्व कर्मचारी स्वप्ना सुरेश को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 11 जुलाई, 2020 को बेंगलुरु से एक अन्य आरोपी संदीप नायर के साथ हिरासत में लिया था।

# पेज 1 का शेष

## पश्चिम बंगाल...

जबकि बंगाल में महिलाओं को न्याय मिल रहा है। विधेयक की प्रशंसा करते हुए टीएमसी के कुणाल घोष ने कहा कि बंगाल में इतिहास रचा गया है, क्योंकि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने बलात्कार और हत्या की घटनाओं में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने का प्रावधान करने वाला विधेयक पारित किया है। इस बीच एक संबंधित घटनाक्रम में आरजीकेएमसीएच के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष, जिन्हें मंगलवार को भ्रष्टाचार के आरोप में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था, को शहर के बैंकशाल कोर्ट ने मंगलवार को 8 दिनों की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। घोष के वकील ने जमानत के लिए आवेदन नहीं किया।

## भारत की...

एक भविष्य का मुख्य युद्धक टैंक होगा। सूत्रों ने कहा कि अपने बेड़े में टी-72 टैंकों को बदलने के लिए 1,700 भविष्य के लिए तैयार लड़ाकू वाहन खरीदने की 50,000 करोड़ रुपये की परियोजना से सेना की युद्ध तत्परता बढ़ेगी। सेना सक्रिय रूप से उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों, विशेष रूप से चीन के सामने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और रेगिस्तानों में अभियानों में शामिल है और टैंक और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों सहित अपने बख्तरबंद वाहनों के बेड़े को आधुनिक बनाने पर विचार कर रही है। इस बीच, एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार की खरीद को भी मंजूरी दी गई, जो हवाई लक्ष्य का पता लगाएगा और ट्रैक करेगा और फायरिंग समाधान प्रदान करेगा। प्रस्ताव को फॉरवर्ड रिपेयर टीम (ट्रैक्ड) के लिए भी मंजूरी दे दी गई है, जिसके पास मशीनीकृत संचालन के दौरान इन-सीटू मरम्मत करने के लिए उपयुक्त क्रॉस कंट्री गतिशीलता है। यह उपकरण बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है, और मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री बटालियन और बख्तरबंद रेजिमेंट दोनों के लिए अधिकृत है। भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तीन AoN प्रदान किए गए हैं। डोर्नियर-228 विमान, खराब मौसम की स्थिति में उच्च परिचालन सुविधाओं वाले अगली पीढ़ी के तेज गश्ती जहाजों और उन्नत तकनीक और उन्नत लंबी दूरी के संचालन के साथ अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती जहाजों की खरीद से आईसीजी की निगरानी, गश्त करने की क्षमता में वृद्धि होगी। बैठक के अंत में, रक्षा मंत्री ने दिवंगत भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के महानिदेशक राकेश पाल, जो डीएसी के सदस्य भी थे, को सम्मानित करने में देर नहीं लगाई।

## बस्तर में..

माओवादियों की पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) कंपनी नंबर-2, पश्चिम बस्तर और दरभा मंडल के कैडर की मौजूदगी की सूचना के आधार पर सोमवार रात अभियान शुरू किया गया। किरंदूल पुलिस थाना क्षेत्र (दंतेवाड़ा जिले) के लोहागांव, पुरंगेल और एंद्री गांवों के पास के जंगलों में नक्सलियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच कई बार गोलीबारी हुई। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने बताया कि गोली बारी थमने के बाद तलाशी के दौरान मौके से छह महिलाओं समेत नौ नक्सलियों के शव बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि ये सभी वर्दी में थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की हालिया सफलता की सराहना की और कहा कि उनकी सरकार ने मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है।

## हत्या के...

तो ड्राइवर ने गाड़ी तेज कर दी, जिसके बाद उन्होंने गोलियां चला दीं और पलवल में गढ़पुरी टोल के पास मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सभी आरोपियों को शहर की अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और अपराध में इस्तेमाल अवैध हथियार और कार बरामद कर ली गई है। पुलिस ने कहा कि आगे की जांच जारी है। इस बीच, हरियाणा पुलिस ने रविवार को हरियाणा के दादरी में भीड़ द्वारा की गई हत्या के मामले में आठवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जहां पश्चिम बंगाल के एक प्रवासी श्रमिक को गोमांस खाने के संदेह में पीट-पीटकर मार डाला गया था।

## सशस्त्र बल...

इन परियोजनाओं से देश की सैन्य शक्ति मजबूत होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी बल मिलेगा। आधुनिकतम उपकरण और तकनीक का विकास भारत की ही धरती पर होगा, जिससे हमारी सेवा और भी मजबूत होगी। राष्ट्र रक्षा के इन प्रयासों में उत्तर प्रदेश सदैव अग्रणी भूमिका का निर्वहन करेगा। उन्होंने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर से प्रदेश के युवाओं को व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर भी सुलभ हो रहे हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में फरवरी 2020 में डिफेंस एक्सपो का सफल आयोजन किया गया। डिफेंस एक्सपो निवेश की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। उत्तर प्रदेश में डिफेंस सेक्टर से संबंधित एचएएल, ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियां, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड आदि पहले से ही कार्यरत हैं। वहीं इसके विस्तार को लेकर राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सैन्य समारोह हमारे समाज और युवा पीढ़ी को एक नई प्रेरणा प्रदान करेगा। सशस्त्र सैन्य समारोह के माध्यम से आम जनमानस को सेना के सामर्थ्य और देश की सुरक्षा में हमारे सैनिकों के महत्वपूर्ण योगदान को समझने का एक अवसर प्राप्त होगा। इसके लिए तीनों सशस्त्र बलों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## आईसी814....

सूत्रों के मुताबिक, बैठक में सरकार ने कड़े सवाल उठाए और नेटफ्लिक्स इंडिया के प्रमुख से पूछा कि अपहर्ताओं के वास्तविक नामों को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के लिए कोई कैप्शन या राइडर्स क्यों जारी नहीं किए गए। सरकार ने यह भी पूछा कि अपहरणकर्ता 'दृढ़ और संवेदनशील' क्यों दिखे जबकि वार्ताकार 'कमजोर और भ्रमित' दिखे। अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित यह श्रृंखला, 1999 में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन हरकत-उल-मुजाहिदीन द्वारा इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी 814 के अपहरण पर आधारित है, भोला और शंकर को कोड नाम के रूप में इस्तेमाल करने के लिए कड़ी आलोचना हुई है। अपहर्ताओं में से दो हैशटैग #BoycottNetfli&, #BoycottBollywood और #IC814 का उपयोग करते हुए, सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के एक वर्ग ने भी अपराधियों के मानवीय प्रक्षेपण पर आपत्ति जताई है। वेब सीरीज में आतंकवादियों के चित्रण पर चिंता जताते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि किसी को भी देश की भावनाओं के साथ खेलने का अधिकार नहीं है। सूत्रों ने कहा कि जाजू के साथ बैठक में, नेटफ्लिक्स ने सामग्री की समीक्षा करने का आश्वासन दिया है और गारंटी दी है कि उनके मंच पर भविष्य की सभी सामग्री देश की भावनाओं के साथ-साथ बच्चों की संवेदनशीलता के अनुरूप होगी। सरकार ने कहा कि वह इस मुद्दे को 'बहुत गंभीरता से' ले रही है और इस बात पर ज़ोर दिया कि किसी को भी इस देश के लोगों की भावनाओं के साथ खेलने का अधिकार नहीं है। सरकार ने नेटफ्लिक्स कंटेंट हेड को तलब करते हुए कहा, हम कंटेंट और कंटेंट क्रिएटर्स का समर्थन कर रहे हैं, लेकिन तथ्यों को विकृत नहीं किया जा सकता है। रचनात्मकता के तहत भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाई जा सकती है। यहां जाजू के कार्यालय में बैठक लगभग 40 मिनट तक चली, जिसके दौरान ओटीटी प्लेटफॉर्म के अधिकारी को समाज के एक बड़े वर्ग द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं और ऐसे विषयों को संभालने के दौरान संवेदनशील होने की आवश्यकता से अवगत कराया गया। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में सरकार ने कड़े सवाल उठाए और नेटफ्लिक्स इंडिया के प्रमुख से पूछा कि अपहर्ताओं के वास्तविक नामों को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के लिए कोई कैप्शन या राइडर्स क्यों जारी नहीं किए गए। अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित यह श्रृंखला, 1999 में पाकिस्तान स्थित सूत्रों ने कहा कि जाजू के साथ बैठक में, नेटफ्लिक्स ने सामग्री की समीक्षा करने का आश्वासन दिया है और गारंटी दी है कि उनके मंच पर भविष्य की सभी सामग्री देश की भावनाओं के साथ-साथ बच्चों की संवेदनशीलता के अनुरूप होगी। सूत्रों ने आगे स्पष्ट किया कि हालांकि सरकार की श्रृंखला पर प्रतिबंध लगाने की तत्काल कोई योजना नहीं है, लेकिन उसने नेटफ्लिक्स के अधिकारियों से विवाद को कम करने का तरीका खोजने के लिए कहा है। एक अन्य आधिकारिक सूत्र ने कहा, किसी को भी इस देश के लोगों की भावनाओं के साथ खेलने का अधिकार नहीं है। भारतीय संस्कृति और सभ्यता का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। सूत्र ने विस्तार से बताए बिना कहा, क्या हमें किसी विदेशी व्यक्ति को हमारे सांस्कृतिक मूल्यों से खिलवाड़ करने की अनुमति देनी चाहिए।

# सरकार ने 23वें विधि आयोग का गठन किया

## यूसीसी और गरीबों से संबंधित कानूनों को महत्व



**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार ने** तीन साल की अवधि के लिए 23वें विधि आयोग के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश इसके अध्यक्ष और सदस्य होंगे। विधि आयोग इस बार समान नागरिक संहिता, गरीबों को प्रभावित करने वाले कानून और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा कानूनों की जांच करना जैसे मुद्दों को अधिक महत्व देगा। विधि मंत्रालय द्वारा सोमवार देर रात जारी एक आदेश के अनुसार, विधि आयोग के कार्य की शर्तों में से एक है राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के आलोक में मौजूदा कानूनों की जांच करना और सुधार के तरीके सुझाना। इसके अलावा ऐसे कानूनों का सुझाव देना जो निर्देशक तत्वों को लागू करने तथा संविधान की प्रस्तावना में निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हों। राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के अंतर्गत अनुच्छेद-44 में कहा गया है कि भारत के समस्त क्षेत्र में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सुनिश्चित करना राज्य का कर्तव्य है। आयोग जटिल कानूनी मुद्दों पर सरकार को सलाह देता है। एक बार इसके गठन के बाद सरकार इसके अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करती है। विधि मंत्रालय द्वारा सोमवार देर रात जारी एक आदेश के अनुसार, बाइसवें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त हो गया और नए आयोग को एक सितंबर से गठित किया गया है। पिछले कुछ महीनों से बिना अध्यक्ष के काम कर रहे 22वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त हो गया और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर उसकी अहम रिपोर्ट पर अब भी काम जारी है। सितंबर 2015 और फरवरी 2020 में जारी क्रमशः 21वें और 22वें विधि आयोग के गठन से जुड़ी अधिसूचना में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीशों को अध्यक्ष एवं सदस्य नियुक्त करने का प्रावधान था। शीर्ष न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों या उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों ने आयोग का नेतृत्व किया है। एक साथ चुनाव कराए जाने पर विधि आयोग की रिपोर्ट तैयार है और विधि मंत्रालय के पास लंबित है। नियमों की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि रिपोर्ट को अध्यक्ष की अनुपस्थिति में जमा नहीं किया जा सकता है। बाइसवें विधि आयोग की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतु राज अवस्थी को कुछ महीने पहले भ्रष्टाचार निरोधक निगरानी संस्था लोकपाल का सदस्य नियुक्त किया गया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने मार्च में एक राष्ट्र, एक चुनाव पर एक रिपोर्ट सौंपी थी। पिछले साल, 22वें विधि आयोग ने यूसीसी पर नए सिरे से विचार-विमर्श शुरू किया था।

# आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिकों को पीएम आवास योजना के दायरे में लाने की प्रक्रिया शुरू

**भाषा।** नई दिल्ली

**श्रम और रोजगार** मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) का लाभ देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि उसने राज्य सरकारों से प्रवासी श्रमिकों, भवन निर्माण मजदूरों, बीड़ी श्रमिकों, सिनेमा श्रमिकों, गैर-कोयला खदान श्रमिकों, ठेका मजदूरों और अन्य असंगठित श्रमिकों को पीएमएवाई के तहत शामिल करने को कहा है। यह निर्णय पीएमएवाई के कार्यान्वयन को वित्त वर्ष 2024-25 से वित्त वर्ष 2028-29 तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद लिया गया है। इसके जरिए पात्र लाभार्थियों को दो करोड़ अतिरिक्त घर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल में आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिकों को घर की जरूरत पूरी करने पर जोर दिया गया है। श्रम मंत्रालय के मुताबिक, ए श्रमिक समाज के वंचित वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं और पीएम आवास योजना के दायरे में उन्हें लाना सामाजिक न्याय का मामला होने के साथ उनके जीवनस्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक जरूरी कदम भी है। मंत्रालय ने कहा कि निर्माण और प्रवासी श्रमिकों के लिए 21 अगस्त, 2024 को शुरू किया गया प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) पोर्टल अब पूरी तरह से चालू हो गया है। इस पोर्टल को आंकड़ों के संग्रह और विश्लेषण की सुविधा के लिए बनाया गया है। इसमें बीमा, स्वास्थ्य लाभ और आवास योजनाओं जैसी विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत कोष के उपयोग और श्रमिकों के कवरेज की जानकारी शामिल है। केंद्रीकृत डेटा प्रबंधन प्रणाली राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को सटीक निर्णय लेने और इन वंचित श्रमिकों की जरूरतों के अनुरूप अधिक प्रभावी कल्याणकारी नीतियां विकसित करने में सक्षम बनाएगी। मंत्रालय ने विभिन्न राज्यों में तैनात कल्याण आयुक्तों को इन पहल के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया है।

## अनचाही कॉल पर बड़ी कार्रवाई, 2.75 लाख टेलीफोन नंबर कटे

**नई दिल्ली।** अनचाही कॉल और अपंजीकृत टेली-मार्केटिंग कंपनियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए 2.75 लाख टेलीफोन नंबर काट दिए गए है और 50 फर्मों की सेवाएं बंद कर दी गई है। यह कार्रवाई दूरसंचार नियामक ट्राई की तरफ से हाल ही में अपनाए गए सख्त रुख के तहत की गई है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों से कहा था कि अपंजीकृत टेली मार्केटिंग फर्मों को काली सूची में डाला जाए और इनसे जुड़े नंबरों को बंद कर दिया जाए। ट्राई ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि उसने फर्जी कॉल में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। वर्ष 2024 की पहली छमाही में बिना पंजीकरण वाली टेली मार्केटिंग फर्मों के खिलाफ 7.9 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज की गई है। ट्राई ने कहा कि इस पर लगाम लगाने के लिए 13 अगस्त, 2024 को सभी पहुंच प्रदाताओं को कड़े निर्देश जारी किए गए थे और अपंजीकृत टेली मार्केटिंग फर्मों पर तुरंत लगाम लगाने को कहा गया था।

## आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड ने शाखा खोली

**बस्ती।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंडए भारत के दूसरे सबसे बड़े फंड हाउस ने 03 सितंबरए 2024 को उत्तर प्रदेश के बस्ती में अपनी पहली नई शाखा का उद्घाटन किया। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेडए की नई शाखा को यूनिट नंबर.1840 पिकौरा शिवगुलाम टप्पा हवेली, बस्ती 272001 में खोला गया है। शाखा का विधिवत उद्घाटन देवेश त्रिवेदी रीजनल हैड, रिटेल सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशनयूपी और उत्तरांचल ने किया। इस मौके पर गौरव कुमार सिंहए क्लस्टर हैड, गोरखपुर अरविंद कुमार ब्रांच मैनेजर बस्ती, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ और आईपीआरयू एमएफस्टाफके अन्य सदस्य और कई प्रमुख म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में देवेश त्रिवेदी, रीजनल हैड, रिटेल सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन यूपी और उत्तरांचल ने सभी चैनल भागीदारों को धन्यवाद दिया और कंपनी की सफलता और ग्रोथ के लिए मौलिक रूप से उनके योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि हम एक विशिष्ट ग्राहक अनुभव बनाने और वित्तीय समाधानों को सरल और अधिक सुलभ बनाने का प्रयास करते हैं। इस नई शाखा का खुलना इसी दिशा में एक और कदम है।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक की नई शाखा की शुरुआत

**गोरखपुर।** उत्कर्ष स्मॉल फ ाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के नवाबगंज में अपनी नई बैंकिंग शाखा का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन के साथ बैंक ने उत्तर प्रदेश में 203 और देश भर में 941 बैंकिंग शाखाओं की उपलब्धि प्राप्त की है। गोविंद सिंह एमडी और सीईओ उत्कर्ष लघु फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहाए नवाबगंज गोरखपुर में हमारी नई शाखा स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ग्राहक बैंक के उत्पादों और सेवाओं जैसे कि बचत खाताए चालू खाताए निश्चित जमा, और आवर्ती जमा के साथ-साथ आवासीय ऋण, व्यावसायिक ऋण, संपत्ति पर ऋण,क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पादों का उपयोग कर सकेंगे।

## शिवाजी मामला: ठेकेदार जयदीप आप्टे के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में पुलिस ने राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में ठेकेदार जयदीप आप्टे के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।लुकआउट सर्कुलर किसी व्यक्ति को देश से भागने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों या समुद्री बंदरगाहों जैसी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर यात्रा करने वाले व्यक्तियों की जांच के लिए जारी किया जाता है।

# सुरंग निर्माण के संयुक्त उद्यम में विदेशी कंपनी को 51 प्रतिशत हिस्सेदारी देने के पक्ष में हैं गडकरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को सुरंग निर्माण और कार्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने वाले संयुक्त उद्यमों में विदेशी भागीदारों या कंपनियों को 51 प्रतिशत हिस्सेदारी देने का समर्थन किया। गडकरी ने कहा कि संयुक्त उद्यम में विदेशी भागीदारों को बहुलांश हिस्सेदारी दिया जाना यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि केवल गंभीर और प्रौद्योगिकी रूप से सक्षम कंपनियां ही सुरंग परियोजनाओं के लिए बोली लगाएं। गडकरी ने मजाकिया लहजे में कहा कि कुछ सुरंग परियोजनाओं में यूरोपीय कंपनियां उन भारतीय फर्मों को भी साझेदार बनाती हैं जिनके पास खानपान सेवाएं या ब्यूटी पार्लर हैं। परिवहन मंत्री ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, मैं गंभीरता से यह महसूस करता हूं कि डीपीआर बनाने और सुरंगों के निर्माण के लिए बने संयुक्त उद्यम में विदेशी साझेदारों के पास 51 प्रतिशत हिस्सेदारी होनी चाहिए। भारतीय कंपनियों के लिए 49 प्रतिशत हिस्सेदारी छोड़ देनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि काम ठीक से हो। इसके साथ ही गडकरी ने कहा कि परियोजनाओं के लिए प्रौद्योगिकी और वित्तीय मापदंड उदार होने चाहिए लेकिन ऐसा गुणवत्ता की कीमत पर नहीं हो। उन्होंने कहा, मुझे शायद दोषी शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए लेकिन मैं यह करूंगा। डीपीआर निर्माता सुरंगों के निर्माण के दौरान निगरानी की कमी के दोषी हैं जिसके कारण अक्सर भूस्खलन होता है जो भारत में सालाना बढ़ रहा है।

# रामेश्वरम कैफे विस्फोट: केंद्रीय मंत्री करंदलाजे ने अपनी टिप्पणी पर तमिलनाडु के लोगों से माफी मांगी

**भाषा।** चेन्नई

**केंद्रीय मंत्री** शोभा करंदलाजे ने मंगलवार को मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष एक हलफनामा दायर किया, जिसमें उन्होंने इस साल की शुरुआत में बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट के संबंध में की गई अपनी टिप्पणियों के लिए तमिलनाडु के लोगों से माफी मांगी। करंदलाजे ने बेंगलुरु के लोकप्रिय भोजनालय में एक मार्च को हुए कम तीव्रता वाले विस्फोट के बाद तमिलनाडु के लोगों को इस घटना से जोड़ा था और इस मामले में मदुरै पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। उन्होंने अपने खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को निरस्त करने का आग्रह करते हुए अदालत का रुख किया था। न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन की पीठ के समक्ष दायर अपने हलफनामे में, करंदलाजे ने कहा कि तमिलनाडु के लोगों के बारे में की गई टिप्पणी के पीछे उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का उनका कोई इरादा नहीं था। उन्होंने कहा कि वह पहले ही अपनी पिछली टिप्पणियों को वापस ले चुकी हैं और सोशल मीडिया मंच के माध्यम से माफी मांग चुकी हैं। करंदलाजे ने कहा, मेरे मन में तमिलनाडु के इतिहास, समृद्ध संस्कृति, परंपरा और लोगों के प्रति अत्यंत सम्मान है और अपने किसी भी आचरण से तमिलनाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मेरा कोई इरादा नहीं था।

## क्विक न्यूज

### सरकार जीआईसी में 6.78 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचेगी, निर्गम बुधवार को खुलेगा

**नई दिल्ली।** सरकार जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (जीआईसी) में 6.78 प्रतिशत हिस्सेदारी 395 रुपए प्रति शेयर के भाव में बेचेगी। बिक्री पेशकश (ओएफएस) के तहत 11.90 करोड़ से अधिक शेयर यानी 6.78 प्रतिशत हिस्सेदारी रखी जाएगी। यह पेशकश बुधवार को संस्थागत निवेशकों के लिए खुलेगी। खुदरा निवेशक बृहस्पतिवार को बोली लगा सकेंगे। शेयर बिक्री से 395 रुपए प्रति इक्विटी के भाव पर सरकारी खजाने को लगभग 4,700 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। न्यूनतम शेयर भाव मंगलवार को बंद भाव से 6.23 प्रतिशत कम है। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहित कांत पांडेय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसी) के लिए बिक्री पेशकश कल खुलेगी। बुधवार को गैर-खुदरा निवेशक बोली लगा सकेंगे जबकि खुदरा और जीआईसी के कर्मचारी बृहस्पतिवार को बोली लगाएंगे। सरकार 3.39 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही जबकि ज्यादा बोली आने पर 3.39 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी बेचने का विकल्प रखा गया है। सरकार के पास वर्तमान में जीआईसी में 85.78 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जीआईसी अक्टूबर, 2017 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई। सरकार ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) से 9,685 करोड़ रुपए जुटाए थे।

### केरल पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर शिकंजा कसा, 37 मामले दर्ज, छह गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस ने इंटरनेट पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के चित्र खोजने, एकत्र करने और साझा करने वालो के खिलाफ राज्य भर में व्यापक अभियान चलाते हुए 37 मामले दर्ज किए। साथ ही विभिन्न जिलों से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एक बयान में राज्य पुलिस ने कहा कि पी-हंट नामक अभियान के तहत पिछले कुछ दिनों में 455 स्थानों पर छापे मारे गए।बयान के अनुसार ए गिरफ्तारियां तिरुवनंतपुरम ग्रामीण, कोल्लम शहर, पथानामथिट्टा, मलप्पुरम, कोझिकोड ग्रामीण और कासरगोड पुलिस जिलों में की गईं। सबसे अधिक छापे मलप्पुरम जिले में मारे गए जहां 60 स्थानों पर तलाशी ली गई और 23 उपकरण जब्त किए गए। पी-हंट अभियान के तहत तिरुवनंतपुरम ग्रामीण पुलिस जिले में कुल 39 स्थानों की तलाशी ली गई और 29 उपकरण जब्त किए गए। तिरुवनंतपुरम शहर में पुलिस ने 22 जगह पर तलाशियां ली गईं और पांच इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए। पुलिस ने बताया कि अभियान के तहत तिरुवनंतपुरम ग्रामीण, पथानामथिट्टा, मलप्पुरम और कोझिकोड ग्रामीण जिलों में एक-एक मामला दर्ज किया गया।

### एयू स्मॉल बैंक 1100 स्वास्थ्य शिविर का करेगा आयोजन

**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 12 राज्यों में हेल्थ कैंप (स्वास्थ्य शिविर) आयोजित करने के लिए एक बड़ी पहल शुरू की है। यह पहल राजस्थान के सिरोही जिले में एक उद्घाटन शिविर के साथ शुरू की गई। इस पहल के माध्यम से, बैंक की सीएसआर शाखा- एयू फाउंडेशन का लक्ष्य 1100 हेल्थ कैंप आयोजित करना है, जिससे लगभग 1 लाख ऐसे लोगों को लाभ होगा, जिनके पास प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच नहीं है।इस अवसर पर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के फाउंडर, एमडी और सीईओ, संजय अग्रवाल ने कहा, एयू एसएफबी क्षमता निर्माण और इकोसिस्टम को मजबूत करके वंचित समुदायों के जीवन में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। नियमित तौर पर स्वास्थ्य जांच महत्वपूर्ण है, क्योंकि गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाने से समय पर इलाज संभव हो पाता है, जिससे स्वस्थ जीवन जीने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण आबादी के बीच स्वास्थ्य जांच और एनीमिया के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे उनके दरवाजे तक पहुंचाना और भारत में एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है।

### टाटा एआईए ने पेश किया सम्पूर्ण रक्षा प्रॉमिस

**मुंबई।** हममें से अधिकांश के लिएपरिवार सबसे पहले आता है। जब तक हम उनके बीच होते हैंए हम उन्हें खुश रखने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। इतना ही नहींए हम ऐसी संपत्ति बनाने की दिशा में भी काम करते हैं जो हमारी अनुपस्थिति में उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने में मदद कर सके। यहां टर्म इंश्योरेंस ऐसे ही एक सॉल्यूशन के रूप में प्रासंगिक हो जाता हैए क्योंकि यह कमाने वाले की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में प्रियजनों को वित्तीय रूप से सुरक्षित करने की बुनियादी मानवीय आवश्यकता को पूरा करता है। हालांकिए टर्म इंश्योरेंस महज वित्तीय सुरक्षा समाधान से कहीं अधिक उपयोगी हो सकता है। भारत में अग्रणी बीमाकर्ता टाटा एआईए लाइफइंश्योरेंस ने एक नए टर्म इंश्योरेंस ष्सम्पूर्ण रक्षा प्रॉमिसष् की घोषणा की है। यह इंश्योरेंस पॉलिसी अनेक अभिनव सुविधाओं और लाभों के साथ आती है। संपूर्ण रक्षा प्रॉमिस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए टाटा एआईए के प्रेसिडेंट और चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर समित उपाध्याय ने कहा कि टर्म इंश्योरेंस कई वर्षों से उपभोक्ताओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर रहा है। हालांकिए समय के साथ उपभोक्ता अब अपने बीमा प्लान से कुशल दावा भुगतान से परे और भी बहुत कुछ चाहने लगे हैं। टाटा एआईए मेंए हम अपने उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करते हैं।

### उच्च न्यायालय ने रनौत की इमरजेंसी फिल्म के खिलाफ जनहित याचिका का निपटारा किया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कंगना रनौत निर्देशित फिल्म इमरजेंसी के खिलाफ दायर की गई एक जनहित याचिका का निपटारा कर दिया। एक वकील ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले उच्च न्यायालय को सूचित किया गया था कि फिल्म को अभी तक सेंसर बोर्ड से प्रमाण पत्र नही मिला है। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि फिल्म सिख समुदाय के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती है। याचिकाकर्ता का पक्ष उसके वकील वकील एन एस रूपराह ने रखा। रूपराह ने संवाददाताओं को बताया कि मंगलवार को सुनवाई के दौरान केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के वकील ने अदालत को बताया कि इस फिल्म को अभी तक प्रमाण पत्र नही दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार फिल्म छह सितंबर को निर्धारित तिथि पर रिलीज नही होगी। रूपराह ने बताया कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ ने इस याचिका का निपटारा कर दिया।

### त्यौहारों में उत्साह बढ़ाने के लिए नया कैम्पेन

**मुंबई।** प्रतिष्ठित ऑडियो ब्रांड जेबीएल ने अपने फेस्टिव कैम्पेन इंजीनियर्ड फॉर इमोशनश् के लॉन्च की घोषणा की है। यह कैम्पेन ऐसे प्रोडक्ट्स बनाने के लिए जेबीएल की प्रतिबद्धता को उजागर करता ह,जो न सिर्फ शानदार साउंड प्रदान करते ह, बल्कि भावनाओं को भी जाग्रत करते हैं। ऐसी भावनाए, जो आत्मअभिव्यक्ति और प्रामाणिकता को बढ़ाती हैं, और सुनने वाले व्यक्ति को रोमांच से भर देती हैं। यह कैम्पेन सितंबर से लेकर नवंबर तक चलेगा, जिसका लक्ष्य ऑडियो के प्रति विशेष रुझान रखने वाले यूज़र्स को ऑडियो के सबसे बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। जेबीएल का इंजीनियर्ड फॉर इमोशन कैम्पेन इस बात का जश्न मनाता है कि पुरानी यादों को ताज़ा करते हुएए ऑडियो हमारी भावनाओं को किस प्रकार प्रभावित करता हैए और कैसे फेस्टिव सीज़न में खुशी और एकजुटता का संचार करता है। विक्रम खेर वाइस प्रेसिडेंट लाइफस्टाइल हारमन इंडिया ने कहा कि जेबीएल में हमारा दृष्टिकोण सिर्फ सुपीरियर साउंड वाले प्रोडक्ट्स निर्मित करने तक ही सीमित नहीं है। हम इन्हें सुनने वाले के मन में गहन भावनाओं को जाग्रत करने के लिए डिज़ाइन करते हैं।

# मलयालम फिल्म अभिनेता निविन पॉली पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

**भाषा।** कोच्चि

**केरल** में अभिनेता निविन पॉली पर मंगलवार को महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह मामला 40 वर्षीय महिला की शिकायत पर दर्ज किया गया है। महिला ने आरोप लगाया है कि निविन पॉली ने एक साल पहले दुबई में उसका यौन उत्पीड़न किया था। ओन्नुकल पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। ओन्नुकल पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा कि मामले में एक महिला सहित छह आरोपी हैं। अधिकारी ने बताया कि महिला के अनुसार यह घटना एक वर्ष पूर्व दुबई में घटित हुई थी। पॉली उन कई अभिनेताओं और निर्देशकों में से एक हैं, जो न्यायमूर्ति के. हेमा समिति की रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद महिला अभिनेताओं द्वारा यौन उत्पीड़न या दुष्कर्मों के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

# भारतीयों को म्यांमा में साइबर अपराध गिरोह में काम करने के लिए भेजा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय अन्वेषण** ब्यूरो (सीबीआई) ने चंडीगढ़ के एक गिरोह के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है जिस पर आरोप है कि उसने भारतीयों को थाईलैंड में आकर्षक नौकरी दिलाने के नाम पर म्यांमा में साइबर अपराध के धंधे में काम करने के लिए भेजा। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। संघीय एजेंसी ने गिरोह की कथित मास्टरमाइंड चंडीगढ़ निवासी रिया सोनकर और अजय को भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी और 370(3) के तहत दर्ज प्राथमिकी में नामजद किया है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने सोनकर

## सीबीआई ने मामला दर्ज किया

के परिसरों पर छापेमारी अभियान भी चलाया, जिसमें पूरे घोटाले से संबंधित डिजिटल जानकारी और लेन-देन के विवरण का पता चला। गिरोह के काम करने के तरीके के अनुसार, सोनकर ने लोगों को कथित तौर पर थाईलैंड, लाओस और कंबोडिया में ग्राहक-सहायता अधिकारियों और डेटा-एंट्री ऑपरेटर की नौकरी का वादा किया, लेकिन उन्हें म्यांमा के म्यावाडी में मानव तस्करों के एक नेटवर्क में भेज दिया, जो चीनी और भारतीयों द्वारा चलाए जाने वाले साइबर-अपराध सिंडिकेट के लिए बदनाम है। वहां फंसे हुए लोगों को इंटरनेट पर विदेशी नागरिकों को धोखा देने के लिए मजबूर किया जाता है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है, "अगर ए पीड़ित साइबर अपराध पर काम करने से इनकार करते, तो उन्हें शारीरिक यातना, बिजली का झटका आदि जैसी गंभीर सजा दी जाती है। कई व्यक्ति अभी तक म्यांमा क्षेत्र के म्यावाडी में फंसे हुए हैं" प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है, सोनकर के काम का खुलासा तब हुआ जब उसने लोगों को 1,000 अमेरिकी डॉलर के वेतन और अन्य प्रोत्साहनों के लिए चीनी कंपनी के लिए ग्राहक-सहायता अधिकारियों के रूप में नौकरी देने का वादा करके म्यांमा भेजने का प्रयास किया।

# कर्नाटक सरकार ने डेंगू को महामारी के रूप में अधिसूचित किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने डेंगू को महामारी के रूप में अधिसूचित करते हुए नए नियम लागू किए हैं। इन नियमों के तहत अधिकारी आदेशों का पालन नहीं करने वाले और मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए उपाय करने में विफल लोगों को दंडित कर सकते हैं। एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है, कर्नाटक महामारी रोग अधिनियम, 2020 (कर्नाटक अधिनियम 26, 2020) की धारा तीन द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, कर्नाटक सरकार डेंगू को कर्नाटक राज्य में एक महामारी के रूप में अधिसूचित करती है। सरकार ने कर्नाटक महामारी रोग विनियमन, 2020 में भी संशोधन किए हैं। संशोधन में तीन श्रेणियों - घरेलू, वाणिज्यिक और निर्माण क्षेत्र- में जुर्माने का प्रावधान है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के लिए जुर्माना क्रमशः 400 रुपए और 200 रुपए होगा। वाणिज्यिक क्षेत्रों में जुर्माना 1,000 रुपए तथा 500 रुपए होगा। जिस स्थल पर कोई निर्माण कार्य जारी है और वहां मच्छर पनपते हैं तो उन निर्माण क्षेत्रों के मालिकों पर, शहरी क्षेत्रों में 2,000 रुपए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 1,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

# उडुपी में मेडिकल छात्रा पर हमला करने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोप में सहपाठी गिरफ्तार

**भाषा।** उडुपी (कर्नाटक)

**कर्नाटक के** उडुपी में एक मेडिकल छात्र को एक सहपाठी पर हमला करने और उसे इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उडुपी पुलिस ने यह जानकारी दी। मणिपाल पुलिस थाने में मिली एक गुमनाम शिकायत के अनुसार मोहम्मद दानिश खान (27) की हिंदू समुदाय की एक सहपाठी से दोस्ती हो गई थी। उसने कथित तौर पर 11 मार्च को उसे घर बुलाया और उसके साथ मारपीट की। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया कि खान ने उसे इस्लाम धर्म अपनाने के लिए कहा था और ऐसा न करने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। छात्रा ने कहा कि तब से लेकर 28 अगस्त तक, जब उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करने का निर्णय लिया, उसे खान लगातार फोन कर रहा था और वह उसे इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव बना रहा था। खान राजस्थान का रहने वाला है और यहां मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। उसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# असम में न्यायाधिकरण के फैसले के बाद 28 विदेशियों को ट्रांजिट कैंप में भेजा गया

**भाषा।** बारपेटा (असम)

**असम के** बारपेटा जिले से नौ महिलाओं सहित कुल 28 लोगों को न्यायाधिकरण द्वारा विदेशी घोषित किए जाने के बाद गोवालपारा के एक ट्रांजिट कैंप में भेजा गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। परिवार के सदस्यों के लिए यह एक हृदय विदारक दृश्य था, जब उनके प्रियजनों को सोमवार को पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से एक बस में भरकर ट्रांजिट कैंप ले जाया गया। बारपेटा के पुलिस अधीक्षक सुशांत विश्व शर्मा ने कहा, "विदेशी न्यायाधिकरण ने उचित सुनवाई के बाद इन लोगों को विदेशी घोषित किया है। न्यायाधिकरण के आदेश के अनुसार हमने इन विदेशी नागरिकों को शिविर में स्थानांतरित कर दिया" न्यायाधिकरण अर्द्ध-न्यायिक निकाय है, जो असम में रहने वाले उन व्यक्तियों की नागरिकता की स्थिति पर निर्णय लेते हैं जिनके विदेशी होने का संदेह है। असम में करीब 100 विदेशी न्यायाधिकरण कार्यरत हैं। नियम के अनुसार, यदि ए लोग गुवाहाटी उच्च न्यायालय में अपील नहीं करते हैं, तो विदेश मंत्रालय द्वारा उचित प्रक्रिया के बाद इन्हें उनके देश में वापस भेजा जाएगा। शर्मा ने बताया कि नौ महिलाओं और 19 पुरुषों वाले इस समूह को भारी सुरक्षा के बीच गोलपाड़ा जिले के मटिया स्थित ट्रांजिट कैंप ले जाया गया। सरकार ने असम में पाए जाने वाले संदिग्ध और घोषित विदेशियों को रखने के लिए गोलपाड़ा जिले के मटिया में पहला समर्पित ट्रांजिट कैंप बनाया है। इस ट्रांजिट कैंप में 400 महिलाओं सहित 3,000 कैदियों को रखा जा सकता है।

# जाति आधारित गणना पर भाजपा- आरएसएस के खिलाफ लालू प्रसाद की टिप्पणी

## छिड़ा वाक्युद्ध

**भाषा।** पटना



**बिहार के पूर्व** मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने जाति आधारित गणना के मुद्दे पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ कथित टिप्पणी की जिसे लेकर मंगलवार को भाजपा और राजद नेताओं के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया।भाजपा की बिहार इकाई के नेताओं ने राजद सुप्रीमो की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि वह गुंडों की तरह बात कर रहे हैं।इससे पहले दिन में जाति आधारित गणना के मुद्दे पर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार और आरएसएस पर सीधा हमला करते हुए लालू प्रसाद ने कहा था, इन आरआरएस भाजपा वाला का कान पकड़, दंड बैठक करा इनसे जातिगत जनगणना कराएंगे। इनका क्या औक़ात है जो ए जातिगत जनगणना नहीं कराएंगे? इनको इतना मजबूर करेंगे कि इन्हें जातिगत जनगणना करना ही पड़ेगा। सिंगापुर में नियमित जांच के बाद पटना लौटे लालू ने सोशल मीडिया मंच एक पर लिखा, दलित, पिछड़ा, आदिवासी और गरीब का एकता दिखाने का समय अब आ चुका है। लालू की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, राजद गुंडों की तरह बात कर रहा है...उनकी भाषा मूल रूप से गुंडों की भाषा है। उन्हें ए सब बंद कर देना चाहिए...हमें धमकाने की कोशिश न करें... हम ऐसी चीजों से नहीं डरते...।

### बिहार के जदयू मंत्री ने जाति आरक्षण के मुद्दे पर तेजस्वी पर कटाक्ष किया

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक प्रमुख सहयोगी ने राज्य के संशोधित आरक्षण कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने की अपनी मांग पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव द्वारा दबाव डालने का उपहास उड़ाया। वैसे पटना उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद अब यह कानून अस्तित्व में नहीं है। नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के वरिष्ठ मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता विजय कुमार चौधरी ने यह भी कहा कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण में 50 प्रतिशत से 65 प्रतिशत की वृद्धि को रद्द किए जाने के पटना उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार पहले ही उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुकी है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री और बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता यादव ने एक सितंबर को इस मुद्दे पर धरना देकर क्या हासिल करने की कोशिश की।

# यूक्रेन में रुसी मिसाइल हमलों में 50 की मौत

**200 लोग घायल**

**भाषा।** कीव



**रूस ने दो बैलिस्टिक** मिसाइल दागकर मध्य-पूर्वी यूक्रेन स्थित एक सैन्य प्रशिक्षण प्रतिष्ठान तथा नजदीकी अस्पताल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 50 लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए। यूक्रेन के दो अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला पोल्टावा शहर में हुआ। पोल्टावा रूस की सीमा से लगभग 110 किलोमीटर (70 मील) और कीव से करीब 350 किलोमीटर (200 मील) दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यह शहर राजधानी कीव और यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के बीच मुख्य राजमार्ग और रेल मार्ग पर स्थित है। रूस-यूक्रेन के बीच 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से यह हमला रूसी सेना द्वारा किए गए सबसे घातक हमलों में से एक प्रतीत होता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, संचार संस्थान की इमारतों में से एक (पोल्टावा मिलिटरी) आंशिक रूप से नष्ट हो गई। लोग मलबे में दब गए। कई लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा, बचाव अभियान में सभी आवश्यक सेवाएं शामिल हैं। जेलेंस्की ने कहा कि जो कुछ हुआ उसकी उन्होंने पूर्ण और त्वरित जांच के आदेश दिए हैं। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई हमले की चेतावनी जारी होने के तुरंत बाद मिसाइलों से तब हमला हुआ जब कई लोग आश्रय के लिए बंकरों की ओर जा रहे थे। मंत्रालय ने इस हमले को बर्बर करार दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बचाव दल और चिकित्सकों ने 25 लोगों को बचाया, जिनमें से 11 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया। पोल्टावा के गवर्नर फिलिप प्रोनिन ने बुधवार से तीन दिन के शोक की घोषणा की है। उन्होंने मृतकों की संख्या की घोषणा की और कहा कि हमले में 219 लोग घाय ल हो गए। उन्होंने कहा कि 18 लोग अभी भी मलबे में दबे हो सकते हैं। प्रोनिन ने अपने टेलीग्राम पेज पर लिखा, पोल्टावा क्षेत्र और पूरे यूक्रेन के लिए एक बड़ी त्रासदी। उन्होंने कहा, दुश्मन को निश्चित रूप से मानवता के खिलाफ अपने सभी अपराधों का जवाब देना होगा। यह हमला उस दिन हुआ जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगोलिया के दौरे पर हैं।

### जापोरिज्जिया संयंत्र की सुरक्षा को लेकर नई चिंता के बीच संरा परमाणु निगरानी प्रमुख यूक्रेन पहुंचे

**कीव।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने यूक्रेन के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं पर मंगलवार को यूक्रेन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। इस संयंत्र के पास हमलों की हाल में जानकारी मिली थी। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी की फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र की यह 10वीं यात्रा है। ग्रॉसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था कि वह परमाणु दुर्घटना को रोकने में मदद करने के लिए जापोरिज्जिया जा रहे हैं। जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र 2022 में पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के मद्देनजर रूस के नियंत्रण में आ गया था। संयंत्र के संचालक एनर्जोएटम ने बताया कि ऐसे में हाल में गोलाबारी की गई जिससे संयंत्र की बिजली तक पहुंच की प्रणाली को नुकसान पहुंचा। उसने इन हमलों के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया।

# उत्तर फ्रांस के पास समुद्र में नौका डूबने से कम से कम 13 प्रवासियों की मौत

**पेरिस।** इंग्लिश चैनल पार करने के प्रयास के दौरान एक नौका के दो हिस्सों में टूट जाने से उस पर सवार 13 प्रवासियों की मौत हो गई। यह जानकारी बचाव अभियान में शामिल एक फ्रांसीसी तटीय शहर के मेयर ने मंगलवार को दी। इससे कई लोग व्यस्त चैनल के गहरे पानी में गिर गए। मछली पकड़ने वाले बंदरगाह बोलोग्ने-सुर-मेर के पास स्थित ले पोर्टेल के मेयर ओलिवियर बारबरिन ने कहा, दुर्भाग्य से, नाव का निचला हिस्सा फट गया। वहीं पर इस हादसे के पीड़ितों के इलाज के लिए एक प्राथमिक चिकित्सा चौकी स्थापित की गई थी। एक समुद्री बचाव अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर जानकारी दी क्योंकि उसे अभियान के विवरण के बारे में बात करने का अधिकार नहीं था। उसने पुष्टि की कि कम से कम 13 प्रवासी मारे गए हैं। समुद्र के उस हिस्से की निगरानी करने वाले फ्रांसीसी समुद्री प्रीफेक्चर के प्रवक्ता एटिने बैगियो ने कहा, 10 से अधिक लोग मारे गए हैं।

### लीबियाई अपतटीय क्षेत्र में नौका पलटी, एक व्यक्ति की मौत, 22 लापता

**काहिरा।** यूरोप जा रहे प्रवासियों को ले जा रही एक नौका मंगलवार को लीबियाई अपतटीय क्षेत्र में पलट गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और 22 लोग लापता हो गए। लीबिया के अधिकारियो ने यह जानकारी दी। पूर्वी लीबिया के टोब्रुक शहर मे तटरक्षक बल ने कहा कि नौका में 32 प्रवासी सवार थे, जिनमे से नौ को बचा लिया गया है। तटरक्षक बल ने कहा कि जीवित बचाए गए लोगों को टोब्रुक के एक बंदरगाह पर ले जाया जा रहा है। हाल के वर्षो में, उत्तरी अफ्रीकी राष्ट्र लीबिया अफ्रीका और पश्चिम एशिया मे युद्ध तथा गरीबी के चलते भाग रहे प्रवासियों के लिए प्रमुख पारगमन बिंदु के रूप मे उभरा है। दिसंबर में, लीबिया के जुवारा अपतटीय क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 61 प्रवासी डूब गए थे। वर्ष 2011 में नाटो समर्थित विद्रोह के चलते लीबिया अराजकता मे डूब गया था। इस दौरान लंबे समय तक सत्ता पर काबिज रहे तानाशाह मुअम्मर कज्जाफी की हत्या कर दी गई थी।

### उत्तरपश्चिम पाकिस्तान में आतंकवादियों ने चौकी पर किया हमला

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा मे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 60 से अधिक आतंकवादियों ने एक सीमा सुरक्षा चौकी पर हमला किया, लेकिन सुरक्षा बलो ने उन्हे पीछे खदेड़ दिया और दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी तालिबान के मुस्लिम और अमजद समूहों से जुड़े आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्म जिले मे मरघन चौकी पर हमला किया।

### मालाबार को सीएसआर टाइम्स अवार्ड्स जीता

गोवा। दुनिया के सबसे बड़े ज्वैलरी ग्रुप में से एक मालाबार ग्रुप को उसके हंगर फ्री वर्ल्ड प्रोजेक्ट के लिए प्रतिष्ठित सीएसआर टाइम्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। सीएसआर टाइम्स अवार्ड एक नेशनल लेवल सम्मान है जो लोगों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हुए सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति असाधारण प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते कॉर्पोरेट ऑर्गनाइजेशन को दिया जाता है हैं।गोवा सरकार के सहयोग से आयोजित इस पुरस्कार समारोह में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ.प्रमोद सावंत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के रिटेल एक्सपासन हेड और वेस्ट इंडिया के रीजन हेड फ्रांमय मालाबार ग्रुप के सीएसआर हेड शबीर पी केऔर कॉर्पोरेट गिफ्टिंग के बिजनेस हेड मिलिंद उमाटे ने मालाबार समूह की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। मालाबारके चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि हम अपनी हंगर फ्री वर्ल्ड पहल के माध्यम से भूख और गरीबी को दूर करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यह पुरस्कार उन लोगों के जीवन में बदलाव लाने के हमारे निरंतर प्रयासों का प्रमाण हैए जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

### न्यूयॉर्क के गवर्नर की पूर्व सहयोगी पर चीनी सरकार का एजेंट होने का आरोप

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के गवर्नर कैथी होचुल की पूर्व डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ पर मंगलवार को चीनी सरकार के अघोषित एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया गया। संघीय अभियोजकों के एक विस्तृत अभियोग पत्र से यह जानकारी मिली है। लिंडा सन को मंगलवार सुबह उनके पति के साथ लॉन्ग आइलैंड स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया। वह होचुल की डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ के पद तक पहुंचने से पहले न्यूयॉर्क राज्य सरकार में कई पदों पर काम चुकी थी।एफबीआई ने जुलाई के अंत में दम्पति के घर की तलाशी ली थी, लेकिन उस समय अधिक विवरण देने से इनकार कर दिया था।

### नीदरलैंड ने क्लियरव्यू एआई पर जुर्माना लगाया

दे हेग तीन सितंबर। नीदरलैंड की डेटा सुरक्षा नियामक ने चेहरे की पहचान करने वाले स्टार्टअप क्लियरव्यू एआई पर 3.05 करोड़ यूरो (3.37 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया है। एजेसी ने कंपनी पर यह जुर्माना चेहरे की करोड़ों तस्वीरों का अवैध डेटाबेस तैयार करने के लिए लगाया है। नीदरलैंड की डेटा प्रोटेक्शन एजेंसी (डीपीए) ने डच कंपनियों को क्लियरव्यू की सेवाओं का उपयोग करने के लिए चेतावनी दी है।

### छेड़छाड़ के आरोप में भारतीय नागरिक को जेल

सिंगापुर। सिंगापुर में 52 वर्षीय एक भारतीय नागरिक को अपनी पहचान वाले एक परिवार की लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में 14 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। सिंगापुर में 14 साल से कम उम्र की लड़की से छेड़छाड़ करने पर अपराधी को पांच साल तक की जेल, जुर्माना, बेत से पिटाई या ऐसी कोई भी सजा हो सकती है। व्यक्ति को बेंत मारने की सजा नही दी जा सकती थी, क्योंकि उसकी उम्र 50 साल से अधिक है। द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार के अनुसार, व्यक्ति ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

# ब्रुनेई के साथ मजबूत संबंधों की आशा : मोदी

**भाषा।** बंदर सेरी बेगवान

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में मंगलवार को ब्रुनेई पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ब्रुनेई के साथ मजबूत संबंधों, विशेषकर वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक हैं। मोदी द्विपक्षीय यात्रा पर ब्रुनेई आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नई उंचाइयों पर ले जाने के लिए सुल्तान हाजी हसनअल बोल्किया और शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपनी बैठकों को लेकर उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर शहजादे अल-मुहतदी बिल्लाह ने स्वागत किया। मोदी को हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों, खासकर वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मैं हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए क्राउन प्रिंस हाजी अल-मुहतदी बिल्लाह को धन्यवाद देता हूं। मोदी बुधवार को ब्रुनेई से सिंगापुर जाएंगे। मोदी ने ब्रुनेई में उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद भी गए, जिसे वर्तमान सुल्तान के पिता ने बनवाया था। उन्होंने भारतीय उच्चायोग में नए चांसरी परिसर का भी उद्घाटन किया। दोनों जगहों पर उन्होंने भारतीय प्रवासियों से बातचीत की।धार्मिक मामलों के मंत्री पेहिन दातो उस्ताज अवांग बदरुद्दीन ने मस्जिद में प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मोदी ने मस्जिद के इतिहास को दर्शाने वाला एक वीडियो भी देखा। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मोहम्मद ईशाम भी उपस्थित थे। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ब्रुनेई में उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद गया। मस्जिद का नाम ब्रुनेई के 28वें सुल्तान उमर अली सैफुद्दीन तृतीय (वर्तमान सुल्तान के पिता, जिन्होंने इसका निर्माण भी शुरू कराया था) के नाम पर रखा गया है और इसका निर्माण 1958 में पूरा हुआ था। उच्चायोग में नए चांसरी परिसर का उद्घाटन करते हुए मोदी ने इसे दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों का संकेत बताया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, भारतीय उच्चायोग के नए चांसरी परिसर का उद्घाटन करके प्रसन्न हूं।



### कांगो में जेल तोड़कर भागने की कोशिश के दौरान 129 कैदियों की मौत

**किंशासा (कांगो)।** कांगो की राजधानी में एक मुख्य बंदीगृह को तोड़कर भागने की कोशिश के दौरान 129 कैदियों की मौत हो गई। इनमें से ज्यादातर की जान भगदड़ में गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कांगो के गृह मंत्री जैकमिन शबानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि शुरुआती अनुमान के अनुसार, सोमवार की सुबह किंशासा में क्षमता से अधिक कैदियों वाली मकाला जेल से भागने की कोशिश कर रहे कैदियों को चेतावनी देने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा चलाई गई गोली से 24 कैदियों की मौत हुई। उन्होंने बताया, घटना में 59 लोग घायल हुए हैं जिनका सरकार इलाज करा रही है।

### चीन में बस ने छात्रों को मारी टक्कर, 11 लोगों की मौत, 13 घायल

**भाषा।** बीजिंग

चीन के शांदोंग प्रांत में मंगलवार को एक स्कूल के गेट पर मौजूद छात्रों की भीड़ को एक बस ने टक्कर मार दी, जिसके कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक छात्रों को ले जाने के लिए किराए पर ली गई एक बस ने नियंत्रण खो दिया और सुबह करीब 7.30 बजे ताइआन शहर में पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि 13 घायलों में से कम से कम एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य की हालत स्थिर है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह घटना दुर्घटना है या बच्चों पर जानबूझकर किया गया हमला है। चीन में किंडरगार्टन स्कूलों पर असंतुष्ट तत्वों द्वारा हमले आम बात है। जून में एक व्यक्ति ने जियांग्सू प्रांत में एक स्कूल बस स्टॉप पर हमला किया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए थे। इस साल मार्च में शांदोंग प्रांत के देझोऊ शहर में एक व्यक्ति ने स्थानीय जूनियर स्कूल के बाहर लोगों को टक्कर मार दी, जिससे दो पैदल यात्रियों की मौत हो गई थी और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बांग्लादेश की अतंरिम सरकार ने अस्थितरता पैदा करने वालों को कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी



**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश की** अंतरिम सरकार ने मंगलवार को चेतावनी दी कि वह देश में अस्थिरता पैदा करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्वाई करेगी। डेली स्टार अखबार में प्रकाशित खबर के मुताबिक गृह मंत्रालय ने एक परिपत्र जारी कर चेतावनी दी है तथा अति उत्साही एवं स्वार्थी लोगों द्वारा जबरन इस्तीफे, तोड़फोड़, आगजनी, अवैध तलाशी, लूटपाट और जबरन वसूली से पैदा हो रही अस्थिरता पर चिंता व्यक्त की है। परिपत्र में कहा गया है कि अस्थिरता पैदा करने के लिए कुछ लोग पुलिस पर प्राथमिकी दर्ज करने का दबाव बना रहे हैं और अदालत में आरोपियों पर हमला भी कर रहे हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया कि प्राथमिकी दर्ज होने का मतलब यह नहीं है कि मनमाने ढंग से गिरफ्तारियां की जाएंगी। परिपत्र के मुताबिक, इन सभी मामलों की उचित जांच की जाएगी और उचित कार्वाई की जाएगी। सरकार ने कहा कि वह सभी उपद्रवियों की पहचान करेगी और उनके खिलाफ कानूनी कार्वाई करेगी, चाहे वे किसी भी पार्टी से जुड़े हों। बांग्लादेश में जुलाई के मध्य में विवादास्पद कोटा प्रणाली के खिलाफ बड़े पैमाने पर छात्र विरोध प्रदर्शन हुए थे। तत्कालीन शेख हसीना सरकार ने 1971 के मुक्ति संग्राम में लड़ने वाले दिग्गजों के परिवारों के लिए 30 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित करने का प्रावधान किया था। छात्रों के नेतृत्व में हुए उग्र आंदोलन की वजह से बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की 76 वर्षीय बेटी एवं तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पांच अगस्त को इस्तीफा देकर भारत भागना पड़ा।

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया पांच मामलों में बरी

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को पांच अलग-अलग मामलों में बरी कर दिया गया है, जिनमे से एक मामला फर्जी जन्मदिन मनाने और दूसरा युद्ध अपराधियों का समर्थन करने के आरोप मे दर्ज किया गया था। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया की एक खबर से मिली। ढाका ट्रिब्यून समाचारपत्र की खबर के अनुसार, ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट महबूबुल हक की अदालत ने चार मामलों में बरी करने का आदेश जारी किया, जबकि अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तोफज्जल हुसैन की अदालत ने मंगलवार को एक मामले मे उन्हे बरी कर दिया। प्रतिवादी एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष जिया (79) को वादी के अदालत में पेश न होने के बाद बरी कर दिया गया। अगस्त 2016 में, एक पत्रकार ने जिया के खिलाफ फर्जी जन्मदिन मनाने का मामला दर्ज कराया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हालांकि विभिन्न स्रोतों से जिया की पांच अलग-अलग जन्मतिथियां मिली हैं, लेकिन उनमे से कोई भी 15 अगस्त को नही थी। इसमे कहा गया है कि इसके बावजूद, वह 15 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाती रही है, जिस दिन को बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के मद्देनजर 1996 से राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया गया है।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बीएनपी नेता इस दिन अपना जन्मदिन केवल बंगबंधु और उनके परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए मनाती है।नवंबर 2016 में, बांग्लादेश जननेत्री परिषद के अध्यक्ष ए बी सिद्दीकी ने जिया के खिलाफ युद्ध अपराधियों का कथित रूप से समर्थन करने का मामला दर्ज कराया था।जनवरी 2017 मे, सिद्दीकी ने जिया पर मानहानि का एक मामला दर्ज कराया था जिसमे उन पर बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान और अवामी लीग के बारे मे गलत बयानी करने का आरोप लगाया गया था। मामले मे दिसंबर 2016 मे छात्र दल के वर्षगांठ समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे जिया द्वारा दिए गए भाषण का उल्लेख किया गया था।

### अवामी लीग पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए: प्रतिद्वंद्वी दलों ने कहा

ढाका। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की बढ़ती मांग के बीच इसके दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों-बीएनपी और जमात ने कहा कि वे किसी भी राजनीतिक संगठन पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर लंबे विरोध प्रदर्शनों के बाद पांच अगस्त को इस्तीफा देकर भारत भागीं हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी (जमात) द्वारा आलोचना की जाती रही है। बीएनपी महासचिव मिर्जा फकरुल इस्लाम आलमगीर ने पीटीआई से कहा, शेख हसीना और अवामी लीग के विपरीत, हम हिसाब बराबर करने के लिए किसी राजनीतिक दल पर प्रतिबंध लगाने की राजनीति में विश्वास नहीं करते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी ने जनवरी के आम चुनाव का बहिष्कार किया था।अवामी लीग सरकार द्वारा प्रतिबंधित की गई जमात ने कहा कि वह भी किसी राजनीतिक दल के लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने की राजनीति में विश्वास नहीं करती है। अंतरिम सरकार ने पिछले हफ्ते जमात पर लगा प्रतिबंध हटा दिया था।

# पुतिन मंगोलिया पहुंचे, गिरफ्तारी वारंट के बावजूद हुआ भव्य स्वागत

**भाषा।** उलानबटोर (मंगोलिया)

**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को मंगोलिया पहुंचे, जहां उनकी गिरफ्तारी के लिए जारी अंतरराष्ट्रीय वारंट के बावजूद उनका भव्य स्वागत किया गया।

यूक्रेन पर मॉस्को के आक्रमण के दौरान हुए कथित युद्ध अपराधों को लेकर पुतिन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय वारंट जारी किया गया था। द हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) द्वारा लगभग 18 महीने पहले गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद यह पुतिन की आईसीसी के किसी सदस्य देश की पहली यात्रा है। पुतिन की यात्रा से पहले यूक्रेन ने मंगोलिया से रूसी राष्ट्रपति को आईसीसी के हवाले करने का आह्वान किया था। वहीं, यूरोपीय संघ (ईयू) ने आशंका जताई कि मंगोलिया गिरफ्तारी वारंट पर अमल नहीं करेगा। ईयू ने कहा कि उसने मंगोलियाई प्राधिकारियों को इस संबंध में अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है। पुतिन के एक प्रवक्ता ने पिछले हफ्ते कहा था कि क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास) वारंट को लेकर चिंतित नहीं है।पुतिन की यात्रा ने मंगोलिया को असहज स्थिति में ला खड़ा किया है। गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने की सूरत में आईसीसी के सदस्य देश उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए बाध्य होते हैं। हालांकि, मंगोलिया चारों तरफ से जमीन से घिरा एक देश है, जो ईंधन और ऊर्जा जरूरतों के लिए रूस पर निर्भर है। सोवियत संघ के साथ घनिष्ठ संबंधों के साथ दशकों तक साम्यवाद के अधीन रहने के बाद, 1990 के दशक में मंगोलिया में लोकतंत्र की स्थापना हुई तथा इसने अमेरिका, जापान और अन्य नए साझेदारों के साथ संबंध बनाए। मंगोलिया आर्थिक रूप से अपने दो बड़े और अधिक शक्तिशाली पड़ोसियों, रूस और चीन पर निर्भर है। रूस मंगोलिया को ईंधन और अधिक मात्रा में बिजली मुहैया कराता है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के पास अपने वारंट को लागू करने के लिए कोई तंत्र नहीं है। आईसीसी ने पुतिन पर यूक्रेन से बच्चों के अपहरण के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है, जहां दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। आईसीसी की स्थापना संधि रोम संविधि के अनुसार सदस्य देशों के लिए यह आवश्यक है कि यदि गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया हो तो वे संदिग्धों को हिरासत में लें, लेकिन मंगोलिया को रूस के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने की आवश्यकता है और न्यायालय के पास अपने वारंट को लागू कराने के लिए कोई तंत्र नहीं है। मंगोल साम्राज्य के संस्थापक चंगेज खान के निजी रक्षकों जैसी लाल-नीली चमकदार वर्दी पहने सुरक्षाकर्मियों ने राजधानी उलानबटोर के मुख्य चौराहे पर आयोजित एक भव्य स्वागत समारोह में पुतिन को सलामी गारद पेश किया। इसके बाद पुतिन अपने मंगोलियाई समकक्ष उखना खुरेलसुख के साथ गवर्नमेंट पैलेस की सीढ़ियां चढ़कर चंगेज खान की प्रतिमा के पास पहुंचे और झुककर उन्हें श्रद्धांजलि दी। गवर्नमेंट पैलेस की सीढ़ियों पर लाल कालीन बिछाई गई थी।



## क्विक न्यूज

### यूएई में विरोध प्रदर्शन में शामिल 57 बांग्लादेशी नागरिकों को मिली माफी

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेता शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अरब प्रायद्वीप राष्ट्र में विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के मामले में दोषी ठहराए गए 57 बांग्लादेशी नागरिकों को माफ कर दिया है। अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने यह निर्णय पिछले सप्ताह बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद लिया है। यूनुस ने बांग्लादेश की सत्ता तब संभाली है जब प्रदर्शनकारियों ने लंबे समय से प्रधानमंत्री रही शेख हसीना को देश छोड़कर भागने पर मजबूर कर दिया। संयुक्त अरब अमीरात मे हुई यह गिरफ्तारियां इस खाड़ी अरब देश मे भाषण और सार्वजनिक विरोध को अपराध मानने वाले सख्त कानूनों को रेखांकित करती है।

### बलूचिस्तान के वरिष्ठ नेता ने प्रांत की समस्याओं की अनदेखी को लेकर संसद से इस्तीफा दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के वरिष्ठ नेता एवं बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल के प्रमुख सरदार अख्तर मेंगल ने मंगलवार को संसद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अशांत प्रांत बलूचिस्तान की संसद द्वारा लगातार अनदेखी की गई है। मेंगल (61) को आठ फरवरी के आम चुनाव में उनके गृह क्षेत्र खुजदार से नेशनल असेंबली का सदस्य चुना गया था। उनका इस्तीफा, हाल के हमलो और पिछले महीनो मे लोगो को जबरन गायब किए जाने को लेकर बलूचिस्तान मे बढ़ते तनाव के बीच आया है। हालांकि, उनका इस्तीफा अभी स्वीकृत नही हुआ है। बलूचिस्तान के मुद्दो पर ध्यान नही दिए जाने को लेकर निराशा जाहिर करते हुए मेंगल ने संसद भवन के बाहर संवाददाता सम्मेलन के दौरान अपने इस्तीफे की घोषणा की। मेंगल ने कहा, आज, मैंने बलूचिस्तान की समस्या के बारे में नेशनल असेंबली में बोलने का निर्णय लिया लेकिन अशांत प्रांत के विषयो में कोई रूचि नही ली जा रही है। अपने प्रांत में स्थिति को लेकर गहरी चिंता जताते हुए उन्होने कहा, सांसदो ने खुद कहा है कि बलूचिस्तान हमारे हाथ से फिसल रहा है। उन्होंने कहा, मेरा कहना है कि बलूचिस्तान हाथ से फिसल नही रहा है बल्कि निकल चुका है। बलूचिस्तान में कई लोगों की जान जा चुकी है। इस मुद्दे पर सभी को एकजुट होना चाहिए। मेंगल ने संकट का सामना कर रहे प्रांत पर खुले संवाद की कमी की भी आलोचना की।।

### आस्ट्रेलिया इंडिया यूथ डायलॉग में साझा मुद्दों पर हुयी चर्चा

**सिडनी।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच आपसी संबंधों को बढ़ावा देने और मजबूती प्रदान करने के लिये आयोजित हुये आस्ट्रेलिया इण्डिया यूथ डायलॉग कार्यक्रम में दोनों देशों के युवा लीडर्स एकत्रित हुये और विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों के साझा मुद्दों पर चर्चा की। राजनीति, खेल, विज्ञान,चिकित्सा,अर्थशास्त्र,मीडिया,कला जैसे अन्य व्यापक क्षेत्रों से जुड़े भारत और आस्ट्रेलिया के डेलीगेट्स में शामिल युवा सदस्यों को सिडनी यूनिवर्सिटी में हुये इस डायलॉग के समापन कार्यक्रमों के एक प्रमुख प्रायोजक और मेजबान होने के नाते यूनीवर्सिटी ने रचनात्मकताए नेतृत्व और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के विषयों का पता लगाने के लिए एक शानदार प्लेटफॉर्म दिया। वाइस चांसलर तथा प्रेसिडेंट प्रोफेसर मार्क स्कॉट ने बताया कि यह आयोजन ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच साझेदारी को मज़बूत करने का बड़ा ही कीमती मौका था उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया इंडिया यूथ डायलॉग दोनों देशों के उभरते लीडर्स को विचारों के आदान.प्रदान करने, स्थायी संबंध विकसित करने और आम चुनौतियों को संबोधित करने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म देता है। एआईवाईडी के साथ हमारी निरंतर साझेदारी ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच इनोवेशन और आपसी समझ को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। हमें गर्व है कि इस अहम पहल के हम एक बार फिर ख़ास प्रायोजक बने हैं। साथ ही हम इसके निस्संदेह असरदार परिणामों की आशा करते हैं।

### सुपरपॉड्स ओपेरा को जापान ऑडियो सोसाइटी द्वारा हाईरेज सर्टिफिकेशन

**जापान ।** मिवी जो वायरलेस ऑडियो सॉल्यूशन्स में अग्रणी है, ने अपने नवीनतम ट्रू वायरलेस स्टीरियो ईयरबड्स ओपेरा सीरीज का लॉन्च किया है कृजो सुपरपॉड्स लाइन की तीसरी पीढ़ी है। यह नई सीरीज उच्च गुणवत्ता वाले ध्वनि के लिए एक नई मापदंड स्थापित करती है और मिवी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि मिवी जापान ऑडियो सोसाइटी द्वारा हाई.रेज वायरलेस ऑडियो प्रमाणन प्राप्त करने वाला पहला भारतीय ब्रांड बन गया है। मिवी की सीईओ मिधुला देवभक्तुनी ने कहा कि हमने ऐसा उत्पाद बनाने का लक्ष्य रखा था जो न केवल असाधारण ध्वनि गुणवत्ता प्रदान करता होए बल्कि मिवी की नवाचार और गुणवत्ता की भावना को भी संजोए। यह भारत के लिए गर्व का क्षण ह क्योंकि हम इस प्रमाणन को प्राप्त करने वाले पहले ब्रांड बन गए हैंए और वायरलेस ध्वनि की सीमाओं को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। सुपरपॉड्स ओपेरा सीरीज को अद्वितीय ध्वनि अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया हैए जिसमें हाईरेज वायरलेस ऑडियो क्षमताएं शामिल हैं जो संगीत में सूक्ष्म विवरणों को कैप्चर करती हैंए जिसे एलडीएसी ब्लूटूथ कोडेक के माध्यम से गुणवत्ता से समझौता किए बिना निर्बाध रूप से प्रसारित किया जाता है।

### एचएसबीसी निर्यात को देगा बढ़ावा

मुंबई। एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने आज एचएसबीसी इंडिया एक्सपोर्ट ऑपर्चुनिटीज़ फंड को लॉन्च करने की घोषणा की, जो निर्यात विषय के तहत एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना है। नया फंड ऑफर एनएफओ 05 सितंबर 2024 को खुलेगा और 19 सितंबर 2024 को बंद होगा । एचएसबीसी इंडिया एक्सपोर्ट ऑपर्चुनिटीज़ फंड का लक्ष्य वस्तुओं या सेवाओं के निर्यात से जुड़ी या उससे लाभान्वित होने वाली कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी से संबंधित प्रतिभूतियों के सक्रिय रूप से प्रबंधित पोर्टफोलियो से लंबी अवधि की पूंजी वृद्धिउत्पन्न करना है। इस योजना में उन कंपनियों में निवेश करने की सुविधा है जो बाजार पूंजीकरण में निर्यात विषय का हिस्सा हैं जैसे कि. लार्ज कैपए मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां। यह योजना निफ्टी 500 टोटल रिटर्न इंडेक्स ;टीआरआईद्ध को ट्रैक करेगी।इस योजना का प्रबंधन अभिषेक गुप्ता इक्विटी सीनियर वाइस प्रेसिडेंटए इक्विटीज एचएसबीसी म्यूचुअल फंड और सोनल गुप्ता ओवरसीज सिक्योरिटीज, हेड रिसर्च इक्विटीज, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड द्वारा किया जाएगा। एचएसबीसी इंडिया एक्सपोर्ट ऑपर्चुनिटीज़ फंड उद्योग में एक अनोखी पेशकश है, जिसमें अलग.अलग आवंटन संरचना होती है। इस थीमेटिक फंड का लक्ष्य निर्यात में बढ़त हासिल करना है। इसके लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कि कैलाश कुलकर्णी, सीईओ, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड, ने कहा कि नवजयभारत सरकार का 2030 तक वार्षिक निर्यात में 2 ट्रिलियन हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाने के लिए देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### मुकदमे के लिए खुद को सेना के हवाले किए जाने की आशंका के मद्देनजर अदालत पहुंचे इमरान खान

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल नौ मई को हुई हिंसा से जुड़े मामलो मे मुकदमे के लिए उन्हे संभावित रूप से सेना को सुपुर्द किए जाने के खिलाफ मंगलवार को उच्च न्यायालय का रुख किया। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दो दिन पहले कहा था कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान पर सैन्य मुकदमे की संभावना है। खान ने अपने वकील उजैर करामात भंडारी के माध्यम से इस्लामाबाद उच्च न्यायालय मे याचिका दायर की ताकि उन पर असैन्य मुकदमा चले। पाकिस्तान के वरिष्ठ राजनेता महमूद खान अचकजई ने यह कहकर अपने दुश्मनों और दोस्तों दोनों को चौंका दिया है कि वह देश में मौजूदा राजनीतिक गतिरोध को समाप्त करने के लिए शक्तिशाली सेना के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है।

# रात्रा बने क्रिकेट टीम के चयनकर्ता

## पूर्व भारतीय विकेटकीपर को बीसीसीआई ने किया नियुक्त

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को पूर्व भारतीय विकेटकीपर अजय रात्रा को पांच सदस्ईय चयन पैनल में सलिल अंकोला की जगह पुरुष क्रिकेट टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया।परंपरा के अनुसार सभी पांच चयनकर्ता अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं और अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली समिति में रात्रा उत्तर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।पिछले साल अगरकर को मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किए जाने के बाद चयन पैनल में पश्चिम क्षेत्र से दो चयनकर्ता थे। अंकोला पहले से ही समिति का हिस्सा थे।बीसीसीआई के बयान में कहा गया है, भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति ने मंगलवार को अजय रात्रा को अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली पुरुष चयन समिति का नया सदस्य नियुक्त किया। रात्रा समिति में सलिल अंकोला की जगह लेंगे। भारत को 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। हालांकि रात्रा गुरुवार से पद संभालेंगे जब दलीप ट्रॉफी शुरू होगी। रात्रा ने घोषणा के तुरंत बाद पीटीआई से कहा, यह बहुत बड़ा सम्मान और चुनौती है। मैं भारतीय क्रिकेट में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। बीसीसीआई ने जनवरी में चयनकर्ता पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे और रात्रा, रितिंदर सिंह सोढ़ी, अजय मेहरा और शक्ति सिंह के नाम छांटे थे जिनका जून में अशोक मल्होत्रा की अगुवाई वाली क्रिकेट सलाहकार समिति ने साक्षात्कार लिया था।फरवरी 2023 में चेतन शर्मा के बाहर होने के बाद चयन पैनल में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं था।रात्रा पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में भारत ए महिला टीम के साथ यात्रा करने वाले सहयोगी स्टाफ के भी सदस्य थे। यह 42 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर लेवल तीन का कोच भी है और उन्होंने घरेलू क्रिकेट में असम, पंजाब और उत्तर प्रदेश को कोचिंग दी है।उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में भी बड़े पैमाने पर काम किया है और पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। रात्रा ने भारत के लिए 2002 में छह टेस्ट और 12 एकदिवसीय मैच खेले। उनके संक्षिप्त अंतरराष्ट्रीय करियर का मुख्य आकर्षण एंटीगा टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 115 रन की पारी थी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, पद के लिए साक्षात्कार देने वाले सभी लोगों में से वह सबसे योग्य उम्मीदवार थे।

# भारतीय रिक्र्व तीरंदाज पूजा क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस।** विश्व पैरा चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता पूजा जटियां ने तुर्की की यगमुर सेंगुलइको सीधे सेटों में हराकर पेरिस पैरालम्पिक महिला ओपन रिक्र्व तीरंदाजी के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 27 वर्ष की पूजा को प्री क्वार्टर फाइनल में बाय मिला था चूंकि वह रैंकिंग दौर में शीर्ष नौ में रही थी। उसने 6 . 0 से जीत दर्ज की और अब उसका सामना तोक्यो पैरालमपिक की कांस्य पदक विजेता चीन की वू चुनियान से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त चुनियान ने मंगोलिया की ओयुन एर्डेने बी को मात दी। पूजा ने लगातार तीन नौ स्कोर करके पहला सेट जीता और दूसरा सेट 26 . 22 से जीता। तीसरे सेट में सेंगुल ने दो नौ और एक आठ स्कोर किया लेकिन पूजा ने एक अंक से जीत दर्ज की। पूजा 1997 में दो साल की थी जब तेज बुखार और गलत इंजेक्शन देने से उसके बाएं पैर में पोलियो हो गया। इसके बावजूद उसने हार नही मानी और बचपन से तीरंदाजी कर रही है। उसने एशियाई पैरा चैम्पियनशिप 2023 में महिला टीम वर्ग में रजत पदक जीता। उसने 2024 में आठवें फाजा पैरा तीरंदाजी विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट में रजत पदक हासिल किया। वही पैरा तीरंदाजी यूरोपीय कप के दूसरे चरण मे महिला टीम और मिश्रित टीम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता।

## भाग्यश्री जाधव एफ34 महिला गोला फेंक में पांचवें स्थान पर

**पेरिस।** भारत की भाग्यश्री जाधव मंगलवार को यहां पैरालंपिक की महिला गोला फेंक (एफ34) स्पर्धा के फाइनल में पांचवे स्थान पर रही।पैरालंपिक मे दूसरी बार हिस्सा ले रही भाग्यश्री ने गोले को 7.28 मीटर की दूरी तक फेंका लेकिन यह पोडियम पर जगह दिलाने के लिए नाकाफी था।चीन की लिजुआन झोउ ने 9.41 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि पोलैंड की लुसीना कोर्नोबीस ने 8.33 मीटर के प्रयास से रजत पदक अपने नाम किया।महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले की रहने वाली 39 साल की भाग्यश्री 2006 मे दुर्घटना के बाद अपने पैरों का इस्तेमाल नही कर पाती। इस घटना के बाद वह अवसाद में चली गईं थी और परिवार तथा मित्रों के उत्साहवर्धन के बाद पैरा खेलों से जुड़ी। एफ34 वर्ग के खिलाड़ियों को हाइपरटोनिया (कठोर मांसपेशियां), एटैक्सिया (खराब मांसपेशी नियंत्रण) और एथेटोसिस (अंगो या धड़ की धीमी गति) सहित समन्वय संबंधी कमियों से निपटना पड़ता है।

## पेरिस पैरालम्पिक की पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 45 | 32 | 17 | 94 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 29 | 16 | 12 | 57 |
| अमेरिका | 15 | 19 | 11 | 45 |
| ब्राजील | 13 | 9 | 20 | 42 |
| फ्रांस | 11 | 10 | 13 | 34 |
| ऑस्ट्रेलिया | 9 | 9 | 12 | 30 |
| इटली | 8 | 8 | 13 | 29 |
| नीदरलैंड | 7 | 4 | 4 | 15 |
| उज्बेकिस्तान | 6 | 4 | 4 | 14 |
| भारत | 3 | 5 | 7 | 15 |

## नीरज चोपड़ा का कुछ नया कोशिश नहीं करने का सुझाव काम आया: सुमित अंतिल



**पेरिस।** प्रतिस्पर्धा के दौरान कुछ भी नया न करने के नीरज चोपड़ा के संदेश ने सुमित अंतिल के लिए अद्भुत तरीके से काम किया, जिन्होंने यहां पैरालंपिक खेलों में नए रिकॉर्ड के साथ अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया। उन्होंने पैरालम्पिक खेलों में 70. 59 मीटर का नया रिकॉर्ड भी बनाया। वह पैरालंपिक खेलो में शीर्ष पदक का बचाव करने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। महिला वर्ग में हालांकि निशानेबाज अवनि लेखरा ने इस कारनामे को किया है। हरियाणा के सोनीपत के 26 साल के इन विश्व रिकॉर्डधारी भाला फेंक खिलाड़ी ने 2015 में मोटरसाईकिल दुर्घटना में अपना एक पैर गंवा दिया था। उन्होने तीन साल पहले तोक्यो पैरालंपिक मे 68.55 मीटर के पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उनका विश्व रिकॉर्ड 73.29 मीटर का है।अंतिल ने कहा कि वह और नीरज महीने मे कम से कम एक बार एक-दूसरे से बातचीत करते है। दोनो खिलाड़ी खेल मे सुधार करने के बारे में चर्चा करते है। उन्होने कहा, मैने पेरिस खेलो से पहले नीरज भाई से व्यक्तिगत रूप से बात नही की थी। मुझे किसी (अंतिल के एथलीट मैनेजर) के माध्यम से नीरज भाई का संदेश मिला। उन्होंने कहा कि (पेरिस मे) बहुत अच्छा माहौल है और वहां अच्छा माहौल है लेकिन कुछ नया करने की कोशिश मत करना।

## जूनियर सुब्रतो कप: मिंगकेन स्कूल ने गत चैंपियन मॉडल स्कूल को हराया

नई दिल्ली। मेघालय के मिंगकेन क्रिश्चियन हायर सेकेंडरी स्कूल ने मंगलवार को यहां 63वें सुब्रतो कप जूनियर लड़कों के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मैच मे चंडीगढ़ के गत चैंपियन गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल को I-0 से हराकर उलटफेर किया।मेघालय की टीम के लिए बेनगेनसन ने विजई गोल दागा।एक अन्य मैच में नई दिल्ली के ममता मॉर्डन स्कूल ने श्रीनगर के टाइडेल बिस्को स्कूल को 4-I से हराकर टूर्नामेंट की पहली जीत दर्ज की।

## उपासना के अर्धशतक से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने सेंट्रल दिल्ली क्वीन्स को हराया

नई दिल्ली। उपासना यादव के अर्धशतक से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने मंगलवार को यहां महिला दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में सेंट्रल दिल्ली क्वीन्स को 53 रन से हरा दिया।उपासना ने 62 गेंद में 73 रन की पारी खेली। आयुषी सोनी ने भी नाबाद 38 रन की पारी खेली जिससे स्ट्राइकर्स ने चार विकेट पर 134 रन बनाए।इसके जवाब में नजमा सुल्ताना (14 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सेंट्रल दिल्ली की टीम सात विकेट पर 82 रन ही बना सकी।स्ट्राइकर्स के 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए क्वीन्स की शुरुआत खराब रही।

## प्रो कबड्डी लीग का 11वां सत्र 18 अक्टूबर से शुरू होगा

मुंबई। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 11वां सत्र 18 अक्टूबर से शुरू होगा। टूर्नामेंट आयोजकों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट का आयोजन तीन शहरों में होगा। इसका आगाज 18 अक्टूबर को हैदराबाद मे होगा। इसके बाद इसका कारवां 10 नवंबर को नोएडा और फिर तीन दिसंबर को पुणे पहुंचेगा। प्ले ऑफ मुकाबलो की तारीखों और स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी।पीकेएल के लीग आयुक्त अनुपम गोस्वामी ने कहा, हमे पीकेएल के 11वें सत्र की शुरुआत की तारीख और स्थानो की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

## सनीथ, तरुण ताइपे ओपन बैडमिंटन में हारे

ताइपे। भारत के सनीथ दयानंद और तरुण रेड्डी मंगलवार को यहां योनेक्स ताइपे ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने मे असफल रहे। मलेशिया के जिया जी टैन ने क्वालिफिकेशन के क्वार्टर फाइनल में सनीथ को 21-16, 20-22, 21-4 से हराया, जबकि मेजबान देश के शटलर एन-चेन टिंग ने क्वालिफिकेशन के अंतिम 16 दौर में तरुण को 23-21, 21-16 से शिकस्त दी। सनीथ ने इससे पहले क्वालिफिकेशन के अंतिम 16 दौर मे पुसरी नाचकोर्न को 22-20, 21-15 से हराया था। पुरुष एकल के अन्य मुकाबलो में ताइपे के काई चेंग ने आर्यमान टंडन को 21-18, 22-20 से हराया।

## सुआरेज़ ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया

मोंटेवीडियो (उरुग्वे)। उरुग्वे के अनुभवी स्ट्राइकर लुइस सुआरेज़ ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। लिवरपूल और बार्सिलोना की तरफ से खेल चुके इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने देश की तरफ से 142 मैच मे 69 गोल किए जो उरुग्वे की तरफ से रिकॉर्ड है। वह अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को पराग्वे के खिलाफ खेलेंगे। सुआरेज़ ने सोमवार को सेंटेनारियो स्टेडियम मे संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शुक्रवार को होने वाला मैच मेरा अपने देश की तरफ से आखिरी मैच होगा।

# पेरिस पैरालंपिक : दीप्ति को कांस्य पदक , अवनि पदक से चूकी

**भाषा।** पेरिस



विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता भारत की दीप्ति जीवनजी ने मंगलवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की एथलेटिक्स की महिला 400 मीटर टी20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता लेकिन स्टार निशानेबाज अवनि लेखरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस एसएच। स्पर्धा के फाइनल में पांचवें स्थान पर रहते हुए मौजूदा खेलों का दूसरा पदक जीतने से चूक गईं।इसी महीने 21 बरस की होने वाली दीप्ति ने 55.82 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वह यूक्रेन की यूलिया शुलियार (55.16 सेकेंड) और विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्की की आयसेल ओंडर (55.23 सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। टी20 श्रेणी बौद्धिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए है। भारत के कुल पदकों की संख्या अब 16 हो गई है जिसमें तीन स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य पदक शामिल हैं। भारत को अब तक ट्रैक एवं फील्ड में छह पदक मिले हैं। भारत अभी पदक तालिका में 18वें स्थान पर है। तेलंगाना के वारंगल जिले के कल्लेडा गांव के खेतिहर मजदूर की बेटी दीप्ति को स्कूल स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उनके एक शिक्षक द्वारा देखे जाने के बाद बौद्धिक रूप से कमजोर होने का पता चला। बड़े होने पर उनकी इस कमजोरी के कारण उन्हें और उनके माता-पिता को उनके गांव के लोगों के ताने सुनने पड़े। हालांकि पिछले साल एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण जीतने और इस साल मई में पैरा विश्व चैंपियनशिप में विश्व रिकॉर्ड तोड़कर एक और स्वर्ण पदक जीतने के बाद से यही गांव जश्न मना रहा है।अवनि 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस एसएच।

# पाक को दूसरे टेस्ट में हराकर बांग्लादेश ने क्लीन स्वीप किया




**रावलपिंडी।** बांग्लादेश ने दूसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट में मंगलवार को पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर 2 . 0 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। बांग्लादेश को आखिरी दिन 143 रन की जरूरत थी और उसके दस विकेट सुरक्षित थे। बांग्लादेश ने चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और विजई चौका शाकिब अल हसन ने लगाया। बांग्लादेश ने विदेशी धरती पर दूसरी बार ही द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला जीती है जिसमें दो या अधिक टेस्ट खेले गए हैं। इससे पहले उसने 2009 में वेस्टइंडीज में जीत दर्ज की थी। बांग्लादेश ने पहला टेस्ट दस विकेट से जीता था और दूसरा टेस्ट चार दिन में जीता चूंकि पहला दिन बारिश की भेंट हो गया था। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने इस ऐतिहासिक जीत के बाद कहा, यह काफी मायने रखता है.... हम वाकई में खुश है। उन्होंने कहा, इस श्रृंखला में हर खिलाड़ी ने अपना सहयोग दिया, यह पूरी तरह से टीम प्रयास था। मुझे उम्मीद है इस तरह के प्रदर्शन को आगे जारी रखेगी। इस श्रृंखला से पहले बांग्लादेश को पाकिस्तान के खिलाफ अपने पिछले 13 टेस्ट में से 12 में हार का सामना करना पड़ा था जबकि टीम 2015 में घरेलू मैदान पर एक मैच ड्रॉ कराने में सफल रही थी।

## क्विक न्यूज

### भारत ने बधिर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप के एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा में शीर्ष दो स्थान हासिल किए

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाजों ने जर्मनी के हनोवर में दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैम्पियनशिप मे अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा मे शीर्ष दो स्थान पर कब्जा जमाया। माहित संधू और धनुष श्रीकांत की जोड़ी ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि नताशा जोशी और मोहम्मद मुर्तजा वानिया की जोड़ी ने इस स्पर्धा का रजत पदक जीता। प्रांजलि धूमल और अभिनव देशवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता, जिससे भारत ने प्रतियोगिता के तीसरे दिन अपने पदकों की संख्या 12 (तीन स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य) तक पहुंचा दी। भारत ने टूर्नामेंट के पहले और दूसरे दिन क्रमशः चार और पांच पदक जीते थे। धनुष और माहित की जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में 628.8 के स्कोर के साथ बधिर निशानेबाजी का विश्व रिकॉर्ड बनाया, जबकि नताशा और मुर्तजा वानिया ने 622.1 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मैच के लिए क्वालीफाई किया।

### स्कोडा भारत में बढ़ाएगा स्पोर्ट्स थीम

मुंबई। स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में ऑल-न्यू स्लाविया मोर्टे कार्लो संस्करण लॉन्च किया है। स्पोर्ट्स थीम को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी ने कुशाक और स्लाविया में ऑल-न्यू स्पोर्टलाइन रेंज भी लॉन्च की है। स्कोडा ऑटो ने इन कारों की खरीद के लिए जबर्दस्त ऑफर की घोषणा की। इस तरह कंपनी ने भारतीय उपभोक्ताओं को आकर्षक मूल्य पर अपनी पसंदीदा कार तलाश करने के विकल्पों को बढ़ाया है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जनेबा ने इन नई पेशकश के बारे में कहा, मोंटे कार्लो बैज का ग्राहकों के साथ एक मजबूत संबंध है, जो खेल भावना और जीत के जज्बे की झलक देता है। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम आज स्लाविया मोर्टे कॉर्लो को लॉन्च कर रहे हैं। यह भारत में स्कोडा ब्रैंड को आगे बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। भारत यूरोप के बाहर हमारे लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक है।यह स्पेशल कार उन उपभोक्ताओं को बेहद पसंद आएगी, जो बेमिसाल, बारीक और स्पोर्टी स्टाइल की खूबसूरत कारों की तलाश में रहते हैं, जिससे उनका एक खास स्टाइल उभरकर आए। इस स्पेशल कार में हमने रैली मोंटे कार्लो में अपने 112 वर्ष, समृद्ध विरासत के 129 वर्षों और भारत में मौजूदगी के 24 वर्षों के अनुभवों को शामिल किया है। हमने स्लाविया स्पोर्टलाइन और कुशाक स्पोर्टलाइन जैसे दो नए ट्रिम भी पेश किए हैं,जो रेंज का लगातार विकास करने और उसे आधुनिक बनाए रखने के हमारे इरादे को दर्शाते हैं।

### रियलमी अतुलनीय स्पीड प्रदान करेगा

नई दिल्ली। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय ब्रांड, रियलमी ने बहुप्रतीक्षित रियलमी 13 सीरीज 5जी लॉन्च की। नंबर सीरीज में नए स्मार्टफोन के साथ ही रियलमी बड्स टी01 भी पेश किए गए। रियलमी 13 सीरीज 5जी अपनी अतुलनीय स्पीड के साथ स्मार्टफोन उद्योग में परफॉर्मेंस के मानकों को बदल देगी। रियलमी अपनी नंबर सीरीज नई टेगलाईन नैक्स्ट-जेन पॉवर के साथ पेश कर रहा है। इसका उद्देश्य मिड-रेंज मूल्य वर्ग में पॉवर और परफॉर्मेंस के नए मानक स्थापित करना है। रियलमी 13 सीरी? 5जी नंबर सीरीज में अब तक की सबसे शक्तिशाली पेशकश है। इस लॉन्च के बारे में अनुज सिद्धार्थ, डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300 एनर्जी एक फ्लैगशिप ग्रेड की चिपसेट है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ 4एनएम प्रक्रिया का उपयोग किया गया है। यह नैक्स्ट जनरेशन की क्षमताओं के साथ पॉवर और एफिशियंसी का बेहतरीन संतुलन प्रदान करती है। रियलमी 13 सीरीज 5जी की प्रि-बुकिंग 29 अगस्त से 5 सितंबर तक रियलमी.कॉम, फ्लिपकार्ट और मेनलाईन चैनल्स पर की जा सकती है, जिसके साथ 3000 रुपये तक के ऑफर मिलेंगे। रियलमी बड्स टी01 में 13मिमी की डायनामिक बेस ड्राईव है और यह 28 घंटे के टोटल प्लेबैक टाईम के साथ आते हैं। ये दो स्टाईलिश रंगों ब्लैक एंड व्हाईट में उपलब्ध हैं। रियलमी बड्स टी01 में 1299 रुपये में शानदार फीचर्स प्राप्त होते हैं।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल अगले साल 11-15 जून तक लॉर्ड्स में खेला जाएगा: आईसीसी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के तीसरे चक्र का फाइनल अगले साल 11 से 15 जून के बीच प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में खेला जाएगा। आईसीसी ने इस मैच के लिए 16 जून को रिजर्व दिवस रखा है। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने एक बयान में कहा, आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल क्रिकेट कैलेंडर मे सबसे अहम मुकाबले मे से एक बन गया है और हमें 2025 सत्र की तारीखों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। लॉर्ड्स पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा। इससे पहले साउथेम्प्टन (2021) और ओवल (2023) पिछले दो खिताबी मुकाबलो की मेजबानी की थी।भारत उन दोनों फाइनल मैचो का हिस्सा था। टीम को 2021 में न्यूजीलैंड जबकि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से आगे तालिका में शीर्ष स्थान पर है। डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ मे अपनी स्थिति मजबूत करने के इरादे से भारत इस साल के अंत मे पांच मैचो की श्रृंखला मे ऑस्ट्रेलियाई टीम से भिड़ेगा। न्यूजीलैंड (तीसरे), इंग्लैंड (चौथे), दक्षिण अफ्रीका (पांचवे) और बांग्लादेश (छठे) और श्रीलंका (सातवें) स्थान के साथ फाइनल में पहुंचने की दौड़ में है। पाकिस्तान को हालांकि बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला मे 0-2 से शिकस्त झेलने के बाद बड़ी निराशा का सामना करना पड़ा है। इस तालिका मे पाकिस्तान आठवे और वेस्टइंडीज सबसे नीच नौवे पायदान पर है।

### इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम की भी जिम्मेदारी संभालेंगे टेस्ट कोच मैकुलम

**लंदन।** इंग्लैंड ने मंगलवार को घोषणा की कि 2022 से टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम अगले साल की शुरुआत से एकदिवसीय और टी20 टीमो की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। यह नेतृत्व ढांचे में बदलाव का हिस्सा है। व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के कारण एक व्यक्ति के लिए दोनों भूमिकाएं निभाना मुश्किल कर दिया था क्योंकि छोटे और लंबे प्रारूप के मैच कभी-कभी एक ही समय पर भी होते है।मैकुलम और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का मानना है कि कैलेंडर मे बदलाव के कारण अब यह संभव है। मैकुलम के अनुबंध को 2027 तक बढ़ा दिया गया है।मैकुलम ने कहा, एक एकीकृत कोचिंग संरचना का विचार, विशेष रूप से अगले साल कार्यक्रम मे ढील के साथ, बिल्कुल सही है। उन्होने कहा, मै दोनो टीमो का मार्गदर्शन करने की संभावना से उत्साहित हूं और इन अतिरिक्त जिम्मेदारियों को संभालने के लिए ईसीबी और अपने परिवार से मिले समर्थन के लिए आभारी हूं। मैथ्यू मोट ने 30 जुलाई को इंग्लैंड के सीमित ओवरो के कोच के पद से इस्तीफा दे दिया। उनके मार्गदर्शन मे टीम एकदिवसीय और टी20 विश्व खिताबो का बचाव करने मे नाकाम रही थी।

## बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी अमेरिकी ओपन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में

**न्यूयॉर्क।** भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और इंडोनेशिया की उनकी जोड़ीदार अल्डिला सुत्जियादी ने यहां ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन और चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजसिकोवा को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और सुत्जियादी की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार रात एक घंटे और 33 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एबडेन और क्रेजसिकोवा चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी पर 7-6(4) 2-6 10-7 से जीत दर्ज की।

# स्वियातेक व सिनर अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल

**भाषा।** न्यूयॉर्क



**दुनिया के** नंबर एक खिलाड़ियों यानिक सिनर और इगा स्वियातेक ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने अमेरिका के 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 7-6(3) 7-6(5) 6-। से हराया। उन्होंने धीमी शुरुआत की और पहले दोनों सेट टाई ब्रेकर में जीते लेकिन तीसरे सेट में उन्होंने पॉल को कोई मौका नहीं दिया। सिनर क्वार्टर फाइनल में रूस के पांचवीं वरीयता प्राप्त और यहां 2021 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव से भिड़ेंगे जिन्होंने नूनो बोर्गेस को 6-0, 6-।, 6-3 से आसानी से हराया।पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियातेक ने सोमवार की रात को खेले गए मैच में 16वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-4, 6-। से पराजित किया। यह दोनों खिलाड़ी पहले सेट में एक समय 4-4 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद स्वियातेक में लगातार सात गेम जीत कर अपनी जीत सुनिश्चित की।स्वियातेक का अगला मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने डायना श्नाइडर पर 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह सातवीं बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं।महिला वर्ग में करोलिना मुचोवा भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने इस सत्र में फ्रेंच ओपन और विंबलडन में उपविजेता रही जैस्मीन पाओलिनी को 6-3 6-3 से हराया। मुचोवा का अगला मुकाबला बीट्रज़ि हद्दाद माइया से होगा जिन्होंने 2018 की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कैरोलिन वोज्नियाकी को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया। वह 1968 में मारिया ब्यूनो के बाद अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली ब्राजील की पहली महिला खिलाड़ी हैं। पुरुष वर्ग के मैचों में ब्रिटेन के 25वीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने गैरवरीयता प्राप्त टॉमस मचाक पर 6-3 6-।6-2 से जीत दर्ज करके पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।उनका अगला मुकाबला 10वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर से होगा जिन्होंने जॉर्डन थॉम्पसन को 6-0 3-6 6-3 7-5 से हराया।

# पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स विजेता पुरस्कृत




**लखनऊ।** प्रशान्त कुमार पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा 35वीं वाहिनी महानगर लखनऊ स्थित शहीद चन्द्रशेखर आजाद क्रीडा संकुल में चल रही 72वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता-2024 के समापन समारोह में विजेताओं को चल वैजयन्ती प्रदान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक रहें। अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी उप्र द्वारा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उक्त प्रतियोगिता में एथलेटिक्स पुरुष वर्ग में मेरठ जोन द्वारा सर्वाधिक अंक प्राप्त कर चल वैजयन्ती जीतने का गौरव प्राप्त किया एवं महिला वर्ग में मेरठ जोन की महिला खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चल बैजयन्ती जीतने का गौरव प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण 27 नये कीर्तिमान का स्थापित होना रहा जिसमें महिला वर्ग द्वारा 17 एवं पुरूष वर्ग द्वारा 10 कीर्तिमान स्थापित किये गये।मेरठ जोन के सचिन यादव पुरुष वर्ग के सर्वोत्तम खिलाड़ी एवं महिला वर्ग में मेरठ जोन की प्रियंका शिकरवार ने सर्वोत्तम खिलाड़ी होने का गौरव प्राप्त किया।

## तौहीद बने भारतीय यूथ पुरुष हैंडबॉल टीम के मुख्य कोच

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मो.तौहीद को अम्मान जार्डन में 3 से 14 सितंबर 2024 तक आयोजित 10वीं एशियन पुरुष यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय हैंडबॉल टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। मो.तौहीद वर्तमान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में हैंडबॉल प्रशिक्षक के तौर पर तैनात है। इस चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय टीम सोमवार तड़के नई दिल्ली से रवाना होकर जार्डन पहुंच गई। भारतीय टीम को रवानगी से पूर्व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डाण्आनन्देश्वर पाण्डेयए अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला व सचिव डाण्तेजराज सिंह ने बधाई देते हुए चैंपियनशिप में भारतीय टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की।

# विद्यालयीय कबड्डी के पुरस्कार बांटे गए

लखनऊ। क्रिश्चियन इ. कॉलेज के द्वारा आयोजित जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता 2024-बालक वर्ग द्धका समापन व पुरुस्कार वितरण मुख्य अतिथि श्रीमति मनीषा द्विवेदी, निरीक्षक आंग्ल भारतीय भाषा विद्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महोदया ने सफल आयोजन के लिए कॉलेज के प्रधानाचार्य नवीन प्रकाश मसीह व शारीरिक शिक्षा शिक्षक पुनीत रैडक्लिफ की प्रशंसा कर बधाई देकर, विजेता टीम को मंडलीय प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। अंडर 14 वर्षीय बालक वर्ग की विजेता बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज काकोरी लखनऊ रही और उपविजेता राजकुमार इंटर कॉलेज लखनऊ रहीं।



अंडर 17 वर्ष बालक वर्ग की विजेता बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज काकोरी रही और उपविजेता रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज की कबड्डी टीम रही। अंडर 19 वर्ष बालक वर्ग की विजेता टीम रही लाला रामस्वरूप शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज बंथराए लखनऊ तथा तथा उपविजेता नवजीवन इंटर कॉलेज की कबड्डी टीम रही। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन प्रकाश मसीह जी ने मुख्य अतिथि व जिले के शारीरीक शिक्षा शिक्षकों ए आयोजन समिति के सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर श्रीमति प्रज्ञा चंद्रा,श्रीमति सुशीला सिंह, श्रीमति सुशीला गौतम, प्रवीण शर्मा,आलोक भारद्वाज, पुनीत रेडक्लिफ अंकुर पांडे, हिमांशु शुक्ला , सूरज त्रिपाठी विवेक जोएल जॉन, अशोक द्विवेदी, संजय कुमार,डॉ संजीव लेवर्न, श्री आशीष पंत, पंकज सिंह चंदेल,डॉ आएजेक विलियम सिंह व अन्य उपास्थित रहें।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोनः 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।